खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➤ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 16 नवम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –07 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.




3 राज्य, 8 संस्करण (जबलपुर संस्करण - 18 जिले) जबलपुर | भोपाल | सागर | सतना | होशंगाबाद | रायपुर | बिलासपुर | नई दिल्ली
डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022
www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## पीडीएफ के हमले में भागकर मिजोरम पहुंचे म्यांमार के दो और सैनिक

**आइजोल।** एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को कहा कि मिलिशिया समूह पीपुल्स डिफेंस फोर्स द्वारा पड़ोसी देश के चिन राज्य में उनके शिविर पर कब्जा करने के बाद म्यांमार के दो और सैनिक मिजोरम चले गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इनके साथ कुल 45 म्यांमार सैनिक मिजोरम भाग गए हैं। पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर एक न्यूज एजेंसी को बताया, केंद्र के निर्देश के अनुसार जवानों को असम राइफल्स को सौंप दिया गया और उन सभी को भारतीय रक्षा अधिकारियों ने हवाई मार्ग से सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले 39 म्यांमारी सैनिक मिजोरम में दाखिल हुए थे।

# सुरंग के अन्दर सुरंग बनाकर निकाले जाएंगे मजदूर

## अब ट्रेंचलेस तकनीक का होगा इस्तेमाल, एयरफोर्स का विमान लेकर पहुंचा नई मशीन

### चार दिन से 40 लोगों की जान अटकी



**उत्तर काशी।** यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा-डंडालगांव पर सुरंग के भीतर फंसे मजदूरों को अभी तक नहीं निकाला जा सका है। इन मजदूरों को बाहर निकालने के लिए अलग-अलग तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। बचावकर्मी मलबे में 'माइल्ड स्टील' पाइप डालने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन फिर से भूस्खलन होने से यह इसमें काफी दिक्कत आ रही है। अब दिल्ली से ड्रिलिंग मशीन भेजी गई है और बचाव में लगे अधिकारियों का कहना है कि मजदूरों को जल्द बाहर निकाल लिया जाएगा।

अभी तक मजदूरों को निकालने के लिए कई तरह के प्रयास किए गए हैं। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान सबसे ज्यादा दिक्कत खिसक रहे मलबे ने दी है। इस मलबे के ढेर को तोड़ने के प्रयास सफल नहीं हुए हैं क्योंकि ढीली, लगभग भुरभुरी चट्टान लगातार गिर रही है। सोमवार रात तक कई भारी मशीनों ने लगभग 21 मीटर ढीला मलबा हटा दिया था लेकिन मलबे के रहते प्रोसेस 14 मीटर तक ही पूरा हो पाया है। बुधवार को बचावकर्मी एक नया तरीका अपनाने की ओर ध्यान दे रहे हैं, जिसमें फंसे हुए मजदूरों के लिए हल्के स्टील पाइपों का 900 मिमी (3 फुट) चौड़ा स्थिर मार्ग बनाने के लिए बरमा मशीन का उपयोग किया जाएगा। उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन सचिव रंजीत सिन्हा ने कहा कि यह पहली बार होगा कि भारत में बचाव अभियान के तहत सुरंग के अंदर सुरंग बनाई जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि 90 प्रतिशत से ज्यादा संभावना है कि योजना काम करेगी।

### नार्वे और थाईलैंड के विशेषज्ञों की ली जा रही मदद

यहां अब ट्रेंचलेस तकनीक का उपयोग होगा। यह सुरंग के रुके पड़े रास्ते को खोलने के लिए उपयोग में ली जाएगी। गैस और तेल पाइपलाइन बिछाने के लिए ट्रेंचलेस तकनीक का उपयोग किया जाता रहा है। ट्रेंचलेस तकनीक की मदद से 900एमएम चौड़े माइल्ड स्टील के पाइप का उपयोग कर एक रास्ता खोजा जा रहा है। ट्रेंचलेस तकनीक के जरिए राजमार्ग के नीचे सुरंग के माध्यम से पाइप स्थापित करना होता है और यहां भी ऐसा ही किया जाएगा। यह खुदाई के अन्य तरीकों की तुलना में जल्दी और बेहतर ढंग से काम करने वाली तकनीक भी है। यह तकनीक सुरंग ढहने के बचाव कार्यों में भी मूल्यवान हो सकती है, ताकि सुरंग ढहने या अधिक नुकसान पहुंचाए बिना भूमिगत फंसे व्यक्तियों तक पहुंच सके और उन्हें बचाया जा सके।

वहीं कई मजदूरों को बचाने के लिए थाईलैंड और नार्वे के सुरंग विशेषज्ञों की मदद भी ली जा रही है।

## टनल में फंसे श्रमिकों के साथियों का प्रदर्शन

### बचाव अभियान को बताया नाकाफी

टनल के अंदर मलबे में फंसे 40 मजदूरों के साथियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि सुरंग के मलबे में फंसे उनके साथियों को जल्द निकाला जाए। मजदूरों का कहना है कि उनके साथियों की जान खतरे में है। ऐसे में जितनी जल्दी रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा करके उनके साथियों को टनल से बाहर निकाल लिया जाए, उतना ही अच्छा होगा। मजदूरों के विरोध प्रदर्शन ने प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। प्रशासन के लोग टनल पर विरोध प्रदर्शन कर रहे मजदूरों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल प्रदर्शनकारी मजदूर मानने को तैयार नहीं है।

मौके पर लगभग 60 से 65 मजदूर हंगामा कर रहे हैं। उनका आरोप है कि अब तक बचाने के लिए जो काम हो रहे हैं, वह नाकाफी हैं। लगातार देरी होती जा रही है। मजदूर इस बात की मांग भी कर रहे हैं कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद ग्राउंड के हालात को देखकर निर्णय करें कि आखिरकार टनल से जुड़े अधिकारी इस मामले में क्या कुछ कर रहे हैं।

## प्रियंका ने सिंधिया पर साधा निशाना

# सिंधिया ने चुनी हुई सरकार को गिराकर जनता को धोखा दिया, पीठ में छुरा घोंपा



**दतिया, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को दतिया की चुनावी कहा, ज्योतिरादित्य सिंधिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा सिंधिया ने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। इन्होंने ग्वालियर - चंबल के लोगों से विश्वासघात किया। आपकी चुनी हुई सरकार को गिराकर आपको धोखा दिया है। आपकी पीठ में छुरा घोंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनियाभर के कायरों और गद्दारों को इकट्ठा कर अपनी पार्टी में ले लिया।

हमारे सिंधिया जी कद में थोड़े छोटे पड़ गए, लेकिन अहंकार में वाह भई वाह...। हम उत्तर प्रदेश में काम कर रहे थे। कार्यकर्ताओं को उन्हें महाराज-महाराज कहना पड़ता था। सिंधिया ने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। आपकी चुनी हुई सरकार गिरा दी। प्रियंका ने कहा कि वोट धर्म के नहीं, काम के आधार पर दो। नहीं तो नेता अहंकारी हो जाता है। कल अगर मैंने विकास नहीं कराया, मैं वादे भूल गई तो मुझे भी सबक सिखाना। सबक सिखाना आपका दायित्व है।' उन्होंने खाद समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा, मध्यप्रदेश में किसानों को यूरिया देने से चुनाव आयोग ने मना कर दिया है, क्योंकि मोदी जी ने उसमें अपना फोटो चिपका दिया।

### बोलीं- मोदी ने दुनियाभर के कायरों व गद्दारों को इकट्ठा कर अपनी पार्टी में लिया

### प्रधानमंत्री अपनी पीड़ा में ही परेशान

प्रियंका ने प्रधानमंत्री को भी घेरते हुए कहा क मोदी जी का पूछिए ही मत। उनका क्या कहना। देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो परमानेंट अपनी ही पीड़ा में परेशान रहते हैं। कहते हैं कि मुझे इतनी गालियां दीं। रोते रहते हैं। जैसे 'तेरे नाम' में सलमान खान रोए। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज को मंझा हुआ अभिनेता बताया। विश्व प्रसिद्ध महान अभिनेता शिवराज सिंह चौहान उर्फ मामा जी एक्टिंग में अमिताभ बच्चन के भी कान काट लें। लेकिन, काम की बात होती है, तो असरानी का रोल पकड़ लेते हैं।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### आम सूचना इश्तिहार



अज्ञात व्यक्ति एमपीवी विभाग कुंडम के हनुमान मंदिर के पास में एक लावारिस लास मिला बताया जा रहा है कि कई वर्ष से कुंडम में मांगता खाता पीता घूमता था और मानसिक दिमाग से कमजोर था और मंदिर में रहता था जिसके चलते बीमारी लकवा प्रेरित था लकवा लगने से दिनांक 10 11 2023 को उसकी मृत्यु हो गई उक्त जानकारी मिलने पर उक्त अज्ञात व्यक्ति के वारसान के संबंध में आसपास के ग्रामों पर जानकारी प्राप्त करने पर जानकारी न मिलने के कारण मृतक का शव का दफन-कफन संस्कार किया गया कुंडम पुलिस के द्वारा मानविता रूप से किया गया जिसका हुलिया अज्ञात व्यक्ति की उम्र करीब 50 वर्ष कद 4.30 फीट सफेद दाढ़ी सर पर बाल काले और तन पर कपड़ा काला जर्किंग कमर पर सफेद रंग का धागा पहने हुए पुलिस को मिला उक्त अज्ञात व्यक्ति के संबंध में जिस किसी परिजनों के संबंध में जानकारी मिलती है तो जिला जबलपुर के थाना कुंडम से संपर्क इन नंबर पर करें 7587 63 2962 9479 9940 47 9009248 096।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं प्रेम बहादुर सारू आत्मज श्री तोप बहादुर सारू निवासी डी.एस.सी. 158, प्लाटून व्हीकल फैक्टरी जबलपुर का निवासी हूँ। मेरे आर्मी के सर्विस रिकार्ड में सर्विस रिकार्ड नंबर 5348963, एक्स सिपाही के पद पर कार्यरत था मेरे आर्मी के सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम भागवाना सारु (BHAGWANA SARU) दर्ज है जबकि मेरी पुत्री के अन्य समस्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेनकार्ड में मेरी पुत्री का नाम भावना सारु (BHAWANA SARU) दर्ज है इस कारण से मैं अपनी पुत्री का नाम अपने सर्विस रिकार्ड में भावना सारू दर्ज कराना चाहता हूँ। अत: मेरी पुत्री का आज से नाम भगवाना सारू के स्थान पर भावना सारू लिखा पढ़ा जाना पहचाना जावें।

**आवेदक के हस्ताक्षर**
**प्रेम बहादुर सारू**
**निवासी डी.एस.सी. 158,**
**प्लाटून व्हीकल फैक्टरी जबलपुर**


# चक्रवाती तूफान लाएगा आफत! मौसम विभाग का अलर्ट



### तीन दिनों तक कई राज्यों में भारी बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर के अधिकांश जगहों पर सर्दियों ने दस्तक दे दी है। आधा नवंबर बीत गया है लेकिन अभी भी कई राज्यों में बारिश का दौर थमा नहीं है। मौसम विभाग ने ताजा भविष्यवाणी करते हुए कई राज्यों में भारी से भारी बारिश का अनुमान जताया है। एक नहीं दो-दो चक्रवाती तूफानों के देश के उत्तरी और पूर्वोत्तर हिस्सों में बढ़ने से कई राज्यों में भारी बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कई जिलों में अलर्ट जारी किया है। वहीं, पश्चिमी विक्षोभ की वजह से जम्मू कश्मीर के उत्तरी इलाकों में बर्फबारी और बारिश की संभावना है।

नई दिल्ली में मौसम पर लगातार नजर बनाकर रख रहे आईएमडी वैज्ञानिक सोमान सेन का कहना है कि देश के कई हिस्सों में दो चक्रवाती तूफान तेजी से बढ़ रहे हैं। इनमें से एक पश्चिम बंगाल और ओडिशा के तटीय इलाकों की तरफ बढ़ रहा है। इस दौरान हवा की रफ्तार 65 किलोमीटर प्रतिघंटा रह सकती है। वहीं, दूसरा चक्रवाती तूफान पश्चिमी विक्षोभ है, जो उत्तर को प्रभावित कर सकता है। मौसम वैज्ञानिकों ने चक्रवाती तूफान की वजह से कई राज्यों में 17 नवंबर तक भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। खासकर पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कई जिलों में अलर्ट जारी किया गया है।

सोमा सेन ने कहा कि पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। इससे तटीय इलाकों मं तेज हवाएं चलेंगी। हवाओं की यह तेजी चक्रवात का रूप ले सकती है। पूर्वोत्तर से इन हवाओं के उत्तर की ओर जाने की भी संभावना है। उन्होंने कहा कि तूफान के चलते पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में 15, 16 और 17 नवंबर को बारिश हो सकती है। खासकर, पश्चिम बंगाल के दक्षिणी जिलों और ओडिशा के उत्तरी जिलों में बहुत भारी बारिश की संभावना है। यहां अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ भी आ रहा है जो जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी और हल्की बारिश ला सकती है।

# भारत-ब्रिटेन के बीच अगले दौर की वार्ता जल्द

### कई मुद्दों पर मतभेद दूर करने की होगी कोशिश

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए मुख्य वार्ताकारों के बीच जल्द ही अगले दौर की बातचीत होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि बातचीत के दौरान वाहन, चिकित्सा उपकरण और पेशेवरों की आवाजाही जैसे मुद्दों पर मतभेद दूर करने की कोशिश की जाएगी।

**14वें दौर की वार्ता के लिए ब्रिटेन से आएगी टीम**-उन्होंने कहा कि 14वें दौर की वार्ता के लिए ब्रिटेन की टीम यहां आ सकती है। अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बातचीत प्रगति पर है। हालांकि हम वार्ता के पूर्ण दौर की योजना बना रहे हैं। इस दौरान दोनों पक्ष सभी अध्यायों पर चर्चा करेंगे। लगभग 60-70 सत्र समानांतर रूप से होंगे।

**कई मुद्दों पर मतभेद दूर करने की कोशिश**-उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों के समाधान की आवश्यकता है, उनमें बौद्धिक संपदा अधिकार (आइपीआर), सामाजिक सुरक्षा समझौता, इलेक्ट्रिक वाहन, स्काच व्हिस्की, मेमने का मांस, चाकलेट और कुछ मिठाइयों पर शुल्क रियायतें, बैंकिंग और बीमा जैसे सेवा क्षेत्रों में उदारीकरण शामिल हैं। प्रस्तावित द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआइटी) पर भी बातचीत आगे बढ़ रही है।


अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
(प्रारूप C-1 )

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: आनंद सिंह
राजनीतिक दल का नाम : आम आदमी पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : म.प्र. राज् परिषद्
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : बरगी विधानसभा

मैं आनंद सिंह (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ :

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम सिविल जज क्लास-II | RCT 260/2018 | विचाराधीन | 94, 323, 327, 427, 190, 506, 34 भा.द.वि. पाटन में अवैध वसूली करने वाले लोगों को समझाने पर हुए विवाद के कारण। |
| 2 | तृतीय सिविल जज क्लास-I | RCT 516/2020 | विचाराधीन | धारा 294, 323, 324, 506, 34, 379, 414 भा.द.वि. अवैध खनिज उत्खनन के आरोप के चलते झगड़ा। |
| 3 | तृतीय सिविल जज क्लास-I | RCT 1477/2021 | विचाराधीन | धारा 341, 323, 34 भा.द.वि. गलत तरीके से रोकने के आरोप के चलते। |
| 4 | 22 वां ए.डी.जे. जबलपुर | ST 259/2018 | विचाराधीन | धारा 449, 302, 34 भा.द.वि. एवं 25 व 27 आर्म्स एक्ट मृत्यु कारित घटना का आरोप। |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण - नहीं

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक |


# 10 साल के बच्चे को उठा ले गए बंदर, पेट फाड़कर आंत निकाल दी बाहर, तड़प-तड़प कर हुई मौत

**गांधीनगर।** गुजरात से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां गांधीनगर के साल्की गांव में खेलते हुए 10 साल के बच्चे को बंदरों का समूह उठा ले गया। बंदरों ने उस पर हमला किया। इतना ही नहीं बंदरों ने उसका पेट फाड़कर उसकी आतें बाहर निकाल दी। गांव के लोग पीड़ित बच्चे को फौरन अस्पताल लेकर पहुंचे मगर इससे पहले कि डॉक्टर उसका इलाज कर पाते उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। इस घटना से गांव के लोगों में आक्रोश है।

रिपोर्ट के अनुसार, बंदरों का यह समूह पहले भी गांव के लोगों पर हमला कर चुका है। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। मामले में पुलिस और वन अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित दीपक अपने दोस्तों के साथ गांव में खेल रहा था। तभी बंदरों के समूह ने उस पर हमला कर दिया।

बंदरों ने 10 साल के बच्चे को बेरहमी से मार दिया। उसका पेट फाड़ दिया और उसकी आंतें बाहर निकाल दीं। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार को गुजरात के गांधीनगर के साल्की गांव में हुई। वन अधिकारियों ने कहा कि बंदरों का हमला देहगाम तालुका में एक मंदिर के पास हुआ।

पीड़ित की पहचान दीपक ठाकोर के रूप में हुई है। हमले के बाद बच्चे को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इससे पहले कि डॉक्टर उसका इलाज कर पाते उसकी मौत हो चुकी थी। अधिकारियों के अनुसार, एक सप्ताह के भीतर बंदरों का यह तीसरा हमला है। घटना के बाद वन अधिकारी विशाल चौधरी ने कहा कि विभाग गांव में बंदरों को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, हमने पिछले एक सप्ताह में दो बंदरों को पकड़ा है।

एक और को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। गांव में बंदरों का एक बड़ा समूह है। जिसमें चार बड़े बंदर हैं। वे पिछले एक सप्ताह से गांव में हमला कर रहे हैं। पिंजरा लगाकर उन्हें पकड़ने की कोशिश जारी है।

**मध्य प्रदेश में पकड़ा गया था 21 हजार का इनामी बंदर**-इस साल की शुरुआत में मध्य प्रदेश के राजगढ़ में लोगों पर हमला करने वाले एक बंदर को पकड़ा गया था। जिसके ऊपर 21,000 रुपये का इनाम था। इसने दो सप्ताह के अंदर करीब 20 लोगों पर हमला किया था।


अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
(प्रारूप C-1 )

### आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: हरकेश कुमार चौधरी
ग्राम कांटी पोस्ट कांटी तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी
राजनीतिक दल का नाम : बहुजन मुक्ति पार्टी
निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 92 विजयराघवगढ़

मैं हरकेश कुमार चौधरी (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल जज सीनियर डिवीजन विजयराघवगढ़ जिला कटनी | RCT/ 321/2023 | लंबित है | 294, 323, 324, 427, 506, 325, 34 IPC मारपीट, गालीगलौज, झगड़ा, जान से मारने की धमकी |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक | निरंक |


# इजरायल के खिलाफ सुरक्षा परिषद में गिरे 4 प्रस्ताव, अब 5वां लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** इजरायल के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अब तक 4 प्रस्ताव गिर चुके हैं। दरअसल आतंकी संगठन हमास के खिलाफ जारी युद्ध के बीच गाजा में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं। इसको लेकर दुनियाभर में इजरायल की आलोचना हो रही है। अब चार असफल प्रयासों के बाद, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल-हमास युद्ध पर एक और प्रस्ताव लाने के लिए पांचवीं बार प्रयास कर रही है। हालांकि यह देखा जाना बाकी है कि शब्दों पर आम सहमति बनाने के लिए गंभीर मतभेदों को दूर किया जा सकता है या नहीं।

प्रस्ताव को लेकर जो मसौदा तैयार किया गया है उसमें नागरिकों को अत्यंत आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पूरे गाजा पट्टी में तत्काल विस्तारित मानवीय ठहराव की मांग की जाएगी। इसमें यह भी मांग की जाएगी कि सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करें। इसमें कहा गया है कि इन कानूनों के मुताबिक, नागरिकों की सुरक्षा, बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा और बंधक बनाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

यह प्रस्ताव परिषद सदस्य माल्टा द्वारा प्रस्तावित है। हालांकि इसके मसौदे में युद्धविराम का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। इसमें 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले का भी उल्लेख नहीं है। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य को बंधक बना लिया गया। इसके अलावा, इसमें हमास शासित गाजा में इजरायल के जवाबी हवाई हमलों और जमीनी हमले का भी उल्लेख नहीं है। इजरायली हमलों के बारे में गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि 11,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से दो-तिहाई महिलाएं और बच्चे हैं। 15 सदस्यीय परिषद पर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी है। लेकिन यह परिषद युद्ध शुरू होने के बाद से एकजुट नहीं है।

खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 16 नवम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –07 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ कैसे बरकरार रहे ...
■ प्रधानमंत्री का (अ)... 04
■ गाजा में हजारों मरते रहे और सऊदी में...
■ यूके में प्रवासी श्रमिकों का हो रहा शोषण... 09
■ अब 5 साल तक के लिए लाइसेंस ले सकेंगे...
■ 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी... 11
■ आईसीसी ने पिच विवाद को..
■ श्रेयस अय्यर व केएल राहुल.. 10

ICC CRICKET WORLD CUP
INDIA 2023

दूसरा सेमीफाइनल आज
साउथ अफ्रीका विरुद्ध ऑस्ट्रेलिया
समय - 2.00 दोपहर

सार संक्षेप

## इटावा में चलती ट्रेन में आग लगी

### यात्रियों ने कूदकर बचाई अपनी जान

**इटावा, (एजेंसियां)।** इटावा में बुधवार को नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस (02570) में आग लग गई। ट्रेन का एस-1 कोच पूरी तरह जल गया। चलती ट्रेन में धुआं उठता देख यात्रियों में भगदड़ मच गई। उन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में 8 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे हुआ। छठ पर्व के कारण बोगी में क्षमता से दोगुने यात्री सवार थे। कानपुर-दिल्ली रेल मार्ग पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन बंद कर दी गई है। 16 ट्रेनें जहां थीं, वहीं रोक दी गई हैं। इस ट्रेन से बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा के लिए बिहार जा रहे थे। ट्रेन के S-1 कोच में धुआं उठता देख यात्रियों में अफरातफरी मच गई।

## साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुरी राज्य फिल्म पुरस्कार

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र खुमन प्रकाश सिंह को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ जीवनी , कला और संस्कृति फिल्म श्रेणी के अंतर्गत 15 वें मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया है। साहित्य अकादमी ने बुधवार को यहां बताया कि यह वृत्तचित्र लेखक खुमन प्रकाश सिंह पर केंद्रित है। यह वृत्तचित्र साहित्य अकादमी की भारतीय साहित्य अभिलेखागार परियोजना के अंतर्गत निर्मित 164 वां वृत्तचित्र है।

**सूचना**
सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर
epaper.deshbandhump.com
वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी कोबाट**

**चूहा-सुनती हो-** उमा भारती कह रही हैं कि- 2024 का लोकसभा चुनाव हर हाल में लड़ कर रहूंगी।
**चुहिया- हां प्रिये-** राजनीति में बने रहने के लिए तरह-तरह के जतन करने पड़ते हैं.. जानकार इसे टिकट का दावा बता रहे हैं।



# विराट कीर्तिमान

## कोहली ने लगाया शतकों का अर्धशतक

## सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** इंडियन क्रिकेट टीम के स्टार विराट कोहली ने इतिहास रच दिया है। उन्होनें अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में शतकों का अर्धशतक लगा दिया है। वो वनडे फॉर्मेट में 50 शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। सचिन के नाम वनडे क्रिकेट में 49 शतक दर्ज थे। अब विराट कोहली ने अपने नाम 50 शतक कर लिए हैं। विराट ने आईसीसी विश्व कप 2023 के पहले सेमीफाइनल मैच ये मुकाम हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने बधाई दी है।

बने दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज

# सेमीफाइनल में भी भारत अजेय

## न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया





**मुंबई।** वर्ल्ड कप में अब तक अजेय रहे भारत ने अपने दसवें मैच सेमीफाइनल में भी जीत सिलसिला बरकरार रखा। भारतीय बल्लेबाजों ने जहां रनों का पहाड़ खड़ा किया, वहीं गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड टीम को 398 के लक्ष्य तक पहुंचने से रोक दिया।

न्यूजीलैंड की ओर से डैरेल मिचेल ने शतकीय पारी खेलते हुए कड़ा संघर्ष किया लेकिन भारतीय गेंदबाज एक के बाद एक न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को पैवेलियन पहुंचाते रहे। अंत में 70 रनों से न्यूजीलैंड को हार का मुंह देखना पड़ा। तूफानी गेंदबाज शमी ने फिर बड़ा कमाल कर दिखाया और 7 विकेट झटककर नया इतिहास रच दिया। इसके अलावा बूमराह, कुलदीप और सिराज ने एक-एक विकेट झटके। न्यूजीलैंड 327 रन बना सकी।

### शमी ने 7 विकेट झटके

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में बड़ा सड़क हादसा

# खाई में गिरी बस, 38 की मौत

### 250 मीटर नीचे गिरते ही बस में मची चीख-पुकार, कई घायल



### मृतकों के परिवारजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की सहायता

**जम्मू कश्मीर।** जम्मू कश्मीर में दर्दनाक बस हादसा हुआ है। डोडा जिले में एक बस 250 मीटर नीचे जा गिरी। इस हादसे में 38 लोगों की मौत हो गई है। बस जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ से जम्मू जा रही थी। इस दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और बस ढाई सौ मीटर नीचे सड़क पर जा गिरी।

**कई घायलों की स्थिति गंभीर**–कुछ लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी जीएमसी अस्पताल ले जाया गया है। मरने वालों का आंकड़ा और बढ़ भी सकता है। कुछ मरीजों को जीएमसी जम्मू के लिए भी रेफर कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने बताया है की प्रथम दृष्टया मामला ओवरटेकिंग का लगता है।

पुलिस ने बताया कि रास्ते पर तीन बसें एक साथ चल रही थी और तीनों एक दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रही थी।

### मोदी, सोनिया, शाह, खड़गे, राहुल व अन्य नेताओं ने जताया गहरा दुख

इसी दौरान यह बड़ा हादसा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, अमित शाह, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, जेपी नड्डा, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व अन्य नेताओं ने दुख जताया है। वहीं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा–डोडा के जिला आयुक्त हरविंदर सिंह से बात की है। घायलों को आवश्यकता के अनुसार हरसंभव सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, बस दुर्घटना दुखद है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये दिए जाएंगे। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

### मोदी ने मतदाताओं से कहा

## विकसित भारत के लिए भाजपा को चुनें



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के मतदाताओं से विकसित मध्य प्रदेश और विकसित भारत के लिए भाजपा को चुनने और कमल के चुनाव चिन्ह पर वोट करने का अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव के लिए इस बार का प्रचार अभियान बल्कि जनता-जनार्दन से आशीर्वाद लेने का अभियान बहुत ही खास रहा। मैं राज्य के कोने-कोने में गया, अनेक लोगों से मिला, संवाद किया। लोगों में भाजपा के प्रति जो स्नेह है, भाजपा पर जो आस्था है, वो हमारी बहुत बड़ी पूंजी है। राज्य की महिला शक्ति और युवाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, मध्य प्रदेश की नारीशक्ति, इस चुनाव में आगे बढ़कर भाजपा का झंडा बुलंद कर रही है।

### राहुल बोले–

## कांग्रेस की प्रथमिकता किसान, मजदूर



**बेमेतरा/बलौदा बाजार( छत्तीसगढ़ )।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि- कांग्रेस की सरकारें गांव ,गरीब,किसान और मजदूर को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है जबकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की सरकारे अडानी जैसे उद्योगपतियों को आगे बढ़ाने में पूरी ताकत लगाए हुए है। श्री गांधी ने 15 नवम्बर को राज्य में प्रचार समाप्त होने के आखिरी दिन बेमेतरा एवं बलौदा बाजार में दो अलग अलग बड़ी चुनावी सभाओं में कहा कि- हमारी जहां भी सरकारें हैं हमने,खड़गे जी ने साफ कह दिया है कि जितना पैसा मोदी और भाजपा सरकारे अडानी को देती है उतना ही पैसा किसानों,मजदूरों के खातों में कल्याणकारी योजनाओं के जरिए जाना चाहिए।

### चुनावी सभा में उमा का ऐलान..

## हरहाल में लडूंगी 2024 का लोकसभा चुनाव

### बागियों को फटकारा, मोदी की तारीफ



**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश में टीकमगढ़ जिले के बड़ागांव धसान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि 2024 में लोकसभा चुनाव लडूंगी और हर हाल में लड़कर रहूंगी। उन्होंने कहा कि साल 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए खुद ही मना कर दिया था, लेकिन अब 2024 का चुनाव लड़ने की तैयारी पूरी है। भाजपा की चुनाव प्रबंधन समिति की ओर से चुनाव प्रचार की कमान मिलने के बाद हेलीकाप्टर नहीं मिलने पर नाराजगी जाहिर कर चुकीं उमा भारती मंगलवार को ट्रेन से टीकमगढ़ पहुंचीं। उन्होंने बड़ागांव धसान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड से सामंतवाद मिटाने के लिए उन्हें लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी।

जनसभा में उमा भारती ने कहा कि जो लोग भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़ रहे हैं, वे कांग्रेस को फायदा पहुंचाकर सामंती लोगों को सत्ता में लाएंगे। सभा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि पिछले 10 सालों से केंद्र सरकार के किसी भी मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे हैं, जबकि कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार करने वाले मंत्रियों की लंबी लिस्ट थी।

## चुनावी शोर थमा.. अब घर–घर दस्तक

### 17 नवम्बर को मध्यप्रदेश की सभी सीटों और छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान

**भोपाल/रायपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ की 70 सीटों के लिए 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए बुधवार की शाम को चुनाव प्रचार थम गया। दोनों ही राज्यों में सियासी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रचार के जरिए पूरा जोर लगाया, प्रचार के अंतिम दिन सभाओं का सिलसिला जारी रहा।

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कुल 2,533 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है, इनमें 2,280 पुरुष, 252 महिला और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार शामिल हैं। राज्य में एक चरण में 17 नवंबर को सभी 230 विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। मतदाताओं की कुल संख्या 5,61,36,229 है, जिसमें 75,304 सर्विस वोटर शामिल हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या 5,60,60,925 है, जिनमें से 2,88,25,607 पुरुष और 2,72,33,945 महिला के अलावा 1,373 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

वहीं, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के अंतर्गत दूसरे चरण में 70 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए प्रचार का शोर थम गया।

## संसदीय समिति ने की सिफारिश : मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों को छह महीने की जेल!

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मिलावटी खाद्य पदार्थ व पेय बेचने वालों वालों को लेकर कानून और कडा हो सकता है। संसदीय समिति ने ऐसे लोगों पर न्यूनतम 6 माह की सजा और 25000 रुपए जुर्माने की सिफारिश की है। भाजपा सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाली गृह मामलों की संसद की स्थायी समिति ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए अभी तक जो दंड के प्रावधान हैं, वे अपर्याप्त हैं। समिति ने सिफारिश की है कि इस तरह की सिफारिश के लिए न्यूनतम 6 माह की कैद के साथ ही न्यूनतम 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

### न्यूनतम 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया जाना चाहिए







**सरोकार**

### सुप्रीम कोर्ट ने बचाई अमेरिकी लड़के की जान

# लिवर दान कर सकेगा भारतीय रिश्तेदार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल के एक अमेरिकी बच्चे में यकृत (लिवर) प्रतिरोपण के लिए भारतीय मूल के उसके रिश्ते के एक भाई को अंगदान की अनुमति दे दी है। न्यायालय ने यह भी कहा कि इस मामले में पूरी तरह कानूनी अनिवार्यताओं पर विचार करना जरूरी नहीं लगता। उसने यह भी कहा कि इस मामले में उसके फैसले को किसी अन्य मामले में मिसाल के तौर पर नहीं लिया जाएगा।

शीर्ष अदालत ने 'डिकम्पनसेटिड बाइलियरी सिरोसिस' (डीबीसी) के उपचार के लिए गुरुग्राम के एक निजी अस्पताल में भर्ती बच्चे का जीवन बचाने को प्राथमिकता दी। डीबीसी यकृत के काम नहीं करने पर पैदा होने वाली स्थिति है जिसमें रोगी को केवल प्रतिरोपण से ही बचाया जा सकता है।

न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ को मानव अंग और ऊतक प्रतिरोपण अधिनियम की धारा 9 के रूप में एक कानूनी चुनौती से निपटना था जो बच्चे को उसके दूर के भारतीय रिश्तेदार द्वारा यकृत दान करने के रास्ते में आड़े आ रही थी।

कानून की उक्त धारा ऐसे मामलों में अंगदान पर रोक लगाती है जहां प्राप्तकर्ता विदेशी हो और अंगदान करने वाला उसका 'करीबी रिश्तेदार' नहीं हो। करीबी रिश्तेदारों में पति-पत्नी, बेटा, बेटी, पिता, माता, भाई, बहन, दादा-दादी, नाना-नानी, नाती या नातिन और पौत्र या पौत्री आते हैं। चचेरे या अन्य दूर के रिश्ते वाले भाई-बहनों को इसमें शामिल नहीं किया जाता।शीर्ष अदालत ने अंग प्राप्त करने वाले और अंगदान करने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन तथा वकील नेहा राठी की दलीलों पर संज्ञान लिया।

पीठ ने नौ नवंबर के अपने आदेश में मामले के विवरण पर और उक्त कानून के तहत काम करने वाली समिति की रिपोर्ट पर संज्ञान लिया था। यह समिति अंगदान करने वाले और प्राप्त करने वाले मरीज द्वारा वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थिति में अंगदान की मंजूरी देती है।

शीर्ष अदालत ने इस बात पर गौर किया कि बच्चे को उसकी खराब होती सेहत को देखते हुए तत्काल यकृत प्रतिरोपण की जरूरत है। इस मामले में बच्चे के माता-पिता के अंगदान के लिए उपयुक्त नहीं पाये जाने पर रिश्ते के भाई ने अंगदान की पेशकश की थी लेकिन उक्त कानून की धारा 9 आड़े आ रही थी।

रायपुर, गुरुवार 16 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कैसे बरकरार रहे लोकतंत्र की शोभा

हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे? फ़ौजियों का गोश्त कौवों को खिलायेंगे। फिल्म चाइना गेट के ये संवाद है। जिन्हें फिल्म में जगीरा का किरदार निभाने वाले अभिनेता मुकेश तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय की चुनावी सभा में सुनाया। इस पर सभा में उपस्थित लोगों ने तो तालियां बजाई ही, खुद भाजपा प्रत्याशी भी इस पर ताली बजाते दिखे। फिल्म में जिस पृष्ठभूमि में ये संवाद बोले गए, वो अलग बात है, मगर चुनाव प्रचार में इन संवादों के बोले जाने पर सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इन संवादों पर सवाल उठाए और कहा कि इन गुणों की हमें जरूरत नहीं, ये भाजपा को ही मुबारक। तो भाजपा ने पलटवार कर दिया कि अब कांग्रेस फिल्मी संवाद में भी राजनीति तलाश रही है। भाजपा और कांग्रेस के तर्कों में कौन सही है और कौन गलत, ये तय करने का काम चुनाव आयोग का है, बशर्ते ये मामला आयोग तक पहुंचे। इतना जरूर है कि अगर किसी और मंच या मौके पर इन संवादों पर कोई आपत्ति नहीं करता। मगर चुनाव के दौरान खास तौर पर ये कहना कि हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे, लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे, निश्चित ही अशोभनीय लग रहा है।

चुनाव प्रचार में लोकतंत्र की शोभा बनी रहे, यह जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। कड़वी सच्चाई है कि सत्ता हासिल करने के लिए शातिर चालें चली जाएंगी, हथकंडे अपनाए जाएंगे, वोट हासिल करने के लिए साम-दाम-दंड-भेद सभी तरीकों का इस्तेमाल भी होगा। अगर ये मान लिया जाए कि सभी उम्मीदवार नैतिकता की मिसालें कायम करते हुए पूरी ईमानदारी से चुनाव लड़ेंगे तो यह खुद को धोखा देने वाली बात है। हकीकत यही है कि चुनाव में जहां मौका मिलेगा, वहां बेईमानी होगी, चाहे वो किसी भी तरह की हो। इसलिए देश में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है, उसे हर तरह के राजनैतिक दबाव से मुक्त रखा गया है, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव हो सकें। चुनाव में होने वाली बेईमानियों पर अंकुश लग सके। अफसोस है कि निर्वाचन आयोग से लोकतांत्रिक देश के नागरिकों को जो उम्मीदें थीं, वो उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। देश की जांच एजेंसियों से भी ऐसी ही निराशा हाथ लगी है। ऐसा लग रहा है मानो इन सबकी डोर एक ही जगह बंधी है और वहीं से सारे खेल खेले जा रहे हैं। इन डोरियों से बंधी संस्थाओं में कब किसको किस मौके पर उठाना है, कितना आगे बढ़ाना है, कितना पीछे खींचना है, ये सब कोई और ही तय कर रहा है। जनता को केवल मंच पर होने वाली हलचल दिख रही है, उसके पीछे क्या चल रहा है, इसका अहसास ही नहीं हो रहा।

जिस मध्यप्रदेश में कमीनापन जैसे निम्नस्तरीय शब्द को चुनावी मंच से कहा गया, उसी मध्यप्रदेश में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द सिंह तोमर के सुपुत्र देवेंद्र सिंह तोमर से जुड़े कुछ वीडियो पिछले दिनों वायरल हुए। सत्ता के खेल में सीडी, वायरल वीडियो, फोन टैपिंग जैसे हथियारों का इस्तेमाल अब नयी बात नहीं रह गई है। राजनैतिक दल अक्सर चुनाव के वक्त इन्हें एक-दूसरे के खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। श्री तोमर के बेटे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें शुरुआती दो वीडियो में पहले सौ और फिर पांच सौ करोड़ के लेन-देन की बात की गई है और इसके बाद एक तीसरा वीडियो भी आया, जिसमें एक शख्स ने दावा किया कि पहले दो वीडियो में उसी से देवेंद्र तोमर की बातचीत हो रही थी। उसने बताया कि मामला सौ-पांच सौ नहीं, दस हजार करोड़ का है। इसके अलावा विदेश में गांजे की खेती की बात भी इस शख्स ने की। तोमर परिवार के सदस्यों के साथ व्हाट्स ऐप संदेशों के आदान-प्रदान से लेकर उनके आवास पर पार्सल भिजवाने जैसे कई खुलासे इस शख्स ने किए और साफ-साफ कहा कि कोई मीडिया संस्थान उनसे संपर्क करेगा तो वो सारे सबूत दे देंगे।

न खाऊंगा, न खाने दूंगा। सारे भ्रष्टाचारियों का हिसाब लूंगा। ऐसे दावे करने वाले नरेन्द्र मोदी के लिए ये एक प्रकरण काफी था कि वे तुरंत हरकत में आते और अपनी केबिनेट के एक वरिष्ठ मंत्री का नाम इस मामले में सामने आने पर उनसे इस्तीफा लेकर नैतिकता के उच्च मापदंड का परिचय देते। देश की ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियां जो जरा सी भनक के आधार पर विपक्षी नेताओं के ठिकाने पर बड़े पैमाने पर छापेमारी कर उनसे घंटों पूछताछ के उदाहरण पेश कर चुकी है, वो जांच एजेंसियां न जाने क्यों अब तक मध्यप्रदेश नहीं जा पाई हैं। जबकि उससे लगे छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ईडी, सीबीआई का आना-जाना लगा रहता है। चुनाव आयोग के कान भी इस वीडियो को देखकर खड़े हो जाने चाहिए थे, क्योंकि स्वतंत्र चुनाव तभी संभव है, जब उसमें बेनामी पैसे या काले धन का इस्तेमाल नहीं हो। अगर बात दस हजार करोड़ की है, तो क्या आयोग ये सोचकर निश्चिंत बैठा रह सकता है कि इस रकम से एक धेला भी चुनाव में इस्तेमाल नहीं हो रहा होगा। और फिल्म दुनिया के लोगों के जूतों में ड्रग्स को सूंघ कर कार्रवाई करने वाले नारकोटिक्स विभाग को क्या इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि देश में बैठा कोई शख्स विदेश में जमीन लेकर गांजे की खेती की योजना बना रहा है। आखिर ये गांजा उगाकर किस बाजार में बेचने की तैयारी हो रही है।

इन वीडियो के सामने आने के बाद देश में ऊपर से नीचे तक हड़कंप मच जाना चाहिए था। असल में ये वीडियो लोकतंत्र की नींव पर रखे टाइम बम के समान हैं, जो फटेंगे तो सब कुछ चिथड़ा-चिथड़ा हो जाएगा। मगर सरकार और जिम्मेदार एजेंसिया जिस तरह इससे बेपरवाह नजर आ रही हैं, उनसे और अधिक चिंता हो रही है। नरेन्द्र सिंह तोमर इन वीडियो को झूठा बताकर जांच की मांग कर रहे हैं। जबकि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की ही सरकारें हैं, तो उनके लिए और आसान है कि वे जांच के आदेश दें। देश भी तो यही चाह रहा है कि इन वीडियो का सच सामने आए। लड़ने के लिए कमीनापन नहीं. सही मायनों में हिम्मत की जरूरी होती है। क्या मोदी सरकार ये हिम्मत दिखाएगी।

# प्रधानमंत्री का ( अ ) लोकतांत्रिक चरित्र

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मूल चरित्र कितना लोकतांत्रिक है, या लोकतंत्र के लिए उनके मन में कितना सम्मान है, ये सवाल पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच फिर उठ खड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी अनेक मौकों पर भारत को लोकतंत्र की जननी बता चुके हैं। इस तरह के रूपक सुनने में बहुत अच्छे लगते हैं, इनसे गर्व का बोध होता है कि हम कितने महान देश में रहते हैं, कि भारत ने दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया, कि यहां की गंगा-जमुनी संस्कृति इंसानियत के लिए मिसाल है। इकबाल ने लिखा भी है- कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। जब उन्होंने हिंदुस्तान की इस खासियत का जिक्र किया था, तब बेशक भारत आजाद और लोकतांत्रिक देश नहीं बना था, लेकिन फिर भी उसकी बुनियाद में लोकतंत्र के गुण शामिल थे, जैसे विरोधियों का आदर करना, विचारों में मतभेद के बावजूद स्वस्थ मानसिकता के साथ तर्क करना और सबको साथ लेकर चलना। इन्हीं गुणों के कारण तरह-तरह के झंझावात सहने के बावजूद भारत विश्व के मानचित्र में डटा रहा, बना रहा, जबकि कई महान सभ्यताएं समय के थपेड़ों को सह नहीं पाईं और मिट गईं। लोकतंत्र की जिस जननी का वास्ता मोदीजी दिया करते हैं, वह तो एक अमूर्त कल्पना है। असल में यहां के लोग ही हैं, जो लोकतंत्र को बनाए रखने का काम करते हैं। इन्हीं लोगों में से निकले थे हमारे स्वाधीनता सेनानी और आजाद भारत के निर्मातागण, जिन्होंने भारत को वो लोकतांत्रिक रूप दिया, जिसका गुणगान आज श्री मोदी पूरी दुनिया में करते हैं और जिसकी वजह से भारत को इज्जत मिलती है। भारत के लिए जो सम्मान हमारे पुरखों ने कमाया, क्या उसे मौजूदा नेतृत्व संभाल कर रख पा रहा है। क्या अपने विरोधियों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल, उनका अपमान लोकतांत्रिक कहला सकता है। इन सवालों का जवाब भारत की जनता को खुद ही तलाश करना होगा, क्योंकि सवाल उसकी अपनी हस्ती, अपनी पहचान का है।

कुछेक घटनाओं, प्रसंगों का विश्लेषण कर इन सवालों के जवाब तलाशने में मदद मिल सकती है। 14 नवंबर को देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की जयंती थी। नेहरूजी महज आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री नहीं थे, वे औपनिवेशिक दासता की चंगुल की छूट रही दुनिया में उम्मीद की एक किरण भी थे। गांधीजी ने उन्हें हिंद का जवाहर कहा, जो दुनिया के किसी भी सम्मान या उपाधि ये बड़ी उपलब्धि है। स्वतंत्र भारत को आत्मनिर्भर बना कर विकास की राह पर कदम-कदम बढ़ाने का काम नेहरूजी ने किया, और उनकी दूरदर्शिता के लिए भारत हमेशा उनका आभारी रहेगा। लेकिन यह देखकर अफसोस हुआ कि नेहरूजी की जयंती पर उन्हें याद करने का काम मुख्य तौर पर कांग्रेस ने ही किया, गोया नेहरूजी केवल कांग्रेस नेता और कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री थे। कुछेक बुद्धजीवियों, लेखकों ने भी पं.नेहरू को याद किया। और हमारे प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर औपचारिकता निभाते हुए लिखा- 'हमारे प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।' यानी मोदीजी की निगाह में पं. नेहरू पहले प्रधानमंत्री से अधिक कुछ नहीं थे। वैसे श्री मोदी से उम्मीद भी नहीं थी कि वे नेहरूजी की शान में कसीदे गढ़ेंगे, मगर जिस इंसान की नेतृत्व क्षमता और राजनैतिक विचारों की दुनिया कायल थी, उसके लिए केवल एक पंक्ति में औपचारिक श्रद्धांजलि देकर प्रधानमंत्री मोदी ने खुद साबित कर दिया कि वैचारिक मतभेद को वे राजनैतिक शिष्टाचार से ज्यादा तरजीह देते हैं। 14 नवंबर को ही नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश की चुनावी सभा में इशारों-इशारों में राहुल गांधी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। जिससे फिर उनके अलोकतांत्रिक व्यवहार की झलक देखने मिली।

लोकतंत्र की जिस जननी का वास्ता मोदीजी दिया करते हैं, वह तो एक अमूर्त कल्पना है। असल में यहां के लोग ही हैं, जो लोकतंत्र को बनाए रखने का काम करते हैं। इन्हीं लोगों में से निकले थे हमारे स्वाधीनता सेनानी और आजाद भारत के निर्मातागण, जिन्होंने भारत को वो लोकतांत्रिक रूप दिया, जिसका गुणगान आज श्री मोदी पूरी दुनिया में करते हैं और जिसकी वजह से भारत को इज्जत मिलती है।

बैतूल में 14 नवंबर को एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कल कांग्रेस के एक 'महाज्ञानी' कह रहे थे कि भारत में सब लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है। अरे मूर्खों के सरदार, किस दुनिया में रहते हो। कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियां न देखने की मानसिक बीमारी हो गई है। जबकि, सच्चाई ये है कि आज भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में कहा था कि आपके मोबाइल के पीछे मेड इन चाइना लिखा होता है, हम उसे मेक इन मध्यप्रदेश बनाना चाहते हैं। श्री गांधी युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी को दूर करने के बारे में बात कर रहे थे। जिसका मोदीजी ने इतना बुरा माना कि राहुल गांधी को मूर्खों का सरदार कह दिया। उनके बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा ने भी उनके सुर में सुर मिलाया। मोदीजी ने भारत की उपलब्धियां न देख पाने का संबंध मानसिक बीमारी से जोड़ दिया। जिस देश में हर सातवां इंसान किसी न किसी मानसिक बीमारी से ग्रसित है, जहां हर रोज औसतन 7 सौ लोग मानसिक बीमारी के कारण आत्महत्या करते हैं, जहां सरकारी नीतियों से उपजी रोजमर्रा की दिक्कतों के कारण मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है, उस देश में चुनावी फायदे के लिए मानसिक बीमारी का इतने हल्के स्तर पर जिक्र करना क्या प्रधानमंत्री पद पर बैठे इंसान को शोभा देता है, ये सोचने वाली बात है। श्री मोदी चाहते तो इस बात का सीधा जवाब देते कि राहुल गांधी गलत कह रहे हैं और आंकड़े बता देते कि देश में कितने फोन मेड इन चाइना हैं, और कितने मेड इन इंडिया हैं। तर्कों के साथ वाद-विवाद इसी को कहते हैं। मगर प्रधानमंत्री मोदी का इरादा राहुल गांधी का अपमान कर, उनकी छवि खराब करने का था, जिससे उन्हें चुनावी लाभ मिल सके। अब क्या इस व्यवहार को लोकतांत्रिक कहा जा सकता है। चुनावों में तो अक्सर सत्तारुढ़ दल पर विपक्षी हमला करते हैं, और बताते हैं कि मौजूदा सरकार की कमियां क्या रहीं। जनता अगर स्वीकार करती है कि सरकार में कमी है, तो अगली बार वो किसी और को मौका देती है, अगर मानती है कि कमी नहीं है, तो फिर उसी सरकार को मौका मिलता है। नरेन्द्र मोदी खुद गुजरात में तीन बार और केंद सरकार में दो बार ये मौका प्राप्त कर चुके हैं। फिर भी वे लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं। श्री मोदी की ये शिकायत बेमानी है कि कांग्रेस के लोगों को देश की उपलब्धियां नहीं दिखतीं। दरअसल वे चाहते ही नहीं है कि विपक्ष उनके शासन में किसी तरह की कमियां निकाले। बल्कि वे तो विपक्ष मुक्त और कांग्रेस मुक्त भारत ही चाहते थे। अभी कुछ समय से कांग्रेस मुक्त वाला नारा शांत किया गया है, क्योंकि भाजपा को समझ आ गया कि ऐसे नारे देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी, देश की जनता का भी मूल चरित्र लोकतांत्रिक ही है।

इसलिए उसने 10 सालों के कांग्रेस के शासन के बाद 10 साल का मौका भाजपा को दिया है। अगर इस दौरान देश में उपलब्धियां हासिल हुई हैं, तो वे जनता को अपने आप नजर आ जाएंगी। और अगर नहीं हुई हैं, तो वह भी जनता को दिख जाएगा। अगर जनता ये कहेगी कि देश में महंगाई है, नौकरियां नहीं हैं, लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, हाशिए के वर्गों का अपमान हो रहा है, तो क्या प्रधानमंत्री मोदी जनता को भी मानसिक बीमार कह देंगे। सवाल ये भी है कि क्या हकीकत से मुंह चुरा कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है।

मणिपुर पर प्रधानमंत्री की चुप्पी, नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे के वीडियो प्रकरण पर खामोशी, रमेश बिधूड़ी मामले में कुछ न बोलना, ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी उन मसलों पर बिल्कुल चुप हो जाते हैं, जिनकी वजह से उन्हें राजनैतिक या चुनावी असुविधा हो सकती है। इसे ही मुंह चुराना कहते हैं। लोकतंत्र की जननी का सम्मान क्या ऐसी मौकापरस्त चुप्पी या फिर बड़बोलेपन से हो सकता है, ये भी विचारणीय है।

# अमेरिकी और पश्चिमी राजनयिक बांग्लादेश में खुलकर कर रहे हैं विपक्ष का समर्थन

■ आशीष विश्वास

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट ने अमेरिका के साथ उसके असहज संबंधों में वर्तमान तनाव को बढ़ा दिया है। इसने सत्तारूढ़ अवामीलीग (एएल) की स्थिति को राजनीतिक रूप से और अधिक कमजोर कर दिया है ऐसे समय जब यह 2024 के संसदीय चुनावों के लिए अपना चुनाव पूर्व अभियान चला रही है।

बांग्लादेशी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उत्साही बहसों की वर्तमान बयानबाजी और विशेषज्ञों द्वारा लिखे गये लेखों के स्वर से यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों का गुट नि:संकोच अवामीलीग विरोधी विपक्षी अभियान का समर्थन कर रहा है। हाल के महीनों में पश्चिमी राजनयिकों/नेताओं की बांग्लादेश की बार-बार यात्राएं, आमतौर पर एएल सरकार से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अधिक 'पारदर्शी' उपाय अपनाने का आग्रह करना, एएल-संचालित प्रशासन के बारे में उनके बमुश्किल छिपे हुए अविश्वास का एक संकेत है।

गौरतलब है कि बांग्लादेश में हाल ही में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों की तथाकथित 'उदारवादी' पश्चिमी आलोचना का जोर उन मुद्दों पर भी केंद्रित है जो स्पष्ट रूप से राजनीतिक नहीं हैं। उदाहरण के लिए कपड़ा उद्योग के श्रमिकों द्वारा उठाई गई वेतनवृद्धि की मांगों से जिस तरह से आधिकारिक तौर पर निपटा जा रहा है और बांग्लादेश की सरकार नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री डॉ मोहम्मद यूनुस की आर्थिक परियोजनाओं और नीतियों के खिलाफ जिस ढंग से मुखालफत कर रही है।

बांग्लादेशी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उत्साही बहसों की वर्तमान बयानबाजी और विशेषज्ञों द्वारा लिखे गये लेखों के स्वर से यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों का गुट नि:संकोच अवामीलीग विरोधी विपक्षी अभियान का समर्थन कर रहा है।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सत्ताधारी एएल नेताओं/मंत्रियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्हें लगता है कि ऐसे कदम बांग्लादेश की घरेलू राजनीति/शासन में सीधे हस्तक्षेप से कम नहीं हैं। बांग्लादेश सरकार ने सेवारत राजनयिकों को चेतावनी देना आवश्यक समझा है कि ऐसी गतिविधियों को प्रायोजित करना/भाग लेना आवश्यक रूप से समय-सम्मानित राजनयिक व्यवहार का हिस्सा नहीं है।

कोई आश्चर्य नहीं कि कुछ पर्यवेक्षकों को लगता है कि वर्तमान में, जब मुट्ठी भर बांग्लादेशी अधिकारियों को पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों के तहत रखा गया है, तो ऐसा लगता है कि सत्तारूढ़ एएल जो कुछ भी करता है उसे मुख्यधारा के पश्चिमी उदारवादी प्रेस द्वारा सकारात्मक दृष्टि से नहीं देखा जायेगा। पश्चिम में आम सहमति यह है कि आगामी चुनावों के बारे में ढाका में दी गई आधिकारिक घोषणाओं और आश्वासनों के बावजूद, विपक्षी कथा को पूरी तरह से स्वीकार किया जाना चाहिए।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाले विपक्ष द्वारा भेजा गया व्यापक राजनीतिक संदेश यह है कि एएल ने अपनी अच्छी तरह से प्रचारित चुनाव 'जीत' सुनिश्चित करने के लिए अपने अभियान में व्यापक धमकी/हिंसा का सहारा लेकर हमेशा चुनावों में धांधली की है। विडंबना यह है कि ठीक इसी तरह के आरोप बीएनपी के खिलाफ उसकी पिछली चुनावी जीत के दौरान भी लगाये गये थे।

मोटे तौर पर, 'भ्रष्ट' एएल पर चुनावों में धांधली करने और हिंसा द्वारा अपने विरोधियों को हाशिए पर रखने का आरोप है। जहां तक बीएनपी का सवाल है, उस पर भ्रष्टाचार और अवसरवाद की उच्च खुराक के साथ-साथ उसके पाकिस्तान समर्थक आक्रामक इस्लामवादी दृष्टिकोण के लिए हमला किया जाता है।

ढाका में राजनयिक प्रतिष्ठान इस स्थिति में तेजी से विभाजित है: लगभग अनुमान के मुताबिक, जबकि अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश एएल के आलोचक बन गए हैं, बांग्लादेश के प्रमुख क्षेत्रीय/निकटवर्ती पड़ोसी जैसे चीन, रूस और भारत सत्तारूढ़ एएल सरकार के कहीं अधिक समर्थक हैं। रूस और चीन ने बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा अपनाये गये खुले हस्तक्षेप और दबाव की रणनीति की कड़ी निंदा की है।

इसके ठीक विपरीत, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक विकास में अपनी भागीदारी के अलावा, रूस, चीन और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में देश को एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में मदद की है। पश्चिम के विपरीत इन देशों ने छोटी और लंबी अवधि की परियोजनाओं के माध्यम से बांग्लादेश को वित्तीय और तकनीकी रूप से मदद की है- लेकिन बिना शर्त के!

फिर भी, बांग्लादेशी विदेशी मुद्रा भंडार वर्तमान में केवल .19अरब रह गया है - अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान के अनुसार .16.5अरब। सत्तारूढ़ एएल को सफलता का सबसे मजबूत दावा का लाभ मिल रहा था, जो महत्वपूर्ण चुनाव पूर्व महीनों में धीरे-धीरे ढह रहा है। एएल के कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश में हाल ही में देखी गई आर्थिक प्रगति, जिसमें प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के मामले में बांग्लादेश ने भारत को पीछे छोड़ दिया, को स्वाभाविक रूप से इसके नेताओं द्वारा उपलब्धि के एक उच्च बिंदु के रूप में उजागर किया गया।

अब अचानक ऐसे दावों को लेकर परेशान करने वाले सवाल उठने लगे हैं। यह सामान्य ज्ञान है कि कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद बांग्लादेश में आर्थिक गिरावट के अचानक संकेत आ रहे हैं जो बांग्लादेश के नियंत्रण से परे हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर की तुलना में राष्ट्रीय मुद्रा टका में गिरावट आई है (आधिकारिक तौर पर 1 डॉलर 110.5 टका के बराबर है लेकिन अनौपचारिक रूप से यह दर 120 से अधिक है, जो प्रेषण आय क्षेत्र में अवैध हुंडी लेनदेन को प्रोत्साहित करती है, जिससे आधिकारिक राजस्व संग्रह प्रभावित होता है)।

ढाका स्थित नीति-निर्माता भी वर्तमान निर्यात प्रवृत्तियों को लेकर चिंतित हैं। हाल के महीनों में अमेरिका को परिधान निर्यात में भारी गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात के अपने आधार का विस्तार करने के अपने सभी प्रयासों के बावजूद बांग्लादेश सरकार उतनी सफल नहीं हो पाई है। 90 प्रतिशत से अधिक निर्यात आय अभी भी कपड़ा क्षेत्र से आती है। ऐसी कमाई का लगभग 95 प्रतिशत अमेरिका और यूरोपीय संघ के देशों से आता है। जब भी अमेरिका में बांग्लादेश की कपड़ा उत्पादक इकाइयों में महिलाओं के शोषण और बाल श्रम के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, तो इसका प्रभाव पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर रूप से महसूस किया गया है।

स्पष्ट रूप से, जबकि कोई भी आम चुनाव से पहले बांग्लादेश में व्याप्त स्थिति में कई अंतर्निहित राजनीतिक/आर्थिक मजबूरियों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी नहीं करता है, सत्ता के भीतर और बाहर नीति नियोजकों को पश्चिम के मुकाबले कूटनीति के अभ्यास में सावधानी से चलना होगा।

## पावन प्रसंग

# संस्कारों का महत्व

संस्कार का अभिप्राय उन धार्मिक कृत्यों से है, जो किसी व्यक्ति को अपने समुदाय का पूर्ण रूप से योग्य सदस्य बनाने के उद्देश्य से उसके शरीर, मन और मस्तिष्क को पवित्र करने के लिए किए जाते थे, किंतु हिन्दू संस्कारों का उद्देश्य व्यक्ति में अभीष्ट गुणों को जन्म देना भी था।

संस्कार शब्द का अर्थ है परिशोधन अथवा शुद्धिकरण। जीवात्मा जब एक शरीर को त्यागकर दूसरे शरीर में जन्म लेती है तो उसके पूर्वजन्म के प्रभाव उसके साथ जाते हैं। इन प्रभावों का वाहक सूक्ष्मशरीर से दूसरे स्थूलशरीर में जाता है। इन प्रभावों में कुछ बुरे होते हैं और कुछ भले। बच्चा भले और बुरे प्रभावों को लेकर नए जीवन में प्रवेश करता है। संस्कारों का उद्देश्य है कि पूर्वजन्म के बुरे प्रभावों की उन्नति हो। संस्कारों के दो रूप होते हैं। एक आंतरिक रूप और दूसरा बाह्य रूप। बाह्य रूप का नाम रीति-रिवाज है। यह आंतरिक रूप की रक्षा करता है।

हमारे जीवन में प्रवेश करने का मुख्य प्रयोजन यह है कि पूर्वजन्म में जिस अवस्था तक हम आत्मिक उन्नति कर चुके हैं, इस जन्म में उससे अधिक उन्नति करें। आंतरिक रूप हमारी जीवनचर्या है। यह कुछ नियमों पर आधारित हो, तभी मनुष्य आत्मिक उन्नति कर सकता है। ऋग्वेद में संस्कारों का उल्लेख नहीं है, किंतु इस ग्रंथ के कुछ सूक्तों में विवाह, गर्भाधान और अंत्येष्टि से संबंधित कुछ धार्मिक कृत्यों का वर्णन मिलता है।

यजुर्वेद में केवल श्रोत यज्ञों का उल्लेख है, इसलिए इस ग्रंथ के संस्कारों की विशेष जानकारी नहीं मिलती। अथर्ववेद में विवाह, अंत्येष्टि और गर्भाधान संस्कारों का पहले से अधिक विस्तृत वर्णन मिलता है। इस प्रकार गृह्यसूज्ञों से पूर्व हमें संस्कारों के पूरे नियम नहीं मिलते। ऐसा प्रतीत होता है कि गृह्यसूज्ञों से पूर्व पारंपरिक प्रथाओं के आधार पर ही संस्कार होते थे। संयम पहले गृह्यसूज्ञों में ही संस्कारों की पूरी पद्धति का मिलता है। गृह्यसूत्रों में संस्कारों के वर्णन में सबसे पहले विवाह संस्कार का उल्लेख है। इसके बाद पुंसवन, सीमंतोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्न-प्राशन, जूड़ाकर्म, उपनयन और समावर्तन संस्कारों का वर्णन किया गया है। अधिकतर गृह्यसूत्रों में अंत्येष्टि संस्कार का वर्णन नहीं मिलता, क्योंकि ऐसा करना अशुभ समझा जाता था। स्मृतियों के आचार-प्रकरणों में संस्कारों का उल्लेख है और तत्संबंधी नियम दिए गए हैं। इनमें उपनयन और विवाह संस्कारों का वर्णन विस्तार के साथ दिया गया है, क्योंकि उपनयन संस्कार द्वारा व्यक्ति ब्रह्मचर्य आश्रम में और विवाह संस्कार द्वारा गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करता था।

संस्कार का अभिप्राय उन धार्मिक कृत्यों से था, जो किसी व्यक्ति को अपने समुदाय का पूर्ण रूप से योग्य सदस्य बनाने के उद्देश्य से उसके शरीर, मन और मस्तिष्क को पवित्र करने के लिए किए जाते थे, किंतु हिंदू संस्कारों का उद्देश्य व्यक्ति में अभीष्ट गुणों की प्रवृत्ति को डन्म देना था।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# रीति रिवाज के नाम पर किशोरियों के अधिकारों का हनन

दुनिया की प्राचीन सभ्यताओं में एक भारत की सभ्यता भी है। हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की सभ्यता से पता चलता है कि भारतीय उप महाद्वीप हज़ारों साल पहले न केवल आर्थिक और वैज्ञानिक रूप से विकसित था बल्कि सामाजिक और वैचारिक रूप से भी बहुत समृद्ध था। जाहिर है ऐसे विकसित समाज में सभी को बराबरी का अधिकार रहा होगा। जहां पुरुषों की तरह महिलाओं को भी समान अधिकार प्राप्त रहे होंगे। जहां महिलाओं को पैरों की जूती नहीं समझा जाता होगा बल्कि उन्हें भी सम्मान प्राप्त रहा होगा। उन्हें सभ्यता और संस्कृति के नाम पर घर की चारदीवारियों में कैद करके नहीं रखा जाता रहा होगा।

अब लौटते हैं वर्तमान दौर में। यह वह दौर है जो आर्थिक और वैज्ञानिक रूप से उस सभ्यता से कहीं अधिक विकसित है। आज भारत दुनिया की न केवल विकसित अर्थव्यवस्था वाला देश बन रहा है बल्कि इसके वैज्ञानिकों ने पहले ही प्रयास में चांद के उस हिस्से पर कदम रख कर इतिहास रच दिया है जहां अमेरिका और रूस के वैज्ञानिक भी कई बार प्रयास करके असफल हो चुके थे। आसमान में अगर इसने मंगल और सूरज तक अपने झंडे गाड़ दिए हैं तो धरती पर यह इतनी तेज़ी से मज़बूत अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है कि आज दुनिया के सभी बड़े निवेशक भारत में निवेश करने के लिए सपने बुनने लगे हैं। यह भारत की मज़बूत छवि का असर है कि अब उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य बनाने की मांग ज़ोर पकड़ने लगी है। ज़ाहिर है दुनिया भर में भारत की इस मज़बूत छवि को बनाने में महिलाओं का भी बराबर का योगदान है। राष्ट्रपति और वैज्ञानिक क्षेत्र से लेकर शिक्षिका तथा स्वयं सहायता समूह की सदस्य के रूप में महिलाओं ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया है और आज तक देती आ रही हैं।

लेकिन इसी भारत की एक दूसरी छवि भी है जो उसके ग्रामीण क्षेत्रों में नज़र आता है। जो न केवल आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है बल्कि सामाजिक और वैचारिक रूप से भी संकुचित नज़र आता है। जहां महिलाओं के आगे बढ़ने से समाज को ताना बाना टूटने का खतरा नज़र आने लगता है। जहां महिलाओं का माहवारी के दिनों में घर में रहना और किचन में जाना तक बुरा समझा जाता है। जहां उसे अपनी ज़िंदगी का फैसला लेने और उसके उच्च शिक्षा ग्रहण करने से समाज के बिगड़ जाने का खतरा उत्पन्न होने लगता है। जी हां, मैं यह हड़प्पा या मोहनजोदड़ो सभ्यता की नहीं बल्कि 21वीं सदी के ग्रामीण भारत की बात कर रही हूं। जहां घर से लेकर बाहर तक किशोरियों और महिलाओं को परंपरा, संस्कृति और रीति रिवाजों की बेड़ियों में जकड़ कर रखा जाता है। जिसे अपनी मर्ज़ी से कपड़े पहनने और घूमने तक की आज़ादी नहीं मिलती है।

ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का गनीगांव है। वहीं ग्राम प्रधान हेमा देवी कहती हैं कि भले ही पहले की तुलना में अब गनीगांव के लोग अधिक शिक्षित हो गए हैं लेकिन उनकी सोच अभी भी वही पुरानी वाली है। दरअसल समाज शिक्षित ज़रूर हुआ है लेकिन जागरूक नहीं हुआ है। नई पीढ़ी की किशोरियां पढ़ने लगी हैं लेकिन वह भी इस प्रकार की मानसिकता के विरुद्ध ज़ोरदार आवाज़ नहीं उठा पाती हैं। हालांकि समाज इसे मान्यता और परंपरा की दलील देता है। लेकिन उसकी यह दलील किसी भी प्रकार से ठोस और प्रामाणिक नहीं होती है।

याद रहे कि गनीगांव में 85 प्रतिशत साक्षरता दर रिकॉर्ड की गई है। बालिका शिक्षा के मामले में भी इस गांव में पहले की अपेक्षा काफी सुधार आया है। अब लड़कियों की शादी 12वीं पास करने के बाद ही की जाती है। इसका अर्थ यह है कि इस गांव की नई पीढ़ी विशेषकर किशोरियां शिक्षित हो रही हैं। लेकिन इसके बावजूद माहवारी के समय उनके साथ अत्याचार होना, इस बात को दर्शाता है कि पढ़े लिखे समाज पर संकीर्ण सोच वाले आज भी हावी हैं। यहां आज भी रस्मों के नाम पर किशोरियों के अधिकारों का हनन होता है। ऐसे में ज़रूरत है कि यहां शिक्षा के साथ साथ जागरूकता की मुहिम भी चलाई जाए।

**हेमा रावल, गनीगांव उत्तराखंड**

# गोगपा और निर्दलीय प्रत्याशियों ने कांग्रेस और भाजपा की चिंता बढ़ाई




## बरगी का चुनाव फसा, आसान नहीं है कांग्रेस और भाजपा के लिये जीत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले की आठ विधानसभा सीटों में बरगी में इस बार मुकाबला बहुकोणीय हो गया है, जिससे भाजपा और कांग्रेस की मुश्किल बढ़ गई हैं। एक तरह से कहा जाये तो बरगी सीट फस गई है। अभी यहां से जहां कांग्रेस ने अपने संजय यादव पर भरोसा करते हुये उन्हें अपना उम्मीदवार उतारा है वहीं भाजपा ने पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह के बेटे नीरज को चुनावी समर में उतार दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस में रहने वाले पूर्व विधायक सोबरन सिंह के बेटे जयकांत सिंह ने निर्दलीय और मांगीलाल मरावी ने गोगपा से ताल ठोंक रहे हैं। दोनो ही प्रत्याशी के कारण चुनावी समीकरण गड़बड़ा गया है। जानकारों की माने तो जहां गोगपा के मांगी लाल कांग्रेस के लिये वोट कटवा तो जयकांत भाजपा के नीरज सिंह को मिलने वाले लोधी वोट पर सेंध लगा सकते हैं।

### मतदाताओं की संख्या

बरगी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता संख्या 2,34,874 है, जिनमें से 1, 21,088 पुरुष, 1,13,767 महिलाएं और 19 अन्य हैं. जातिगत विभाजन के अनुसार, 15 प्रतिशत मतदाता अनुसूचित जाति हैं जिनकी संख्या 33,009 है, 25 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति हैं जिनकी संख्या 55,015 है, 15 प्रतिशत सामान्य जो 45,427 हैं, 40 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग है जिनकी संख्या 90,420 है और शेष 5 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं, जिनकी संख्या 11,003 है।

### ये मुद्दे असरकारक

विधानसभा क्षेत्र स्थित बरगी बांध और सभी तरह के कृषि कार्य इस क्षेत्र की मुख्य आर्थिक गतिविधियों में से हैं। अतीत में भाजपा की इस सीट पर दबदबा था, लेकिन पिछले चुनाव में कांग्रेस ने इस सीट को जीता, वर्तमान में, कांग्रेस के संजय यादव इस सीट से विधायक हैं। इस क्षेत्र के लिए सर्वाधिक चिंता के मुद्दे हैं - शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, और आधारभूत सुविधाओं की कमी, ताजा चुनावी मुद्दों में शामिल होने के उपरांत, भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने निर्माण कार्यों और योजनाओं के आधार पर विधानसभा सीट को जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### बीते साल का गणित

बरगी विधानसभा सीट का चुनाव इस बार दिलचस्प होने वाला है। इस बार भाजपा ने भाजपा की पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह के बेटे नीरज सिंह को मैदान में उतारा है। जबकि कांग्रेस के संजय यादव एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। संजय यादव ने पिछले चुनाव में भाजपा की प्रतिभा सिंह को हराया था।

### पिछले चुनाव का परिणाम

बरगी विधानसभा सीट से 2018 के चुनाव में कुल दो लाख 20 हजार 787 वोटर थे। इनमें से 86901 ने कांग्रेस के उम्मीदवार संजय यादव (सिवनी टोला) को चुनाव जिताया था। भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा सिंह को 69 हजार 338 वोट मिले थे। हार-जीत का अंतर 17563 था।

बहरहाल देखने वाली बात होगी इस बार के नये तरह के समीकरण कांग्रेस और भाजपा को कितना नुकसान या फायदा पहुंचाएंगे यह तो तीन दिसंबर को मतगणना के बाद पता चलेगा, तब तक राजनैतिक गलियारों में अटकलों के दौर चलते रहेंगे।

# मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल (दिखावटी मतदान) कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल (दिखावटी मतदान) करायेंगे।

मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित रहना चाहिये । यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्त्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं। मॉक पोल में यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान कोष्ठ में सभी अभ्यर्थियों के लिए मत डाले गये हैं

निर्वाचन आयोग के अनुसार मॉक पोल (दिखावटी मतदान) प्रारंभ करने के पहले ईव्हीएम की बैलेट यूनिट तथा वीपेट को मतदान प्रकोष्ठ में रखना होगा, जबकि ईव्हीएम की कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी अथवा उस मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा, जो बैलट यूनिट और व्हीव्हीपेट मशीन सही प्रकार से जोड़ने के बाद कंट्रोल यूनिट का इस्तेमाल करेगा।

मॉक पोल में डाले गये मतों का अभिलेख पीठासीन अधिकारी अथवा मतदान अधिकारी को रखना होगा।

मॉक पोल की व्हीव्हीपेट की पर्चियों को भी इनके पीछे के भाग में मॉक पोल पर्ची की रबर सील लगानी होगी और इन पर्चियों को मोटे काले कागज के लिफाफे में रखकर पीठासीन अधिकारी की सील से मुहरबन्द कर और हस्ताक्षर कर सुरक्षित रखना होगा ।




# शेखावाटी अग्रवाल समाज का दीपावली मिलन

**जबलपुर, देशबन्धु।** समाज के मिलन आयोजन पारस्परिक सौहार्द्र वृद्धि के साथ साथ एकजुटता की भावना को प्रबल करते हैं और मानवता की सेवा हेतु प्रेरित करते हैं। ये उद्गार थे पूर्वाध्यक्ष अरुण कान्त टीबड़ेवाला के,जो उन्होंने शेखावाटी अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित दीपावली मिलन के अवसर पर व्यक्त किए । पवन बगड़ोदिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन सचिव सौरभ सेक्सरिया ने किया। कोषाध्यक्ष उमंग टीबड़ेवाला द्वारा विगत लेखाजोखा प्रस्तुत किए जाने के उपरांत आरव व श्रव्या अग्रवाल, दिव्यांश धानुका,शालवी पोद्दार आदि बच्चों की प्रस्तुतियों तथा कुसुम व आभा टीबड़ेवाला तथा एकता सेक्सरिया द्वारा खिलाए गए गेम्स ने भरपूर मनोरंजन किया । वरिष्ठ पूर्वाध्यक्ष पुरुषोत्तम पोद्दार ने समाज द्वारा कुशलतापूर्वक सम्पन्न किए जाने वाले कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर सदस्यों की अभूतपूर्व संख्या में उपस्थिति आयोजन की सफलता की परिचायक थी ।

# जन जातीय गौरव दिवस पर रेलवे में बिरसा मुंडा के कार्यो की सराहना




**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल कार्यालय में आज बुधवार को धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा धरती आबा बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने धरती आबा बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनकी राष्ट्र एवं समाज सेवा की सराहना की। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार, आनंद कुमार,मंडल के शाखा अधिकारी एस.के. सिंह राजेश शर्मा विश्व रंजन, सुबोध विश्वकर्मा, डॉ. मधुर वर्मा,राम बदन मिश्रा,मनीष पटेल, अरुण त्रिपाठी सहित सभी विभागों के विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# पीड़ित मानवता की सेवा ही मेरा लक्ष्य है : अशोक रोहाणी



केंट क्षेत्र में जनसम्पर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा है कि पीड़ित मानवता की सेवा ही मेरे जीवन का लक्ष्य है। वे केंट विधानसभा में जनसंपर्क के दौरान अपनी बात रख रहे थे। इसके पहले उन्होंने महगवाँ, प्रियदर्शनी कॉलोनी, मोदीबाड़ा, वार्ड न.1 त्रिमूर्ति चौक, रांझी, करौंदी, कंचनपुर, गणेश चौक, भारत माता चौक, बड़े हनुमान मंदिर बिलहरी, कृष्णा होम्स, मोहिनी होम्स, कजरवारा, शिवपुरी, सिद्धेश्वरी मंदिर कजरवारा, खेरमाई मंदिर कजरवारा, पिपलेश्वर मंदिर, भोंगाद्वार, भीटा में सघन जनसंपर्क किया। बड़ा पत्थर रांझी से वाहन रैली विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए व्हीकल मोड़ में, सदर में वाहन रैली गणेश चौक से भारत माता चौक एवं बड़े हनुमान मंदिर बिलहरी से सामुदायिक भवन भीटा में वाहन रैली का समापन हुआ।

इस अवसर पर भाजपा के सोनू बचवानी, रीना यादव, ऋषि यादव, अंकित फ्रांसिस, विकास यादव, अभिषेक रजक, सुजीत यादव, शिवराम बर्मन, टिल्लू नेचलानी, राकेश लखेरा, किशोर पासी, शोभा लोधी, श्रीमति पिंकी पासी, अजय पदम, राजकुमारी श्रीवास शामिल थे।

# पश्चिम को वित्त के साथ सेवाभावी और विकास को समर्पित चित्त चाहिए : तरुण भनोत



पश्चिम में महिलाओं ने किया जनसम्पर्क

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनसंवाद के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी तरुण भनोत ने पश्चिम क्षेत्र में स्थित तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर अपने संकल्पों के बारे में चर्चा की। भनोत ने बताया कि राजनैतिक जीवन के शुरुआती दौर में ही उनके द्वारा महानद्दा तालाब को बचाने के लिए संघर्ष किया गया जब भाजपा सरकार और स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधियों के राजनैतिक संरक्षण में माफियाओं द्वारा महानद्दा तालाब पर कब्जे की तैयारी की जा रही थी और लंबी लड़ाई के बाद ऐसे माफियाओं से तालाब को बचाया भी गया और अपने संसाधनों से पूरे तालाब की साफ सफाई कराई गई। तालाबों के आसपास ऐसा वातावरण का निर्माण करेंगे ताकि सुबह-शाम चहल पहल रहे और लोगों को अच्छा अनुभव हो श्री भनोत ने पश्चिम क्षेत्र की देवतुल्य जनता से पुन: आशीर्वाद देकर भारी मतों से विजय बनाने की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे, इसके पहले भानोत के समर्थन महिला कार्यकर्ताओं ने पैदल रैली निकाली। इसके माध्यम से आमजनों से भानोत को वोट देने का आग्रह किया गया। इस दौरान भानोत के समर्थन में नारे लगाये गये।

# धूमधाम से मनाई अमर शहीद बिरसा मुंडा की 148वी जन्म जयंती



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ जबलपुर द्वारा प्रात: 9: 30 बजे वीर विप्लव युवा शहीद अमर शहीद वीर बिरसा मुंडा की जयंती बड़ी शालीनता एवं श्रद्धा के साथ मनाई, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के बाद बिरसा मुंडा की जीवन पर प्रकाश डाला गयाद्य एवं आदिवासियों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई क्योंकि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान में हो रहे चुनाव में आदिवासियों पर पंचवर्षीय योजना में उनकी शिक्षा उनके विकास के लिए कोई भी योजना नहीं सभी यह चाहते हैं यह समाज भूमि विहीन हो जाए अशिक्षित रहे एवं सरकारों से कोई मांग ना करें आदिवासी समाज आज इस बात पर चिंतित है की आने वाली भाभी पीढ़ी शिक्षित हो पाएगी या नहीं उनको उनके अधिकार मिल पाएंगे या नहीं या राजनीतिक बलि चढ़ जाएगी हम सभी यह मांग करते हैं कि देश की सभी दल आदिवासियों को वोट बैंक ना समझे उनके उत्थान के लिए उनके शिक्षा के लिए उनके स्वास्थ्य के लिए काम करें। कार्यक्रम में कौशल्या गोटियां, रोशन लाल कोल कुंजी लाल गोटियां, बाबा गोटिया, जेठू लालकोल, अनिता गोटिया, अशोक गोटिया, शिव गोटिया, बालवीर,गणेश, लक्ष्मी नारायण, जितेन्द्र, लालू, बाल्मिक,आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थिति थे।

# अपार समर्थकों के साथ विनय सक्सेना ने हासिल किया जन आशीर्वाद



जन समर्थन रैली

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना बुधवार को अपनी पार्टी और समर्थकों से भरी भव्य रैली लेकर उत्तर मध्य की सड़कों पर अपनी पार्टी के ध्वज लहराते निकले। मिलौनीगंज चौक से प्रारंभ हुई वाहन रैली ने कोतवाली, सराफा, बड़ा फुहारा, लॉर्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक, महाराष्ट्र हाई स्कूल, रानीताल, यादव कॉलोनी, लेबर चौक, एम आर 4 रोड, विजय नगर, माढ़ोताल, दमोह नाका, बलदेवबाग, आगा चौक आदि मार्गों का भ्रमण किया और जनता का आशीर्वाद हासिल किया। इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू, जितिन राज, राजेंद्र यादव, सतीश उपाध्याय, सतेंद्र जैन जुग्गू, रमेश बड़कुल, संजय काश्मीर, राकेश चौधरी, कदीर सोनी,यतीश अग्रवाल, सतीश तिवारी, सुभाष अग्रवाल, पंकज पांडे अशोक गुप्ता, मुकेश राठौर, पप्पू वसीम खान, लखन चौबे आदि मौजूद थे।

# पश्चिम विधानसभा को प्रदेश का रोल मॉडल बनाने भाजपा को वोट दें : राकेश सिंह



चारो मंडलों में वाहन रैली निकाली

**जबलपुर, देशबन्धु।** हम जबलपुर पश्चिम का सर्वांगीण विकास करने में विश्वास रखते हैं। हमारा लक्ष्य है, अगले दस वर्षों में हमारा जबलपुर पश्चिम प्रदेश का, सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र बने। हमें जबलपुर पश्चिम को, प्रदेश का रोल मॉडल बनाना है। यह कहना था पश्चिम से पार्टी के प्रत्याशी राकेश सिंह का। उन्होंने आदि शंकराचार्य चौक से शहीद भगत सिंह चौक तक पैदल मार्च निकाला।

इसके पहले सिंह ने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति में आप सभी का पूर्ण सहयोग रहेगा और आपका वोट रूपी आशीर्वाद 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा, यह बात पश्चिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी श्री राकेश सिंह ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पश्चिम विधानसभा के चारो मंडलों में भाजपा द्वारा निकाली गई, वही वाहन रैली भी निकाली गई है, जिसमें कार्यकर्ता शामिल रहे।

# ये ही कर सकेंगे मतदान केन्द्रों में प्रवेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के अलावा केवल ऐसे व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे जिन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमति दी गई है । इनमें मतदान अधिकारी, निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, उम्मीदवार, उसका निर्वाचन अभिकर्ता और उम्मीदवार का एक बार में एक मतदान अभिकर्ता, आयोग द्वारा प्राधिकृत किये गये व्यक्ति एवं निर्वाचन के संबंध में कर्त्तव्यारूढ़ वाले सेवक ही शामिल हैं। इनके साथ ही मतदाता के साथ में गोद में कोई बच्चा, ऐसे अंधे और शिथिलांग मतदाता जो बिना सहायता के चल फिर नहीं सकते, के साथ कोई एक व्यक्ति तथा ऐसे अन्य व्यक्ति जिन्हें समय-समय पर मतदाताओं की पहचान करने के या मतदान कराते समय पीठासीन अधिकारी की सहायता करने के प्रयोजनार्थ बुलाया गया हो, भी मतदान केन्द्र में भीतर प्रवेश कर सकेंगे।

## मतदान सामग्री प्राप्त के पहले पता चलेगा किसे कहां कराना है मतदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा का चुनाव कराने गठित मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण स्थल पर बताया जायेगा कि उन्हें किस मतदान केन्द्र पर मतदान कराने जाना है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा की गई इस व्यवस्था के तहत विधानसभावार आबंटित मतदान दलों को अंतिम दौर की रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया से मतदान केन्द्र आबंटित किये जायेंगे। मतदान दलों को आबंटित मतदान केन्द्रों के ड्यूटी आदेश मतदान सामग्री वितरण के दिन सुबह उनके मोबाइल फोन पर एसएमएस से दी जायेगी । जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक मतदान दलों को मतदान केन्द्र के आबंटन के लिए अंतिम दौर का रेण्डमाइजेशन 15 नवंबर की रात 8 बजे निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों की मौजूदगी में होगा ।

### विधानसभा चुनाव

# मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर निर्देश जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर आदेश जारी किया है ।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जारी किये गये इस आदेश कहा गया है कि मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे ।

आदेश के अनुसार मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड़ में रखना होगा। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिये मोबाईल फोन का उपयोग कर सकेंगे। आदेश के मुताबिक बूथ लेवल ऑफिसर को वोटर असिस्टेंट बूथ पर तैनाती के दौरान ही अपने मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति होगी।

# उत्तर मध्य में नेता नहीं अभिलाष के रूप में बेटा चुनें : वीडी शर्मा



बाइक रैली निकाली

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा में जनता अपने काम के लिए, विकास के लिए, नेता नहीं अभिलाष के रूप में बेटा चुनें और विधानसभा में भाजपा को मजबूत करें ताकि भाजपा की सरकार बने जिससे देश एवं प्रदेश मजबूत बने यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने उत्तर विधानसभा प्रत्याशी अभिलाष पांडे के समर्थन में निकली रैली में कही।

शर्मा ने कहा कि प्रदेश सशक्त बनाने के लिए, गरीबों के कल्याण के लिए एवं 2024 में पुन: आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिए 2023 में भाजपा की सरकार प्रदेश में बनना आवश्यक है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, प्रभात साहू, सदानंद गोडबोले, सुधीर नायक, धीरज पटेरिया, मुकेश यादव, मनीष जैन कल्लू, चक्रेश नायक, दीप महदेले, अभिषेक तिवारी, योगेश बिलोहा, अतुल जैन दानी, संतोष आदि मौजूद थे।

# खिलाड़ियों के लिए मिनी स्टेडियम बनाने का प्रयास : लखन घनघोरिया



पार्टी के कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कांचघर खेरमाई मंदिर से प्रारम्भ होकर पुलिस लाइन, समदड़िया कॉलोनी, मेन रोड, समीक्षा टाउन से होते हुए जेल लाइन में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनता से कहा कि पूर्व क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए मिनी स्टेडियम बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जो पूर्व से मरघटाई के पास तैयार होने जा रहा है श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में छुई खादान के पास मिनी स्टेडियम बनाने का प्रयास करूंगा आगे कहा कि पूर्व क्षेत्र में खिलाड़ियों एवं हाथकला तथा सांस्कृतिक कलाकारों की कमी नहीं है उनका मनोबल बढ़ाकर प्रदेश एवंदेश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान आरिफ पहलवान, आजिर खान, परवेज अख्तर, एस.के. शहजाद, मुरली धर राव, सचिन रजक, संजय साहू, बिल्लू यादव, अनूप श्रीवास्तव, सुजीत यादव मौजूद थे।

## कपाट मंगल के लिए देहरादून पहुंचे, शंकराचार्य महाराज



**जबलपुर, देशबन्धु।** परमाराध्य परमधर्माधीश अनंत श्रीविभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर अनन्त श्रीविभूषित जगतगुरू शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज चार दिवसीय उत्तराखंड प्रवास पर बुधवार को देहरादून पहुंचे।

एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत एवम अभिनंदन किया गया । कल शंकराचार्य हरिद्वार से जोशीमठ के लिए प्रस्थान करेंगे। 17 तारीख को बद्रीनाथ धाम पहुंचेंगे। 18 तारीख को मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य मौजूद रहेंगे। देहरादून एयरपोर्ट पर पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि बद्रीनाथ मंदिर के कपाट आगामी 18 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो रहे हैं। वे दूसरी बार बतौर शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर उपस्थित रहेंगे। शंकराचार्य महाराज ने कहा कि इस वर्ष बड़ी संख्या में उत्तराखंड स्थित चार धामों गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में श्रद्धालु आए। लेकिन यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा शीतकालीन यात्रा पर भी ध्यान केंद्रित किए जाने की आवश्यकता है। इसकी शुरुआत ज्योर्तिमठ की ओर से विगत वर्ष से प्रारंभ हो गई है। महाराज ने कहा वे स्वयं जल्दी ही शीतकालीन पूजा स्थलों की यात्रा करेंगे।

इस अवसर पर शंकराचार्य मठ के प्रभारी श्रवणानन्द ब्रहमचारी, ज्योतिर्मठ प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुदानंद, ज्योतिर्मठ के मीडिया प्रभारी डॉ बृजेश सती, बद्रीनाथ, केदारनाथ मन्दिर समिति के सदस्य आशुतोष डिमरी, चमोली मंगलम के जिला प्रमुख प्रकाश रावत, महापंचायत के उपाध्यक्ष उमेश सती, सरस्वती विकास समिति गजेन्द्र भण्डारी, भैरव सेना के संदीप खत्री, आदि उपस्थित रहे ।

## हर्षोल्लास से मनाया गया गुरूगद्दी दिवस



जबलपुर,देशबन्धु। आज्ञा भाई अकाल की तभै चलायो पंथ, सब सिक्खन को हुक्म है गुरू मानयों ग्रंथ, वाहो वाहो बाणी निरंकार है, दशमेश पिता गुरू गोबिंद सिंघ ने दिव्य ज्योत में लीन होते समय सिक्खों को निर्देशित कर निर्णय लिया कि अब उनके बाद कोई भी देहधारी गुरू नहीं होगा, अब केवल शब्दगुरू श्री गुरूग्रंथ साहिब ही गुरू पद पर आसीन होंगे जो केवल सिक्ख ही नहीं बल्कि समस्त मानवता की कल्याणकारी अनमोल निधि है, उक्त विचार भाई हरविन्दर सिंघ कथावाचक ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा यह हुक्म हैं जिसे हमने स्वीकार करना है, शब्दगुरू से जुड़कर ही जीवन सार्थक करना है। उन्होंने कहा गुरू ग्रंथ साहिब विश व का एकमात्र ग्रंथ है जिसे गुरू की पदवी प्राप्त है। हाथीताल गुरूद्वारे में सिक्ख धर्मावलंबियों द्वारा गुरू ग्रंथ साहिब का गुरूगद्दी दिवस श्रद्धाभक्ति व उत्साह के साथ मनाया गया। भारी संख्या में संगत ने उपस्थित होकर गुरू का आशीष प्राप्त किया। इस मौके पर अनेक कीर्तनी जत्थों ने इलाही बाणी व सिक्ख इतिहास की रसवर्षा से संगत को सराबोर किया। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि गुरूद्वारे में माथा टेकने पहुंचे और लोगों को पर्व की शुभकामनाऐं दी। आयोजकों द्वारा समाज के होनहार बच्चों का स्मृति चिन्ह व शिरोपा भेंटकर सम्मान किया। गुरू के अटूट लंगर दिनभर जारी रहे। समापन पर ग्रंथी साहिबान द्वारा समस्त मानवता के कल्याण, विश्व शांति की अरदास सम्पन्न कर आयोजन का समापन किया। कार्यक्रम में कमेटी के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नर्मदा परिक्रमा में 51 से अधिक संकीर्तन मंडल होंगे शामिल

जबलपुर, देशबन्धु। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा सोमवार को पूज्य संत महात्मा एवं देश के शहीद परिवारों के परिजन के नेतृत्व में प्रात: 8.30 बजे निकाली जाएगी। इस पंचकोशी परिक्रमा में गांव-गांव से संकीर्तन मंडल की टुकड़ियां परिक्रमा में शामिल होने आएंगी। परिक्रमा संचालक हनुमान जी महाराज का पूजन-अर्चन और हनुमान चालीसा के बाद परिक्रमा आरंभ होगी। उपस्थिति की अपील मनमोहन दुबे, संतोष अग्रहरि, दुर्गा पटेल, सेवाराम दहिया, समर सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, सत्य प्रकाश नामदेव, देवेंद्र नेमा, मंगल सिंह पटेल आदि ने की है।

## बैनर-पोस्टर दिखाकर, दिया अंगदान करने का संदेश




**जबलपुर, देशबन्धु।** सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 मंगलवार को रिलीज हो गई है। सलमान खान वर्ल्ड फर्स्ट फैन क्लब जबलपुर बीइंग सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था ने फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने पहुंचे। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभात बर्मन ने बताया कि हम सलमान खान की हर फिल्म फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखते हैं, और पूरा सिनेमा हॉल बुक करते हैं, इस बार भी हमने बैंड-बाजों के साथ टाइगर 3 का स्वागत किया पहला शो देखा। सिनेमा घर के बाहर डांस किया और इस मौके पर बैनर पोस्टर के माध्यम से अंगदान जागरूकता का संदेश दिया। यह विश्व का पहला सलमान खान फैंस क्लब है, जो बीइंग सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के नाम से रजिस्टर्ड है। जबलपुर सलमान खान फैंस का गढ़ है। सलमान खान फैंस क्लबों का संचालन जबलपुर शहर से होता है, जो देश भर में अंगदान जागरूकता, रक्तदान, भोजन वितरण आदि मानव कल्याण के कार्य करते हैं। जबलपुर में अंगदान का एक विशेष संस्थान नहीं है, इसलिए भारत के सबसे बड़े अंगदान संस्थान नोटों भारत सरकार और मोह्न फाउंडेशन के साथ जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त कर हम जागरूकता अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं, ताकि अंगदान करने वालों को बढ़ावा मिल सके,और पीड़ित को जीवन दान मिल सके, इस अवसर पर समीर, कपिल बर्मन, रोह्ति पाठक, अजय वरसे, अहफाज खान, आदि फैंस बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

### वर्ल्ड फिलोसिफी डे

## स्वयं के सवालों का जवाब खोजना है दर्शनशास्त्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** जीवन से जुड़े सवालों के जवाब खोजना ही दर्शनशास्त्र है। दर्शनशास्त्र की यह परिभाषा लोगों को ओशो ने सिखाई। उन्होंने कहा कि स्वयं के सवालों के जवाब खोजना ही असल दर्शनशास्त्र है। उनकी यह बात युवाओं के लिए प्रासंगिक है, क्योंकि वर्तमान पर्रिस्थितियों में युवाओं में किसी भी विषय को लेकर दुविधा की स्थिति बनी रहती है। फिर चाहे वह कॅरियर को लेकर हो या फिर फैमिली। ऐसे में फिलासिफी का फंडा जीवन की पाठशाला बनता है। जीवन के कुछ ऐसे ही सवालों के जवाब के लिए ही हर साल 16 नवम्बर को वर्ल्ड फिलासिफी दिवस मनाया जाता है।

**दर्शन में युवाओं का रुझान**-शहर में दर्शनशास्त्र को लेकर युवाओं को खासा रुझान है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में दर्शन विभाग के साथ में गवर्नमेंट महाकोशल कॉलेज और मानकुंवर कॉलेज में दर्शनशास्त्र के डिग्री कोर्स हैं।

**ओशो ने सिखाया जीवन दर्शन**-रजनीश ओशो ने जीवन के नए दर्शन से रूबरू करवाया है। महाकोशल कॉलेज में उन्होंने अध्यापन के दौरान दर्शनशास्त्र के हर पहलु का खुद अध्ययन कर उसे जीवन में समाहित किया।

### इनका कहना है

महाकोशल में ओशो ने अध्यापन करवाया है। दर्शनशास्त्र में उनसा सानी कोई नहीं है। अब महाकोशल का नाम भी ओशो कॉलेज हो गया है।

**डॉ. अरुण शुक्ला, प्रोफेसर**

दर्शनशास्त्र को पसंद करने युवाओं में इस विषय के प्रति रुझान है। जीवन जीने की असल कला दर्शनशास्त्र के जरिए ही मिलती है।

**-डॉ. शोभना खरे**
रिटायर्ड प्रोफेसर

## स्टाइल के न्यू स्टेटमेंट में छाया कॉर्ड सेट

### सिटी गर्ल्स और लेडीज में किया जा रहा है पसंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** सिटी फैशन टाइम टू टाइम अपडेट रहा है। कुछ साल पहले तक जहां किसी भी फैशन ट्रेंड को शहर आने में समय लगता है, लेकिन अब लेटेस्ट फैशन ट्रेंड जबलपुरियंस के फैशन स्टेटमेंट को बढ़ा रहे हैं। ऐसा ही फैशन ट्रेंड इन दिनों कॉर्ड सेट के रूप में नजर आ रहा है। कॉर्ड सेट लेटेस्ट फैशन में शामिल होकर सिटी गर्ल्स और लेडीज को स्टाइलिश लुक दे रहा है। फेस्टिव सीजन के बाद अब वेडिंग सीजन के लिए इसकी डिमांड खूब है।

**मिलता है कूल लुक**-कॉर्ड सेट देखने में किसी नाइट ड्रेस की तरह दिखते हैं, लेकिन स्टेंड कॉलर के साथ इसे कैरी करना बेहद कूल लुक देता है।

विभू कहती हैं कि उन्हें कॉर्ड सेट काफी पसंद है। आउटिंग से लेकर पार्टीज तक में यह सिम्पल और सोबर लुक देते हैं। कॉलेज में वे हमेशा कॉर्ड सेट पहनना पसंद करती हैं।

**डिफरेंट फैब्रिक में**-कॉर्ड सेट सैटिन, लिनन, कॉटन के साथ अन्य फैब्रिक में स्टाइल बढ़ा रहे हैं। हेमश्री का कहना है कि कॉर्ड सेट इन दिनों ट्रेंड में है। पहले इसे नाइट सूट की तरह दिखने के कारण काफी ट्रोल किया जा रहा था, लेकिन अब यह फैशन की फर्स्ट लिस्ट में नजर आ रहे हैं। मैंने कॉर्ड सेट के तीन सेट पर्चेज किए हैं, जिसे आउटिंग के साथ शॉपिंग पर कैरी करना कम्फर्टेबल लगता है।

**सेलिब्रेटीज से इंस्पायर**-कॉर्ड सेट का कलेक्शन मार्केट में सेलिब्रेटीज से इंस्पायर पैटर्न पर लॉन्च किया गया है। सेम पैटर्न में अपर और लोअर की मैचिंग की जाती है। इसलिए यह दिखने में काफी अट्रैक्टिव लुक देते हैं।

## आउटिंग के नाम रहा भाईदूज सेलिब्रेशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भाईदूज का सेलिब्रेशन लोगों के लिए आउटिंग के नाम रहा। सुबह से सैर-सपाटे पर निकले युवाओं ने होम सेलिब्रेशन के साथ-साथ घूमने में समय बिताया। यंगस्टर्स ने कहा कि भाईदूज का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस दौरान ना सिर्फ एक दूसरे से यह बॉडिंग का समय रहता है, बल्कि आपसी स्नेह भी बढ़ता है।

**कॉलेज से छुट्टी**-भाईदूज पर शहर के शिक्षण संस्थानों में अवकाश जैसा माहौल रहा। ज्यादातर यंगस्टर्स ने भाईदूज के लिए छुट्टी प्लान की थी। प्रीतिका सरावगी ने बताया कि उनकी फैमिली में 9 भाई-बहन हैं। सभी ने इस साल स्पेशल ड्रेसकोड प्लान किया था। सोशल मीडिया के रील्स और पोस्ट में उन्होंने हर अपडेट शेयर की है।



**मनचाहे मिले गिफ्ट्स**-भाई-बहनों ने एक दूसरे को मनचाहे गिफ्टस दिए। किसी को स्मार्टवॉच का गिफ्ट मिला, तो किसी को मनपसंद ड्रेस का सरप्राइज मिला। आरुषि अवस्थी का कहना है कि दिवाली के बाद वाला भाईदूज काफी पसंद है। क्योंकि इसमें ना सिर्फ दिवाली का इंजॉय साथ रहता है, बल्कि पूरी फैमिली का एक साथ रहता है।

### ब्रदर सिस्टर लव - मनचाहे गिफ्ट से बिखरी मुस्कान, रील्स में हुई शेयरिंग

**मूवी, लंच और डिनर**-सिटी यंगस्टर्स ने भाईदूज पर तिलक के बाद पिकनिक स्पॉट का रुख किया। कृतिका तोमर ने बताया कि भाईदूज पर सभी आउटिंग की प्लानिंग पहले से हो चुकी थी। ऐसे में आउटिंग के बाद मूवी, लंच, डिनर करके दिन सेलिब्रेट किया। सुमधुर कहती हैं कि वे मुम्बई में जॉब करती हैं, दिवाली और भाईदूज के लिए स्पेशल लीव लेकर होम टाउन आईं थीं।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 16 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक शुक्लपक्ष तृतीया। नक्षत्र-ज्येष्ठ।**

**मेष**
आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है।

**वृषभ**
शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें।

**मिथुन**
आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

**कर्क**
व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहेगा। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आज आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।

**सिंह**
आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी।

**कन्या**
आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी।

क.

**तुला**
आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें।

**धनु**
आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी।

**मकर**
आज मन अस्वस्थ रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कामों पर धन का खर्च होगा। स्वजन और मित्रों के साथ अनबन होगी। धनहानि और मानहानि का योग है।

**कुंभ**
आज हर काम में आपको लाभ मिलने के योग रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज ना करें। व्यवसाय में विशेष लाभ होगा।

**मीन**
आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे।

मा.

## कांग्रेसजनों ने शहीद महानायक बिरसा मुंडा को अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**जबलपुर, देशबन्धु।** जल, जंगल, जमीन जैसे संसाधनों की रक्षा का विचार, नारी की रक्षा और सुरक्षा के साथ समाज की संस्कृति की मर्यादा बनाए रखने एवं 1894 में सभी आदिवासियों को संगठित कर अंग्रेजों से लगान माफी के लिए आंदोलन चलाने वाले व अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों को एकजुट करने वाले, स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक अमर शहीद बिरसा मुंडा जी की जन्म जयंती पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी ने आज अधारताल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी संगठन मंत्री मनोज सेठ, लक्ष्मण गोंटिया, राजेंद्र मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव, चमन पासी, नेम सिंह, विष्णु विनोदिया, अनिल गुप्ता, गंगा सिंह ठाकुर, दुर्गा प्रसाद कोरी, छोटू चौधरी आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## कायस्थ महासभा ने किया भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन




**जबलपुर,देशबन्धु।** पर्व हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते हैं त्यौहारों से हमारा आपसी सौहार्द स्थापित होता है। अत: हम सब पूरे हर्षोल्लास के साथ त्यौहारों में सम्मिलित होते है। भगवान श्री चित्रगुप्त का आर्शीवाद सदैव हम पर बना रहे और हम जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति कर सकें।

ऐसी शुभकामनाऐं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कायस्थ महासभा के कार्यालय एपीएन शैक्षणिक परिसर सदर में आयोजित चित्रगुप्त पूजन के अवसर पर प्रदान व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रारंभ कायस्थ कुलदेव भगवान श्री चित्रगुप्त का पूर्ण वैदिक विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ करते हुए सामूहिक आरती की गई। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सभी को चित्रगुप्त मंत्रलेखन पत्रिका एवं कलम भेंट करते हुए सभी से आग्रह किया। कि इस पत्रिका में प्रत्येक कायस्थ प्रतिदिन भगवान श्री चित्रगुप्त के मंत्र ऊँ यमय: धर्मराजय श्री चित्रगुप्ताय वै नम: के 11 मंत्रों का लेखन अवश्य करें जिससे भगवान चित्रगुप्त के आर्शीवाद से जीवन में सुख समृद्धि प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अनूप वर्मा, संतोष श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, विजय ख्रे, गणेश खरे, अजय खरे, महेन्द्र श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, शालिनी निगम, हिना निगम, पंकज श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में कायस्थजन उपस्थित रहे।

## क्रिश्चियन मंच ने संस्कारधानी के नागरिकों का माना आभार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि एक तरफ जहां राज्य में चुनावी का माहौल चरम पर है, तो वहीं दूसरी तरफ देश में क्रिकेट का वर्ल्ड कप चल रहा है। तीसरी तरफ जबलपुरवासी दीपावली का त्यौहार मना रहे हैं।

इसके बावजूद संस्कारधानी में कहीं भी हाई अलर्ट और धारा 144 का संदेश नहीं है, क्योंकि यह हमारे जबलपुर संस्कारधानी के लोगों का शुरू से ही संस्कार और परस्पर प्रेम तथा भाईचारा का एक बहुत बड़ा उदाहरण है।

जागरूक क्रिश्चियन मंच इस तरह से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जागरूकता और शांति के लिए जबलपुर के नागरिकों का शुक्रगुजार है। मंच एक फिर आग्रह करता है कि 17 नवंबर को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान अवश्य करें, और अपना राष्ट्रीय कर्तव्य पूर्ण करें। मंच के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जेम्स एंथोनी, फ्रांसिस एंथोनी, गुडविन चार्ल्स, विक्टोरिया दास, विनीता फ्रांसिस, कैरोलन अब्राहम, क्लरिता ग्रेगरी, डॉक्टर भावना शर्मा, एलिजाबेथ फ्रांसिस, ज्योति लाजारूस, नीतू नैंसी जेकब, मेरी जसेंटा मिखेल, एडमिन अब्राहम, मृदुल मार्टिन, मोनिका रसेल, रोजमेरी आदि ने राष्ट्र एवं मध्य प्रदेश हित में मतदान करने का आग्रह है।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्रीमती सुधा राय-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री केएल राय की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा राय (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण कुमार लखेरा-** गायत्री नगर अधारताल निवासी श्री कृष्ण कुमार लखेरा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चमेली बाई भाट-** प्रेमसागर झंडा चौक निवासी श्री दशरथ भाट की धर्मपत्नी श्रीमती चमेली बाई भाट (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शैलेंद्र परिहार-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री शैलेंद्र परिहार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामचरण ठाकुर-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री रामचरण ठाकुर (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोनू सोंधिया-** पचपेढ़ी सिविल लाइन निवासी श्री केशव प्रसाद सोंधिया के पुत्र श्री सोनू सोंधिया (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय सिंह परिहार-** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज के पास निवासी श्री विजय सिंह परिहार (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अजय सिंह राजपूत-** नेपियर टाउन निवासी श्री अजय सिंह राजपूत (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री महेश कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई कोरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बीरू बेन-** बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री बीरू बेन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश पटेल-** वैस्ट लैंड खमरिया निवासी श्री राकेश पटेल (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई विश्वकर्मा-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री कमला प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई विश्वकर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजाराम विश्वकर्मा-** गंगासागर एकता चौक निवासी श्री राजाराम विश्वकर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शुभम सोनकर-** घमापुर खटीक मोहल्ला निवासी श्री सुशील सोनकर के पुत्र श्री शुभम सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती यशोदा बाई-** कालीधाम भटौली ग्वारीघाट निवासी श्री बादामी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# इनोवा कार से लाई जा रही 2 हजार पाव देशी शराब पकड़ी गई



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस दो पहिया और चौपहिया वाहनों की चैकिंग सक्रियता के साथ कर रही है। इसमें मतदाताओं को लुभाने के लिये वितरण किये जाने वाली सामग्रियों पर भी निर्वाचन आयोग की नजर है। निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार बुधवार शाम 5 बजे से शराब दुकाने बंद करा दी गई हैं। जिसके चलते शराब तस्करी की संभावनाएं बढ़ गई है।

इसी कड़ी में कुण्डम थाना पुलिस ने ग्राम सरसवां में एक इनोवा कार में बड़ी मात्रा में शराब पकड़ी है। पुलिस ने इनोवा कार चालक नीतेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया है। इस संबंध में कुण्डम टीआई अनूप कुमार नामदेव ने बताया कि इनोवा कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 7482 में करीब 40 कार्टून में दो हजार पाव शराब भरकर चालक नीतेश विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी संजय नगर रावण पार्क रांझी कुण्डम की ओर रवाना हुआ। नीतेश जब ग्राम सरसवां से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार को रोक लिया। कार के रुकते ही पुलिस ने नीतेश विश्वकर्मा को हिरासत में लेकर कार की तलाशी ली तो पिछली सीट में 40 कार्टून शराब रखी मिली. पुलिस ने उक्त शराब व कार को जब्त कर नीतेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ में वह पुलिस को गुमराह करता रहा. इधर पुलिस का कहना है कि उक्त शराब शहर की ओर जा रही थी, जिसे ग्राम सरसवां में पकड़ा है. ऐसा संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि उक्त देशी शराब चुनाव में बांटने के लिए लाई जा रही थी। पुलिस ने आरोपी नीतेश विश्वकर्मा के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### संजीवनी नगर में भी पकड़ी गई अवैध शराब

इसी प्रकार संजीवनी नगर थाना प्रभारी रमेश कुमार नर्रे ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली कि धनवंतरी नगर चौराहे पर एक बलेनो कार एमपी 20 जेड एफ 8590 में अवैध रूप से अधिक मात्रा मे शराब लोड करवायी जा रही है। पुलिस ने सूचना पर तत्काल मौके पर दबिश दी, जहां एक कार में सवार चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अर्जुन शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी पीएनटी कॉलोनी धनवंतरी नगर बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो कार के पीछे की सीट में 3 कार्टून में एक 1 कार्टून में इंम्पीरियल ब्लू अंग्रेजी शराब की 12 बॉटल, 1 कार्टून में हाई स्टेग अंग्रेजी शराब की 12 बॉटल एवं 1 कॉर्टून में 7 बॉटल हाई स्टेग अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 21 हजार 450 रूपये की रखी मिली। जिसे बलेनो कार सहित जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### एफएसटी दल की पनागर में छापेमारी- चुनाव में खपने जा रही थी 477 लीटर शराब

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि बुधवार शाम 7:40 बजे सी विजिल एप के माध्यम से सूचना मिली कि बरझाई मोड़ के पास पनागर में शराब रखी गई है। निरीक्षण के लिए एफएसटी टीम व थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे, जहां 28 कार्टून में प्लेन शराब व 25 कार्टून में लाल शराब पाई गई। उक्त शराब की मात्रा 477 लीटर बताई गई है। टीम ने मौके पर ही पंचनामा बनाकर जब्ती की कार्यवाही की है।






## पमरे महाप्रबंधक के नेतृत्व में रेलवे की समीक्षा बैठक आयोजित

### यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रभावी कदम उठाये जा रहे

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षा में एवं मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों और तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम) की उपस्थिति बुधवार को साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सुरक्षा एवं सरंक्षा और समय-पालन पर विचार विमर्श किया गया।

महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के नेतृत्व में बुधवार की बैठक में पमरे पर चल रहे अधोसरंचना कार्य की प्रगति, सरंक्षा, गुड्स एवं पैसेंजर ट्रेनों की समयपालनता, लोडिंग परफॉरमेंस आदि पर चर्चा की गई। इसके अलावा अमृत भारत स्टेशनों के अंतर्गत चल रहे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यो, रेलखण्डों के ट्रैक की क्षमता में वृद्धि करते हुए 160 केएमपीएच तक गति बढ़ाने के लिए विभिन्न रूटों पर कार्य की प्रगति, नागदा-मथुरा रेलखण्ड पर कवच की प्रोग्रस रिपोर्ट की समीक्षा की गई। साथ ही ऑटोमेटिक ब्लॉक सिंगनलिंग, वन्दे भारत ट्रेनों के संचालन एवं रखरखाव की मॉनेटरिंग, गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल को बढ़ाने के लिए जोर दिया गया। पश्चिम मध्य रेलवे पर यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल सरंक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रभावी कदम उठाये जा रहे है।

## विधानसभा चुनाव- एसपी ने दिए निर्देश, सूचना मिलते ही क्विक रिस्पांस करें सेक्टर प्रभारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में 239 सेक्टर मोबाइल और 36 क्यूआरटी मोबाइल में लगे अधिकारियों को ब्रीफ किया। एसपी ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। संवेदनशील बूथों के अलाव अन्य सभी बूथों पर निरंतर पुलिस मोबाइल्स चलाई जा रही हैं, सीनियर ऑफिसर निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं और सभी अधिकरी अगले दो दिनों तक पूरे समय फील्ड पर रह कर व्यवस्थाएं संभालेंगे।

**गाइड लाइन के अनुसार हो रहा काम-** संवेदनशील बूथों के संबंध में एसपी ने बताया कि इलेक्शन कमीशन की गाइड लाइन के अनुसार ऐसे बूथों पर निरंतर कार्रवाई की गई और आगे भी होंगी। उन्होंने बताया कि लगातार इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन न हो पाए। उनके मुताबिक अब तक 24 से 25 एफआईआर विभन्न प्रकार के उल्लंघन पाए जाने पर की गई हैं।



**हर पल नजर बनाए रखेंगे**

एसपी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को लगातार ब्रीफिंग दी जा रही है। थाना प्रभारी लगातार अपने-अपने थानाक्षेत्रों में चुनाव पर प्रभावित करने वालों पर नजर बनाए हुए हैं और आवश्यकता पड़ने पर कार्रवाई भी की जा रही है। आने वाले दो दिनों में वे लगातार अपने क्षेत्रों में भ्रमण भी करेंगे।

## कलयुगी बेटे-बहु ने मां को पीटा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थाना में बीती देर रात लगभग 1 बजे मुन्नी बाई रजक उम्र 60 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके 2 लड़के हैं। बडा बेटा बालमुकुंद रजक उससे अलग बाजू वाले कमरे में अपनी पत्नी बच्चों के साथ रहता है, छोटा बेटा पप्पू साहू कॉलोनी पाटन में अपने पत्नी बच्चों के साथ रहता है। 14 बीती रात वह अपने कमरे का कचरा साफ करके बाहर सड़क के पास फैंक दिया, तभी बड़ा बेटा बालमुकुंद रजक बोला कि तुमने कचरा मेरे कमरे के सामने क्यों फैंका है, तो उसने कहा कि रोड तरफ फैंका है। इसी बात पर बालमुकुंद उसके साथ गालीगलौज कर उसका गला पकड़कर झकझौर दिया। वह बालमुकुंद से छूटकर भागी तो बालमुकुंद की पत्नी बिनीता रजक ने उसे पकड़ लिया तथा उसके बाल खींच तथा बालमुकुंद जान से मारने की धमकी दिया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 323, 324, 506, 34 भादवि का अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## सूने मकान के दरवाजे का कुंदा उखाड़ कर चोरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** विजयनगर थाना में रात मनोज कुमार जैन उम्र 50 वर्ष निवासी कंचनविहार विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 नवंबर को वह अपने परिवार के साथ पैतृक गांव दमोह परिवार सहित गया था, उसका भतीजा सुविध जैन 13 नवंबर को शाम लगभग 6 बजे घर में ताला लगाकर पैतृक गांव दमोह आ गया। 14 नवंबर को शाम लगभग 6 बजे वह अपने घर वापस आया उसके घर के दरवाजे का कुंदा उखड़ा हुआ था। अंदर जाकर देखा चार आलमारियों का ताला टूटा था कपड़े बिखरे पड़े थे। सोनी चांदी के जेवर तथा नगदी कुल कीमती लगभग 35 हजार रूपये की कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। उसकी मां तथा घर की महिलायें इस समय दमोह में है वापस आने पर और क्या सामग्री चोरी हुई है बतायेंगीं। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात अरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज मामले को जांच में लिया है।



## छपरा से जबलपुर के बीच केवल एक फेरा चलेगी स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए छपरा से जबलपुर के बीच केवल एक फेरा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 05113 छपरा-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 16 नवम्बर को छपरा स्टेशन से 11:05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन मध्य रात्रि में 00:15 बजे सतना, 02:20 बजे कटनी और भोर 04:10 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी। यह गाड़ी रास्ते में बलिया, गाजीपुरसिटी, औंडिहार, जौनपुर, वाराणसी, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना एवं कटनी स्टेशनों पर रुकेगी। तथा इसमें इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 15 शयनयान श्रेणी, 05 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 23 कोच रहेंगे।

## स्वतंत्रता एवं हिन्दुत्व के ध्वजरक्षक अमर बलिदानी बिरसा मुंडा की जयंती मनाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के द्वारा अधारताल तिराहे पर अमर बलिदानी बिरसा मुण्डा कि प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्या अर्पण किया गया। जिसमें आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के अध्यक्ष शंकर लाल गोटिया, शैलेश सिंह लोधी, भाजपा जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष अशोक गोटिया, आनन्दी लाल खलीफा, हर्ष गोटिया, किशोर गोटिया, उमा उइके, हेमंत ठाकुर, हिमसागर मरकाम, वर्षा मरकाम, आनंद पोर्ते, राधिका ठाकुर, लीला ठाकुर, राजेन्द्र गोटिया, विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस जयंती के अवसर आदिवासी सेवा कल्याण महासंघ के अध्यक्ष शंकर गोटिया ने कहा कि भारतीय इतिहास में स्व के लिए पूर्णाहुति देने वाले भगवान बिरसा मुण्डा न भूतों न भविष्यपति के अलोक में धरती आबा, ईश्वर का अवतार, हिन्दुत्व कि ध्वजावाहक, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी योद्धा के रूप में जन-जन के हृदय में बसे हुए हमें उनकी प्रेरणा से हिन्दुत्व रक्षा करने संकल्प लेकर आगे बढ़े और बुद्धी से काम ले यही बिरसा मुण्डा के प्रति पुष्पांजलि है।





## श्रद्धेय सुभाषचन्द्र बैनर्जी को याद किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति तथा सहज सरल स्वभाव के धनी श्रद्धेय सुभाषचन्द्र बैनर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर सिविल लाईन पचपेढ़ी स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने उनके बताए गए देश भक्ति के मार्ग पर चलने की शपथ ग्रहण की। सुभाष जी आदर्श पुरूष कड़े संघर्ष के पर्याय नि:स्वार्थ साधक और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे उन्होंने जनसंघ की स्थापना की।

इस अवसर पर पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी, रूमा बैनर्जी, रूपा बैनर्जी, आनंद बर्नाड, अंशुमान शुक्ला, राजेन्द्र सिंह, आशीष बैनर्जी, संदीप जैन, मोहन शर्मा, सुजीत बैनर्जी, चन्द्रशेखर नायकर, दीपांकर बैनर्जी, एलिक डिसूजा, उमाकांत मालवीय, किरण मुखर्जी, एड. प्रसन्नजीत चटर्जी, संजीव जायसवाल, संदीप गुप्ता, एवं विजन परिवार उपस्थित रहा।

## मतदाताओं को दवाई दुकानों पर मिलेगी विशेष छूट

**जबलपुर,देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में जिले में सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड बनाने की दिशा में किये जा रहे नवाचारों में जबलपुर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने वोट डाल चुके मतदाताओं को दवा दुकानों से दवाई खरीदने पर 16 प्रतिशत की विशेष छूट देने की घोषणा की है ।

विधानसभा चुनाव के लिये 17 नवंबर को हो रहे मतदान में प्रत्येक मतदाता को वोट डालने के लिये प्रेरित करने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन के निर्देशानुसार चलाई जा रही स्वीप की गतिविधियों के तहत रेस्टॉरेंट्स, होटल्स और सिनेमा हॉल द्वारा 10 प्रतिशत छूट देने के निर्णय के बाद अब जबलपुर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने भी दवा दुकानों से दवाई खरीदने पर 16 प्रतिशत की विशेष छूट मतदाताओं को देने का फैसला किया है।

## 48 घंटे की प्रतिबंधित अवधि के दौरान मीडिया के लिए चुनाव आयोग की गाइड लाइन जारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद 48 घंटे की अवधि के दौरान टेलीविजन, रेडियो चैनल, केबल नेटवर्क, इंटरनेट, वेबसाइट और सोशल मीडिया में प्रचार सामग्री को लेकर पहले से जारी गाइडलाइन में कुछ बिंदुओं पर पुन: स्पष्टीकरण दिया है। इसके तहत इस अवधि में इन माध्यमों से चुनावी मामले को प्रदर्शित करने पर पूर्णतया प्रतिबंधित है। चुनावी मामलों में चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या प्रभावित करने के इरादे या गणना किए गए मामले शामिल है।

निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि 48 घंटे की अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पैनलिस्टों प्रतिभागियों द्वारा किसी विशेष पार्टी या उम्मीदवारों के पक्ष में किसी भी तरह की अपील भी वर्जित है।

यदि ऐसा होता है तो इसे चुनाव परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है। इन 48 घंटे की अवधि के दौरान हर तरह के ओपिनियन पोल या कोई अन्य पोल सर्वेक्षण भी आर पी अधिनियम 1951 की धारा 126 ए के तहत प्रतिबंधित रहेगा। इसके उल्लंघन पर 2 वर्ष की अवधि तक कारावास या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने मीडिया को ज्योतिषियों, टेरो रीडरों, राजनीतिक विश्लेषकों आदि की भविष्यवाणियों सहित कार्यक्रमों के प्रसारण प्रकाशन से दूर रहने की भी सलाह दी है।




## जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया गया सन्त बिरसा मुंडा की जयंती

**जबलपुर, देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुंडा का 148वां जन्मोत्सव जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। अधारताल स्थित बिरसा मुंडा चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं विभिन्न पारंपरिक रीतियों से कार्यक्रम कर जनजाति जनकल्याण संस्था एवं गोंडवाना जन जागृति संस्था के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर देश के ऊपर निछावर जनजाति वर्ग के नायक नायिकाओं को भी याद किया गया। इतिहास का उल्लेख करते हुए बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा किए गए देश के प्रति बलिदान को अमिट बताते हुए जनजाति संस्थाओं ने गौरव दिवस मनाया। इस अवसर पर सारिका मरावी अंजना इनवाती वंदना तेकाम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# ओबीसी आरक्षण लागू करने भाजपा ने नहीं दिखाई सकरात्मकता

## ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने जारी किया श्वेतपत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने श्वेतपत्र जारी किया है। राज्यपाल द्वारा मप्र हाईकोर्ट में ओबीसी की ओर से पक्ष रखने नियुक्त विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह ने साफ किया है कि कांग्रेस व भाजपा का रवैया ओबीसी आरक्षण को लेकर अलग-अलग रहा है। इससे अंतत: नुकसान ओबीसी का हुआ है। हाईकोर्ट में मजबूती से ओबीसी का पक्ष रखने के लिए भाजपा सरकार ने ईमानदारी से सहयोग नहीं किया।

ओबीसी में सरकार की ओर से विशेष अधिवक्ता आरपी सिंह ने कहा कि आरक्षण को लेकर अपेक्षित जानकारियों के लिए लटकाया गया। जबकि कांग्रेस के शासनकाल में ओबीसी आरक्षण को लेकर अपेक्षाकृत सकारात्मक रुख अपनाया गया था। भाजपा सरकार के इस रवैये से ओबीसी वर्ग के लाखों युवाओं को नौकरी से वंचित होना पड़ा है। इसकी जितनी आलोचना की जाये कम है। 23 मई 2023 को भाजपा सरकार ने न्यायिक सेवा नियम 1994 में संविधान विरोधी संशोधन करके ओबीसी का आरक्षण समाप्त कर दिया। ओबीसी वर्ग के लिए समस्त अर्हताएं सामान्य-अनारक्षित वर्ग के समान निर्धारित कर दी गईं। ये सभी तथ्य उल्लेखनीय व विचारणीय हैं। जबकि कांग्रेस ने कमलेश्वर पटेल के अनुरोध पर ओबीसी प्रकरणों में पैरवी के लिए सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रा जयसिंह की सेवाएं सुनिश्चित की गईं। लेकिन भाजपा सरकार से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता तुषार मेहता को पैरवी के लिए बुलाने के नाम पर प्रकरण को बार-बार आगे बढ़वाने का तरीका अपनाया गया।




## सेवानिवृत्त कर्मियों को दो वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ देने के निर्देश दिये है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश के तहत सेवानिवृत्त कर्मियों को वित्तीय लाभ दिये जाने संबंधी आदेश दिये है।

यह मामले जबलपुर निवासी सतीश कुमार गर्ग और छिदामी लाल सेन की ओर से दायर किये गये थे। जिसमें कहा गया था कि छठवें वेतन पुनर्निरीक्षण के नियमानुसार एक जुलाई को सेवा में रहने पर वार्षिक वेतनवृद्धि देय होती है, लेकिन याचिकाकर्ताओं ने 30 जून को ही सेवा पूरी कर ली थी। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने 17 अगस्त 2023 को फैसला देते हुए कहा था कि 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भी वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाये। सुनवाई पश्चात् न्यायालयने मामले का पटाक्षेप करते हुए सुप्रीम कोर्ट दिशा निर्देश के तहत याचिकाकर्ताओं को लाभ देने के निर्देश दिये है।

# भाईदूज पर बहनों ने लगाया स्नेह का टीका

## भाई की लम्बी उम्र की कामना की





**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम में दीप पर्व दीपावली सकुशल संपन्न होने के बाद धार्मिक पर्व श्रंखला आगे बढ़ी और अगले दिन गोवर्धन पूजा, भाई दूज की धूम मची। बुधवार को भाई-बहन के प्रेम स्नेह का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर टिका लगाकर लंबी उम्र की कामना की तो वहीं भाइयों ने भी बहन को उपहार भेंटकर उनकी रक्षा का वचन दिया।कई जगह बहिनों ने भाई के माथे पर हल्दी चूने का तिलक लगाया।भैया दूज त्योहार का उल्लास सुबह से ही बहनों में देखने को मिला। बहनें भाइयों की लंबी उम्र के लिए उपवास रखकर उन्हें हल्दी चूने का तिलक कर आरती उतारी तो वहीं हल्दी चंदन का तिलक भाइयों के माथे को अलंकृत करता दिखा। भाइयों का मुंह मीठा कर बहनों ने ईश्वर से उनकी दीर्घायु तथा सुख व समृद्धि जीवन की कामना की। बहनों के इस अटूट प्रेम में भाई भी पीछे नहीं रहे। भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर उन्हें आजीवन रक्षा एवं सहयोग का वचन दिया। भाई बहन का स्नेहिल व्यवहार देखकर घर के बड़े बुजुर्ग भी प्रसन्न हुए।

**इसीलिये लगाते हल्दी-चूने का तिलक-** पौराणिक राघवेन्द्र त्रिपाठी एवम मनीष त्रिपाठी ने कहा है कि दरअसल, दूज का पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। हल्दी और चूना दो अलग-अलग रंगों के बीच प्रेम का बड़ा प्रतीक है। जब दोनों मिलते हैं तो दोनों अपना अपना रंग भूलकर एक नया रंग बन जाते हैं। हल्दी अपना पीलापन छोड़ देती है और चूना अपनी सफेदी छोड़ देता है। भक्त कवि रहीम ने इस प्रेम को एक दोहे में पिरोया है।रहिमन प्रीति सराहिए मिले होत रंग दून। ज्यों जरदी हरदी तजै तजै सफेदी चून।। गांधीग्राम के रामजानकी मन्दिर में ग्राम की बहुत सी बहिनो ने पहले मन्दिर में अष्ट धातुओं से निर्मित भगवान श्री कृष्ण लड्डू गोपाल की नयनाभिराम मूर्तियों को तिलक वन्दन कर पूजा की फिर घरों में अपने भाइयों को भाईदूज का तिलक वन्दन किया।

# त्यौहार पर भी नहीं उठ पा रहा है कचरा गंदगी से बजबजा रही नाली



**बरेला, देशबन्धु।** नगर परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत वार्डो से प्रतिदिन कचरा उठाए जाने का दावा किया जाता है तथा डोर टू डोर कचरा संग्रहण किए जाने हेतु कचरा गाड़ी चलाने का नगर वासियों से प्रतिवर्ष टैक्स भी लिया जाता है किंतु इसके बाद भी वार्ड में परिणाम वही ढाक के तीन पात हैं जिसके फलस्वरूप वार्डो में अनेक जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं इसका जीता जागता उदाहरण वार्ड नंबर 6 स्तिथ हिमांशु साहू के घर के पास बना हुआ कचरा घर है जहां पर विगत आठ दस दिन से कचरे का ढेर लगा हुआ है जहां पर कचरा घर लबालब भरा पड़ा है तथा आवारा जानवर इस कचरे के ढेर को पास ही नाली में फैला रहे हैं जिसके कारण नाली भी आए दिन जाम हो रही है ।नाली भी गंदगी से बजबजा रही है तथा उसका गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।किंतु नगर परिषद में के जवाब देह अधिकारियों द्वारा कचरा उठाने में कोई रुचि नहीं ली जा रही है अपितु कागजों में नगर को स्वच्छ बनाने में जुटे हुए हैं। वार्ड नंबर 6 के निवासी महेंद्र साहू, एवं आशीष पटेल का कहना है कि नगर परिषद द्वारा जब प्रतिदिन कचरा गाड़ी से कचरा उठाए जाने का प्रावधान है तो फिर वार्डों में कचरे का ढेर क्यों लगा हुआ है।

नगर परिषद द्वारा वर्तमान में कचरा उठाने में जमकर हीला हवाली की जा रही है बस्ती अंदर अनेक जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नगर परिषद द्वारा केवल रोड पर ही स्वच्छता दिखाने के लिए प्रतिदिन सुबह झाड़ू लगाई जाती है तथा कचरा संग्रहण किया जाता है किंतु बस्ती अंदर कचरा देखने वाला कोई नहीं है। उपयंत्री यहां पर मुख्यालय में नहीं रहते हैं और सी एम ओ एवं सफाई प्रभारी के द्वारा ना ही वार्ड में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया जाता है जिसके कारण कर्मचारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं। स्थानीय निवासी श्रीमती संध्या साहू का कहना है कि जब नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन कचरा उठाया जा रहा है तो वार्डों में कचरा क्यों पड़ा हुआ है। उन्होंने यहां पर कचरा डंप किए जाने का भी विरोध किया है इस डंप किए हुए कचरे के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने का भी अंदेशा बना हुआ है किंतु नगर परिषद के अधिकारी कुंभकरण निद्रा में लीन है उन्हें इस समस्या से कोई सरोकार नहीं है ।

## सार-समाचार

### मप्र कांग्रेस कमेटी में श्रीनारायण रिछारिया उपाध्यक्ष नियुक्ति

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार श्रीनारायण रिछारिया को मप्र कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भावना अनुसार पार्टी संगठन की मजबूती के लिए सौंपे गए दायित्व का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा से करेंगे। श्री रिछारिया की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

### मप्र कांग्रेस कमेटी में हाकम सिंह लोधी महामंत्री नियुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार हाकम सिंह लोधी को मप्र कांग्रेस कमेटी में महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। वे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे



की भावना अनुसार पार्टी संगठन की मजबूती के लिए सौंपे गए दायित्व का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा से करेंगे। श्री लोधी की नियुक्ति पर अजय टंडन, रतनचंद जैन, डॉ. मनीष दुबे, राव बृजेन्द्र सिंह, प्रतापसिंह लोधी, बिजय दुबे, सीतू पंडा, योगेश वाजपेई, संध्या रोशन नायक, श्याम पांडे, अंशु दुबे, विजय दुबे सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

### 9वीं से 12वीं कक्षा तक की छमाही परीक्षाएं 6 दिसंबर से

**गाडरवारा, देशबन्धु।** सरकारी स्कूलों की नौवीं से 12वीं तक की छमाही परीक्षाएं छह दिसंबर से शुरू होंगी। इस परीक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा में भी जुड़ेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने समयसारिणी जारी कर दी है। नौवीं व 10वीं की परीक्षा छह दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर को समाप्त होगी। परीक्षा का समय सुबह नौ बजे से 12 बजे तक रहेगा। वहीं, 11वीं-12वीं की परीक्षा छह दिसंबर से शुरू होकर 16 दिसंबर को समाप्त होगी। परीक्षा का समय प्रश्न-पत्रों के अनुसार अलग-अलग रखा गया है। कुछ परीक्षाओं का समय सुबह नौ से 12 बजे व कुछ का दोपहर दो से पांच बजे तक रहेगा। इसके अलावा नौवीं व 10वीं की प्रायोगिक परीक्षाएं छह से 15 दिसंबर के बीच व 11वीं-12वीं की छह से 16 दिसंबर के बीच होगी। आंतरिक मूल्यांकन के अंकों का लाभ 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षा में मिलेगा। बता दें कि मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं की परीक्षा फरवरी के मध्य से शुरू हो रही है। बोर्ड परीक्षा के दो महीने पहले छमाही परीक्षा होगी। वहीं इस बार प्री-बोर्ड परीक्षा होने की संभावना नहीं है। इस बार स्थानांतरण, वरिष्ठता सूची जारी करने व विधानसभा चुनाव के चलते स्कूलों में पाठ्यक्रम भी पूरा नहीं हो सका है। अधिकतर स्कूलों में 50 फीसद से भी कम पाठ्यक्रम पूरा हुआ है। स्कूलों में मतदान केंद्र बनाने और शिक्षकों की ड्यूटी चुनाव में लगाए जाने के कारण फिलहाल 20 नवंबर के बाद ही पढ़ाई शुरू हो सकेगी। इसके बाद छमाही परीक्षा शुरू हो जाएगी।

# मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने नगर पालिका ने निकाली जागरुकता रैली





**पनागर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद पनागर द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष शर्मा के निर्देशन में नगर पालिका कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर पालिका से शुरू हुई जो सब्जी मंडी, गल्ला बाजार, एवं नगर के मुख्य बाज़ार कमानिया गेट से मतदाताओं को जागरूक करते हुए आगे बढ़ी। रैली में मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए मतदान गीत व निर्वाचन आयोग की अपील का प्रयोग किया गया। रैली के दौरान स्व सहायता समूह, आगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका तथा नगर पालिका कर्मचारियों ने मतदाता जागरुकता के लिए स्लोगन व नारों का भी उपयोग किया। रैली के समापन के बाद सभी को मतदान के लिए शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर सहायक यंत्री नम्रता बरारे, श्रीमती चंद्र बेन व समस्त नगरपालिका व महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे

# विधानसभा चुनाव का शोरगुल थमा, कल होगा मतदान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। अब इसका चुनावी शोरगुल मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले 15 नवंबर की शाम 6 बजे से थम गया। इसके बाद अब कोई भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल अपने चुनावी प्रचार के लिए जुलूस व आम सभाएं नहीं कर पाएंगे। ये नियम सोशल मीडिया पर भी लागू होगा।

बता दें कि चुनाव प्रचार थमते ही लाउड स्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध लग गया। अब इन 48 घंटों के दौरान उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे। 15 नवंबर बुधवार को शाम छह बजे से शुक्रवार को मतदान समाप्ति तक शराब पर प्रतिबंध लगाया है।

### ये रहेगा प्रतिबंध

चुनाव आयोग के मुताबिक मतदान से 48 घंटे पहले सार्वजनिक सभा, लाउड स्पीकर और जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा। उम्मीदवार निर्वाचन के संबंध में कोई जूलूस व सार्वजनिक रैली नहीं कर पाएंगे। इसके साथ ही सोशल मीडिया का उपयोग करके भी प्रचार नहीं होगा।

### आदेश के उल्लंघन पर कार्रवाई

आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि मतदान के 48 घंटे पूर्व उम्मीदवार या राजनीतिक दल लोगों को आकर्षित करने के लिए किसी भी प्रकार का कोई नाटक, संगीत, अभिनय, अन्य मनोरंजन करके प्रचार नहीं कर पाएगा. इन प्रतिबंधों का उल्लघंन करने पर आयोग ने वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। इसका उल्लंघन करने पर 2 साल का कारावास और जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

### 3 दिसंबर को आएंगे नतीजे

गौरतलब है कि 17 नवंबर को एक चरण में मध्यप्रदेश में वोटिंग की जाएगी और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी. मतदाता 230 विधानसभा क्षेत्रों से अपना विधायक चुनेंगे. जिसमें कांग्रेस, बीजेपी, बसपा और निर्दलीय कैंडिडेट अपनी किस्मत को अजमाएंगे।

# आबकारी सिहोरा ने जब्त की 17 लाख रुपये से अधिक की शराब और महुआ लाहन

### शाम 6 बजे बंद हुई समस्त मदिरा दुकाने



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के चलते आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। नशे के कारोबारियों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश एवं अवैध मदिरा के संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन के अपराधों पर नियंत्रण के उद्देश्य से चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर जबलपुर के निर्देशन में एवं सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर के मार्गदर्शन में वृत्त सिहोरा में पदस्थ आबकारी उप निरीक्षक जिनेन्द्र कुमार जैन के नेतृत्व में आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद से सिहोरा एवं पाटन विधानसभा मे अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत लगातार कार्यवाही की जा रही है। विधानसभा चुनाव दिनांक 17 नवंबर को है। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात दिनांक 15 नवंबर की शाम 6 बजे माननीय कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार वृत्त सिहोरा मे स्थित समस्त 29 कम्पोजिट मदिरा दुकाने 48 घंटे के लिए बंद कर दी गयी है। इस दौरान मदिरा का क्रय विक्रय पूर्णता प्रतिवन्धित रहेगा। आचार संहिता के दौरान आबकारी वृत्त सिहोरा के अंतर्गत आने वाले थाना सिहोरा, खितोला, गोसलपुर, मझगवां एवं मझौली मे कार्यवाही करते हुए कुल 84 प्रकरण पंजीवद्ध कर 970.0 लीटर मदिरा एवं 16450 लीटर महुआ लाहन बरामद किया गया ।

बरामद मदिरा एवं महुआ लाहन की अनुमानित कीमत लगभग 17.93 लाख रुपये है।

कार्रवाई के दौरान वृत्त सिहोरा के प्रभारी अधिकारी जिनेन्द्र कुमार जैन, आबकारी उपनिरीक्षक,नेकलाल बागरी, आबकारी मुख्य आरक्षक, फूल सिंह एटिया, संतलाल मरावी, अशोक सिंह बघेल, अमिता केशरवानी एवं ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह आबकारी आरक्षक उपस्थित रहे।

# बालिका मंडल ने गरीब बस्तियों में मनाई दिवाली



**पनागर, देशबन्धु।** ब्राह्मी विद्या बालिका मंडल पनागर के तत्वाधान में समिति की सदस्यों ने दीपावली के शुभ अवसर पर गरीब बस्तियों में जाकर मिठाइयां कपड़े दिए फल बिस्कुट नमकीन सेहत अन्य सामग्रियों का वितरण किया एवं उन्हें दीपावली की दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी को बधाई दी और एक नेक दिवाली और अच्छी दिवाली मनाई बालिका मंडल के अध्यक्ष सुशिमा मोदी कोषाध्यक्ष रश्मि सिंघाई लाली खजांची मानसी मोदी आर्य मोदी सृष्टि चौधरी संस्कृति जैन सिद्धि चौधरी मौली खजांची पलक मोदी परी मोदी के साथ अनेक महिला मंडल की बच्चियों भी सम्मिलित थी।

# बबूल के पेड़ से बाइक टकराई, दो की मौत, एक युवक गंभीर

## भाईदूज पर टीका लगवाने आये थे युवक, रास्ते में हुआ हादसा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मंगलवार को तेज रफ्तार से आ रही बाइक पेड़ से टकराई गई इस दर्दनाक हादसे में दो युवकों की घटना के दौरान मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक बगासपुर की तरफ से गोटेगांव की तरफ़ आ रहे तभी मोटर साइकिल चालक की गाड़ी रामनिवारी मोड़ के पास मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजें अनियंत्रित होकर बबूल के पेड़ से टकराने के कारण बाइक में सवार दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रामनिवारी के पास की है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के



स्थानीय ग्रामीण में घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। मिली जानकारी के अनुसार मन्नू पिता गोविंद ठाकुर 20 वर्ष निवासी गोर नदी बरेला जबलपुर , रंजीत पिता तुलसी ठाकुर उम्र 18 वर्ष निवासी बहरोड़ा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अशोक पिता विनोद झरिया 20 वर्ष निवासी हिनोतिया गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको प्राथमिक उपचार के लिए गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र लाया गया जहां से इलाज के बाद जबलपुर रेफर कर दिया । तभी कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची जहां ग्रामीण जनों से जानकारी ली बुधवार को घटना में मृतक दोनों युवकों को पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया गया है एवं पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दो युवकों का शव बबूल के पेड़ की डगार में फंस जाने के कारण मौत हुई है बाइक सवार भाई दूज में अपनी मौसी के घर टीका लगाने लगवाने के लिए आए हुए थे।

# जंगली सुअर के मांस के साथ 5 आरोपी धराए

## वन विभाग पश्चिम सामान्य लांजी की कार्यवाही

**लांजी, देशबन्धु।** लांजी क्षेत्र में अनेको बार जंगली सुअर से संबधित खबरें प्राप्त होती है कहीं करंट लगाकर जंगली सुअर का



शिकार कर दिया गया तो कही जंगली सुअर के मांस के साथ आरोपी गिरफतार हुये है। लांजी क्षेत्र के वन ग्रामो में जंगली सुअर अधिक मात्रा में दिखाई भी देते है जिसके कारण भी लोग जंगली सुअर का शिकार कर उसका मांस पका कर खाते है। लेकिन अभी ये जंगली सुअर का शिकार करने वाले, मांस पकाकर खाने वाले ये भूल जाते है जंगली सुअर को कारना या उसका मांस खाना दोनो कानूनन अपराध है जो कि गंभीर वन अधिनियम अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसा ही एक मामला 13 नवंबर 2023 को ग्राम पौनी पीपलगांव मे प्रकाश मे आया जहां मुखबिर के द्वारा वन विभाग पश्चिम सामान्य लांजी को सुअर के मांस के संबध में सूचना प्राप्त हुई थी। वन विभाग ने इस पूरे प्रकरण में दो मुख्य आरोपी राजू पिता लक्ष्मण उके उम्र 22 वर्ष निवासी रजेगांव तथा सुनील पिता ईठोबा खंगारे उम्र 19 वर्ष निवासी रजेगांव को हिरासत मे लिया गया है।

## पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई में एक आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में खुफिया आधारित सैन्य अभियान के दौरान एक आतंकवादी मारा गया है। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार देर रात कहा कि यह अभियान प्रांत के खैबर जिले के बारा इलाके में चलाया गया। आईएसपीआर के बयान में कहा गया है कि मारे गए आतंकवादी के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया।

# गाजा में हजारों मरते रहे और सऊदी में चला नाच-गाना

## 57 देशों की मीटिंग फेल हुई तो घिरे मुस्लिम देश



**गाजा।** गाजा पट्टी पर जारी इजरायल के भीषण हमलों के बीच शनिवार को सऊदी अरब के जेद्दाह शहर में 57 मुसलमान देशों की मीटिंग हुई थी। अरब लीग और ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कॉपरेशन की इस मीटिंग में इजरायली हमलों की आलोचना तो की गई, लेकिन किसी ठोस ऐक्शन पर सहमति नहीं बनी।

अब इसे लेकर सऊदी अरब समेत तुर्की, यूएई, बहरीन जैसे देश आलोचना का शिकार भी हो रहे हैं। यही नहीं फिलिस्तीन पर जारी इजरायली हमलों के बीच सऊदी अरब में स्पोर्ट्स और म्यूजिक फेस्टिवल जारी रहने को लेकर भी आलोचना की जा रही है। मिडल ईस्ट मिरर के लिए लिखे एक लेख में डॉ. आमिरा अबू अल-फतेह ने सऊदी अरब की नीति पर सवाल उठाए हैं। उपन्यासकार और लेखिका आमिरा ने कहा कि अब तक 11 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं, लेकिन किसी ऐक्शन पर इस्लामिक देशों में सहमति नहीं बन सकी।

वह लिखती हैं, 36 दिनों तक गाजा पर हमले जारी रहने के बाद इस्लामिक सहयोग संगठन जागा। यह मीटिंग सऊदी अरब ने तब बुलाई, जब इजरायल के खिलाफ आक्रामक रुख से वह मुस्लिम देशों के नेतृत्व में पिछड़ता दिखा। ईरान ने यमन और लेबनान को साथ लेकर इस पर काम भी शुरू कर दिया था।

# अमेरिका-चीन के सुधरेंगे संबंध? जो बाइडेन और शी जिनपिंग की बैठक पर भारत की पैनी नजर



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के बीच सैन फ्रांसिस्को में आज बैठक होने वाली है। इस अहम शिखर बैठक पर भारत की भी पैनी नजर है। एक शीर्ष भारत-केंद्रित व्यापार और रणनीतिक समूह के प्रमुख ने यह बात कही।

अमेरिका-भारत रणनीतिक एवं सहयोग मंच (यूएसआईएसपीएफ) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं अमेरिका और चीन के बीच संवाद शुरू होना महत्वपूर्ण है। बाइडेन और शी जिनपिंग के बीच बहुप्रतीक्षित शिखर बैठक बुधवार को एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन से इतर होगी, जिसकी मेजबानी अमेरिका 11 से 17 नवंबर तक सैन फ्रांसिस्को में कर रहा है। अघी ने कहा, मुझे लगता है कि यह शिखर बैठक न सिर्फ राष्ट्रपति बाइडन के दृष्टिकोण से, बल्कि राष्ट्रपति शी के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। चीन की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है। उसकी विकास यात्रा में कुछ मुद्दे हैं, बेरोजगारी है।

उन्होंने कहा, वहीं अमेरिका में चुनाव होने वाले हैं और दो युद्ध भी जारी हैं-एक पश्चिम एशिया में और एक यूक्रेन में। इसलिए उसे एक ऐसे चीन की जरूरत है, जो स्थिर हो, उसे एक ऐसे चीन की जरूरत है, जो सहयोगात्मक हो। क्या ऐसा होगा? हम नहीं जानते, लेकिन मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि दोनों देशों के बीच संवाद शुरू हो रहा है। अघी ने कहा, अब भारत के नजरिये से, मुझे लगता है कि दो कमजोर नेता एक साथ आ रहे हैं। वहीं, आपके पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, जो इस समय एक मजबूत नेता हैं।

इसलिए, मुझे लगता है कि भारत इस पर करीबी नजर रखेगा, क्योंकि इसका भू-राजनीतिक रूप से या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की स्थिति पर प्रभाव पड़ता है। हम एक ही समय में सभी सर्वोत्तम परिणामों की कामना करते हैं।

## आज का इतिहास

1821-मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
1908-जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई।
1915-प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा का निधन।
1931-भारतीय क्रिकेट अंपायर आर रामचंद्र राव का जन्म।
1947-टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
1973-भारत के प्रसिद्ध शटलर खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद का जन्म।
1975-पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
1995-भारतीय मूल के वासुदेव पाण्डे त्रिनिदाद एवं टौबेगो के प्रधानमंत्री बने।
1997-चीन के लोकतंत्र समर्थक नेता जिंग शेंग 18 वर्ष बाद रिहा किये गए।
1998-कनाडा ने अपना यहाँ नागरिकता क़ानून को सख्त बनाया।
2000-रूस द्वारा अंतरिक्ष केन्द्र मीर को डुबाने का फैसला।
2001-अफ़ग़ानिस्तान हेतु संयुक्त राष्ट्र के 21 सदस्यीय दल में भारत शामिल।
2002-मुशर्रफ़ ने पांच साल के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

## सुडोकू 6377

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 8 | | | |
| | | 8 | 3 | | | | | |
| | 5 | 9 | | | | | 3 | |
| | | 7 | 8 | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | 1 | | 5 | | | 3 |
| | 1 | | 6 | | 7 | 4 | | |
| | 2 | | | | | 9 | 8 | |
| | | | | | 6 | 1 | | |
| | | | 7 | | | 3 | | 6 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## गोला-बारूद, नाइट-विजन डिवाइस, अमेरिका चुपचाप इजराइल को भेज रहा मौत का सामान

**गाजा।** इजरायल और हमास में जारी युद्ध के बीच अमेरिका बहुत बड़ा गेम खेल रहा है। ऐसी खबरें है खुलेआम समर्थन का ऐलान करने वाला अमेरिका चोरी-छिपे घातक हथियारों की सप्लाई कर रहा है। आंतरिक रक्षा विभाग की सूची के अनुसार पेंटागन ने चुपचाप इजरायल को सैन्य सहायता बढ़ा दी है। इस सैन्य सहायता में अपाचे गनशिप विमानों के लिए अधिक लेजर-गाइडेड मिसाइलों के साथ-साथ 155 मिमी के गोले, नाइट-विजन डिवाइस, बंकर-बस्टर युद्ध सामग्री और नए सेना वाहन शामिल हैं। इससे एक बात स्पष्ट है कि इजरायल के लिए अमेरिकी हथियारों की सप्लाई अब आयरन डोम इंटरसेप्टर और बोइंग कंपनी के स्मार्ट बमों से काफी आगे तक पहुंच चुकी है। यह सप्लाई ऐसे समय में भी जारी है जब बाइडेन प्रशासन के अधिकारी गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों की मौतों से बचने के लिए इजरायल को लगातार चेतावनी दे रहे हैं। ब्लूमबर्ग न्यूज द्वारा रिव्यू किए गए दस्तावेज के अनुसार, हथियार पहले ही भेजे जा चुके हैं या रक्षा विभाग उन्हें अमेरिका और यूरोप में अपने स्टॉक से उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहा है। उदाहरण के लिए, अक्टूबर के अंत तक, 30 मिमी वाली तोप के लिए गोला-बारूद के सभी 36,000 राउंड, एम 141 बंकर-बस्टर युद्ध सामग्री के 1,800 और कम से कम 3,500 नाइट-विजन डिवाइस वितरित किए गए हैं। पेंटागन के एक प्रवक्ता ने इन सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। लेकिन रक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि वह आंतरिक स्टॉक से लेकर अमेरिकी उद्योग चैनलों तक – कई तरीकों का लाभ उठा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इजरायल के पास अपनी रक्षा करने के साधन उपलब्ध रहें। बयान के मुताबिक, यह सुरक्षा सहायता लगभग दैनिक आधार पर पहुंचती रहती है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका तेजी से सटीक-गाइडेड युद्ध सामग्री, छोटे व्यास के बम, 155 मिमी तोपखाने के गोले और अन्य युद्ध सामग्री प्रदान कर रहा है।

## गाजा के अल शिफा अस्पताल में घुसी इजरायली सेना, हमास के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन शुरू

**गाजा।** वह लिखती हैं कि जब फिलिस्तीन पर हमले हो रहे थे और बेगुनाह हजारों लोग मारे जा रहे थे, तब सऊदी अरब अपने यहां म्यूजिक और स्पोर्ट्स फेस्टिवल कराने में व्यस्त था। इससे सऊदी अरब की नीति पर सवाल तो उठते ही हैं। सऊदी अरब के अलावा वह यूएई और बहरीन पर भी सवाल उठाते हुए लिखती हैं, यदि इन लोगों को यहूदी देश के नरसंहार से आपत्ति ही थी तो वह सिर्फ बात ही क्यों करते हैं। यदि उसे लेकर गंभीर हैं तो फिर जमीन पर कोई ऐक्शन क्यों नहीं लिया गया। वह लिखती हैं कि इनसे बेहतर तो बोलिविया जैसे लैटिन अमेरिकी देश ही रहे हैं। इन देशों ने इजरायल से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया। यही नहीं डॉ. आमिरा अबू अल-फतेह ने इस्लामिक संगठन को बिना दांत वाला शेर बताते हुए कहा कि इजरायल को भी यह बात पता है। वह कहती हैं कि ये लोग सिर्फ इसलिए मिले थे कि लोगों की आंखों में धूल झोंकी जा सके, जो फिलिस्तीन के लोगों पर हमलों से नाराज हैं।

# बच्चों की मौत पर जस्टिन ट्रूडो ने की इजरायल को घेरने की कोशिश, बेंजामिन नेतन्याहू ने दिखा दिया आईना



**तेलअवीव।** हमास के खिलाफ युद्ध के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इजरायल पर गाजा में महिलाओं और बच्चों की हत्या के आरोप लगाए हैं। उन्होंने इसे जल्द से जल्द रोकने की मांग की है। हालांकि, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि गाजा में किसी भी तरह की मौत के लिए सिर्फ हमास के आतंकी जिम्मेदार हैं। उन्हें ही जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

7 अक्टूबर के हमलों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लिखा, इजरायल नहीं, बल्कि हमास जानबूझकर गाजा के नागरिकों को निशाना बना रहा है। उसने यहूदियों पर किए गए सबसे भयानक हमले में नागरिकों के सिर काटे, जलाए और नरसंहार किया। नेतन्याहू ने कहा, इजरायल नागरिकों को नुकसान से दूर रखने के लिए सब कुछ कर रहा है। हमास उन्हें ढाल बना रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल गाजा में नागरिकों के लिए सुरक्षित क्षेत्र प्रदान करता है। लेकिन हमास के आतंकी बंदूक की नोक पर उन्हें वहां जाने से रोकते हैं। इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा, इजरायल नहीं, हमास को नागरिकों के पीछे छुपकर नागरिकों को निशाना बनाने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। सभ्यता की ताकतों को हमास की बर्बरता को हराने में इजरायल का समर्थन करना चाहिए। हमास के खिलाफ इजरायल के युद्ध में गाजा में 11,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। 15 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो चुके हैं।

बिजली कटौती के कारण इनक्यूबेटरों के काम करना बंद करने के बाद नवजात शिशुओं को गर्म रखने के लिए उन्हें एक साथ रखे जाने की दिल दहला देने वाली तस्वीरों ने दुनिया का ध्यान वहां उभर रहे मानवीय संकट की ओर खींचा है। गाजा के अल शिफा अस्पताल में समय से पहले पैदा हुए 39 बच्चों में से तीन की मृत्यु हो गई।

उनकी मौत जनरेटर चलाने वाले इनक्यूबेटरों में ईंधन खत्म होने के कारण हुआ। ट्रूडो ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मैं इजरायल सरकार से अधिकतम संयम बरतने का आग्रह करता हूं। दुनिया टीवी पर, सोशल मीडिया पर सबकुछ देख रही है। हम डॉक्टरों, परिवार के सदस्यों, जीवित बचे लोगों, उन बच्चों की गवाही सुन रहे हैं, जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है। इसे रोकना होगा।


कनाडाई प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हमास को फिलिस्तीनियों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करना बंद करना चाहिए और अपने पास मौजूद 200 से अधिक इजरायली बंधकों को रिहा करना चाहिए।

# कोई इंजीनियर तो कोई वकील, पढ़ाई छोड़ थामी गन, मिजोरम सीमा पर पीपुल्स डिफेंस फोर्स क्यों लड़ रही सेना संग खूनी जंग?

**म्यांमार।** देश के सुदूर पर्वोत्तर राज्य मिजोरम से सटे पड़ोसी देश म्यांमार के चिन राज्य में वहां की सत्ताधारी जुंटो सैन्य शासन की सेना के खिलाफ मिलिशिया समूह पीपुल्स डिफेंस फोर्स ने खूनी जंग का आगाज कर दिया है। पीडीएफ के सशस्त्र लड़ाकों ने जुंटो समर्थित सेना के दो ठिकानों पर जोरदार हमला बोला है। रविवार से ही हो रही पीडीएफ की गोलीबारी से भयभीत करीब 5000 ग्रामीण सीमा पार कर भारत के मिजोरम में शरण लेने घुस गए हैं। इनमें कई जख्मी हालत में हैं और कई म्यांमार सेना के सैनिक हैं।

जैसे-जैसे म्यांमार के जंगल में लड़ाई बढ़ती जा रही है, विद्रोही समूह पीडीफ सैन्य तानाशाही के खिलाफ घरेलू ड्रोन और विस्फोटकों का उपयोग करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। दो साल पहले तक पीपुल्स डिफेंस फोर्स के ये सैनिक इंजीनियरिंग और कानून के छात्र थे, लेकिन 1 फरवरी 2021 को सैन्य तख्तापलट के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़कर गुरिल्लाओं में शामिल होने का फैसला किया। इसमें कई लोकतंत्र समर्थक युवा भी शामिल हैं। म्यांमार में हुए सैन्य तख्तापलट ने आंग सांग सूची की लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था। आंग सांग सूची म्यांमार की प्रमुख राजनीतिक पार्टी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी की नेता हैं। उन्होंने म्यांमार में लोकतंत्र की स्थापना के लिए लंबा संघर्ष किया है और इस वजह से उन्हें लंबे समय तक जेल और नजरबंदी में रहना पड़ा है। सैन्य शासन की स्थापना के बाद 5 मई 2021 को पीडीएफ का गठन किया गया था। इसके बाद जब पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज के गुरिल्ला पहली बार म्यांमार में एकजुट हुए, तो कई लोगों ने उन्हें सैन्य तानाशाह से आक्रोशित युवाओं के संगठित समूहों के रूप में देखा और दावा किया गया कि जुंटा के सैन्य बल सिट-टैट उन्हें जल्द ही खत्म कर देंगे लेकिन ऐसा हो ना सका। पिछले दो साल में पीडीएफ ने आकार, संगठन और क्षमता में बड़ा विस्तार किया है और अब उनलोगों ने जुंटा के सैन्य शासन के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजाकर उनके लिए एक बड़ा खतरा पैदा कर रहे हैं। हालाँकि, पीडीएफ के पास भारी सैन्य उपकरण, उन्नत कमांड संरचना और अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का अभाव है लेकिन बढ़ते पीडीएफ ने अपनी सामरिक दक्षता और लचीलेपन को साबित किया है। विश्लेषकों के मुताबिक, अगर वे अपनी कमांड संरचना और हथियारों में वृद्धि करते हैं, तो वे जुंटा के सैन्य शासन के पतन को तेज कर सकते हैं।


## वर्ग पहेली 6377



**बायें से दायें:-**
१. विष्णु की माला, झंडा, चिह्न, विजय माल
३. पारा
५. रचना बनाना, उत्पादन
६. सूर्य पुत्री, यमुना
७. मूर्ख, नादान, अविवेकी (उर्दू)
९. सहायता (उर्दू)
१०. झुका हुआ, मिटा हुआ, पिछड़ा हुआ, विनीत
१२. पाचन शक्ति (उर्दू)
१३. कोमल, नरम
१४. बूढ़ा आदमी
१६. एकटक देखना
१८. शीतल और मंद वायु
२०. राजा समर के साठ हजार पुत्रों का शाप देकर भस्म कर देने वाले एक मुनि, भूरा, बादामी
२१. बुद्धिमानी
२३. अंधकार को दूर करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**
१. पृथ्वी और यमलोक के बीच एक पौराणिक नदी
२. मंत्रयोग से बंधा हुआ, ताला लगाया हुआ, जकड़ा या बंद किया हुआ
३. युद्ध भूमि में होनेवाली आवाज़
४. चार दिशाओं में से एक
५. धन, सुख स्वादिष्ट भोजन, ईश्वर की देन (उर्दू)
८. बेकार काम करना, वक्त बर्बाद करना (मुहावरा)
१०. अपवित्र, नापाक
११. कमल
१२. स्थिति, दशा (उर्दू)
१३. शिकार, आखेट
१४. वर्षा करने वाला मेघ
१५. अज्ञानता (उर्दू)
१७. भैस का नर बच्चा
१८. वृद्धि करना
१९. रचनाकार
२२. गन्ना

## वर्ग पहेली-6376



युसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

**परेशानी** यूके की नियोक्ता प्रायोजन योजना बन रही है कारण

# यूके में प्रवासी श्रमिकों का हो रहा शोषण : रिपोर्ट

**लंदन,** (एजेंसियां)। ज्यादातर वर्क वीजा प्रायोजकों से जुड़े होने के कारण, यूके की पोस्ट-ब्रेक्सिट पॉइंट आधारित आव्रजन प्रणाली प्रवासी श्रमिकों की नौकरी बदलने की क्षमताओं को गंभीर रूप से सीमित कर देती है, जिससे नियोक्ताओं के पास ऐसी शक्ति आ जाती है, जो अनियंत्रित हो जाती है। वर्क राइट्स सेंटर की 'यूके में प्रवासी श्रमिक शोषण के व्यवस्थित चालक' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है कि गृह कार्यालय की नियोक्ता प्रायोजन योजना में कई विफलताओं के कारण हजारों प्रवासी श्रमिकों को शोषण का खतरा है।



स्वास्थ्य और देखभाल वीजा और सीजनल वर्कर वीजा सहित प्रवासी श्रमिकों के साथ 39 मामलों के अध्ययन के आधार पर शोध में कहा गया है कि यूके की श्रम प्रवर्तन प्रणाली में मौजूद मुद्दों के कारण शोषण का खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, अस्पष्ट अधिकार वाली, कम संसाधनों वाली और स्व-विनियमन के लिए व्यवसायों पर निर्भर रहने वाली कई एजेंसियों के बीच विभाजित, श्रम प्रवर्तन प्रणाली प्रवासी श्रमिकों की पहचान करने, प्रतिक्रिया देने और उनके शोषण को रोकने के लिए अपर्याप्त है।

### ■ प्रवासी श्रमिकों के साथ 39 मामलों का किया अध्ययन

वर्क राइट्स सेंटर के मुख्य कार्यकारी डोरा-ओलिविया विकोल ने गार्जियन को बताया, 'प्रवासी श्रमिकों के दृष्टिकोण से, प्रायोजन बंधुआ मजदूरी के समान है। यह नियोक्ताओं को प्रवासियों का शोषण करने की शक्ति देता है, यह जानते हुए कि उनके लिए छोड़ना बहुत कठिन होगा।' उन्होंने कहा, हमने कई दुखद मामले देखे हैं जहां लोग शोषण को स्वीकार करते हैं।

एक भारतीय नर्स के मामले का हवाला देते हुए, गार्जियन ने बताया कि वह अपने देश में एक एजेंट को 20,000 पाउंड का भुगतान करने के बाद अपने साथी और छोटे बच्चे के साथ ब्रिटेन में फंसी हुई है। उसने उसके लिए यूके वर्क वीजा हासिल करने और देश में सुरक्षित रोजगार खोजने का वादा किया, लेकिन प्रायोजक नियोक्ता ने उसे बताया कि उसके लिए यहां कोई काम नहीं है। अपने परिवार के साथ निर्वासित होने से बचने के लिए, नर्स को अब 60 दिनों के भीतर एक अन्य प्रायोजक नियोक्ता ढूंढना होगा। रिपोर्ट में सरकार से वीजा के नियोक्ता-प्रायोजन को समाप्त करने और प्रवासियों को नियोक्ता बदलने की आजादी देने और एक एकल प्रवर्तन निकाय स्थापित करने का आह्वान किया गया, जहां श्रम शोषण की सुरक्षित रूप से रिपोर्ट की जा सके।

उन्होंने सरकार से एक स्वतंत्र प्रवासी आयुक्त स्थापित करने का भी आग्रह किया, जिसे लंबी अवधि में प्रवासी श्रमिकों के शोषण को रोकने के लिए एक प्रवासी श्रमिक कल्याण रणनीति का मसौदा तैयार करने का काम सौंपा जाए।

# खेल जगत

## भारत में बुलावे के लिए मैं बेहद उत्साहित हूं : ऑस्ट्रेलिया की लॉरेन चीटल

**मेलबर्न**। अगले महीने भारत के बहु-प्रारूप दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में बुलाए जाने के बाद, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल ने कहा कि वह इस अवसर के लिए बेहद उत्साहित हैं। लॉरेन ने 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, और उसी वर्ष भारत में महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम की सदस्य थीं। उन्हें 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए वापस बुलाया गया था, लेकिन कंधे की चोट के साथ-साथ 2021 में त्वचा कैंसर के डर से बचने के कारण वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं खेल पाईं। डब्ल्यूबीबीएल 2023 में, पिछले सीज़न में 15 मैच खेलने के बाद, लॉरेन सिडनी सिक्सर्स के लिए 10 मैचों में 13.68 की औसत से 19 विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं।



# विराट व अय्यर के शतक से न्यूजीलैंड को 398 का लक्ष्य

■ सत्येन्द्र पाल सिह

- विराट ने जड़ा वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50वां शतक, श्रेयस का तूफानी शतक
- भारत ने बनाए 50 ओवर में चार विकेट पर 397 रन का विशाल स्कोर





नई दिल्ली। विराट कोहली के वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर की मौजूदगी में उनके घर में दुनिया में वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे पहले जड़े शतकों के अर्धशतक तथा श्रेयस अय्यर के तूफानी शतकं की बदौलत भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में निधारिंत 50 ओवर में चार विकेट पर 397 रन का पहाड़ स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली ने मौजूदा विश्व कप में अपना तीसरा और श्रेयस ने दूसरा शतक पूरा किया। विराट कोहली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीनो फॉर्मेट को मिलाकर अपना 80 शतक पूरा किया। भारत को पहाड़ के स्कोर तक पहुंचाने में विराट कोहली (117 रन , 113 गेंद, दो छक्के , 9 चौके) की श्रेयस अय्यर (105 रन, 70 गेंद, आठ छक्के व चार चौके) साथ दूसरे विकेट की 164 रन तथा इससे पहले मांसपेशी में खिंचाव के चलते मैदान से हटने से पहले शुभमन गिल (अविजित 80 रन, 66 गेंद, तीन छक्के व 8 चौके) के साथ 93 रन की भागीदारी ने अहम भूमिका निभाई।

श्रेयस अय्यर ने 67 गेंद खेल कर आठ छक्कों व तीन चौकों की मदद से अपना मौजूदा संस्करण का लागातार दूसरा शतक जड़ा। श्रेयस अय्यर ने ट्रेंट बोल्ट (1/86) की गेंद को उड़ाने के फेर में लॉन्ग ऑन पर डैरल मिचेल के हाथों लपके गए। श्रेयस ने साउदी के अंतिम पूर्व और पारी के 48 वें ओवर में एक र लेकर पूरा किया। श्रेसस ने नीदरलैंड के खिलाफ बेंगलुरू में वन डे विश्व कप में अपना पहला शतक जड़ा था। टिम साउदी (3/100) न्यूजीलैंड के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे।

विराट कोहली ने मांसपेशी में खिंचाव आने के बावजूद पारी के 42 वें और लॉकी फर्गुसन के आठवें ओवर में उनकी गेंद को लॉन्ग ऑन और मिडविकेट के बीच खेल दो रन दौड़ कर अपनाा 278 वां वन डे अंतर्रष्ट्रीय मैच खेलेते वन डे क्रिकेट में अपना 50 वां शतक 106 गेंद खेल कर एक चौके और आठ चौकों की मदद से पूरा किया। विराट (117 रन , 113 गेंद, दो छक्के , 9 चौके) दो ओवर बाद न्यूजीलैंड के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज टिम साउदी की गेंद को उड़ाने के फेर में डीप स्कवॉयर पर डेवॉन कॉनवे को कैच थमा आउट हुए। भारत के कप्तान कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (47 रन, 29 गेंद, चार छक्के, चार चौके) ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने चिर आतिशी अंदाज में आगाज किया और न्यूजीलैंड के रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी पर जमकर प्रहार करते हुए 8.2 ओवर में स्कोर को 71 रन पर पहुंचाने के बाद साउदी की धीमी ऑफ कटर को उड़ाने के फेर में मिड ऑफ पर कप्तान केन विलियमसन को कैच थमा बैठे। विलियमसन की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने काफी पीछे दौड़ते हुए शानदार कैच लपक कर रोहित की तूफानी पारी का अंत किया। साउदी के इसी ओवर की चौथी गेंद तीसरे नंबर पर उतरे विराट कोहली के पहले बल्ले और फिर पैड पर लगकर बाउंड्री के पार चार रन के निकल गई लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने इस पर डीआरएस लिया लेकिन यह बेकार गया। भारत ने शुरू के दस ओवर के पहले पॉवरप्ले में कप्तान रोहित शर्मा का विकेट खोकर 84 रन बनाए। तब शुभमन गिल 29 गेंद खेल कर पांच चौकों की मदद से 30 और विराट एक चौके की मदद से चार रन बनाकर क्रीज पर थे। न्यूजीलैंड के लिए दस ओवर के पहले पॉवरप्ले में एक विकेट खोकर 81 रन बनाए थे। भारत ने एक विकेट पर 164 रन बनाए थे तब शुभमन गिल (79 रन, 65 गेंद, तीन छक्के और आठ चौके) मांसपेशी में खिंचाव के चलते मैदान से बाहर चले गए और उनकी जगह श्रेयस अय्यर क्रीज पर विराट कोहली का साथ देने उतरे। विराट (92 रन, 95 गेंद, एक छक्का और आठ चौके) जब पारी के 38 वें और ट्रेंट बोल्ट के आठवें ओवर की अंतिम गेंद पर एक रन के लिए दौड़े तो मुंबई की गर्मी में उनकी मांसपेशी में खिंचाव आया तब भारत का स्कोर 275 रन था लेकिन तब तक भारत विशाल स्कोर पहुंच चुका। भारत ने सूर्य कुमार यादव(1) के रूप में अपना चौथा और आखिरी विकेट पारी के अंतिम ओवर में तब खोया जब सूर्य ने साउदी की गेंद को उड़ाने के फेर में डीप मिडविकेट पर ग्लेन फिलिप्स को कैच थमाया।

शुभमन गिल ने लॉकी फर्गुसन की गेंद को मिडविकेट के उपर से पुल कर अपना पहला छक्का जड़ भारत के स्कोर को 12.2 ओवर में एक विकेट पर 102 रन पर पहुंचाया। लॉकी फर्गुसन ने अपने शुरू के तीन ओवर में 30 रन दे डाले। न्यूजीलैंड के कप्तान विलियमन ने पारी के 14 वें ओवर में गेंद बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को थमाई और उनके ओवर की तीसरी गेंद को लॉन्ग लेग पर एक रन से खेल शुभमन गिल ने 41 गेंद खेल एक छक्के और सात चौकों की मदद से मौजूदा वन डे विश्व कप का तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया। वहीं विराट कोहली ने रचिन रवींद्र की गेंद पर शॉर्ट कवर के बीच से चौका लगा पहली बार वन डे विश्व कप के सेमीफाइनल में दहाई का अंक पार किया। इससे पहले विराट तीन वन डे विश्व कप के फाइनल में क्रमशः 9, 1, 1 रन बनाकर आउट हुए थे। पहले ड्रिंक्स के समय भारत ने 15 ओवर में एक विकेट खोकर 118 रन बनाए। तब शुभमन गिल 44 गेंद खेल एक छक्के और सात चौकों की मदद से 52 और विराट कोहली 17 गेंद खेल दो चौकों की मदद से 17 रन बनाकर क्रीज पर थे।



## आईसीसी ने पिच विवाद को किया खारिज

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप 2023 सेमीफाइनल के लिए पिच में बदलाव को उचित ठहराया है और बताया कि उसे कारण से अवगत कराया गया था। भारत-न्यूजीलैंड सेमीफाइनल से पहले एक विवाद खड़ा हो गया था क्योंकि कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया था कि मैच पहले से निर्धारित नई पिच के बजाय इस्तेमाल की गई पिच पर खेला जाएगा। कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि बीसीसीआई ने स्थानीय क्यूरेटर के माध्यम से भारतीय टीम प्रबंधन के सुझाव पर पिच को बदल दिया है, जिस पर पहले ही दो मैच खेले जा चुके हैं। पिच सूखी और धीमी थी, जो भारतीय बल्लेबाजों के अनुकूल थी। हालांकि, आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि उसे पिच में बदलाव के बारे में पता था और उसके स्वतंत्र पिच सलाहकार के पास यह मानने का कोई कारण नहीं था कि पिच अच्छा नहीं खेलेगी। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, इस लंबाई के आयोजन के अंत में योजनाबद्ध पिच रोटेशन में बदलाव आम बात है और यह पहले भी कई बार हो चुका है। यह बदलाव हमारे मेजबान के साथ आयोजन स्थल क्यूरेटर की सिफारिश पर किया गया था। आईसीसी ने कहा, आईसीसी के स्वतंत्र पिच सलाहकार को बदलाव के बारे में अवगत करा दिया गया था और उनके पास यह मानने का कोई कारण नहीं है कि पिच अच्छा नहीं खेलेगी। बीसीसीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि तकनीकी समस्या के कारण पिच में बदलाव किया गया है और सेमीफाइनल के लिए नया बदलाव किया गया है। आईसीसी के नियम यह निर्दिष्ट नहीं करते हैं कि नॉकआउट मैच केवल ताज़ा पिचों पर ही खेले जाने चाहिए। आईसीसी की पिच और आउटफील्ड मॉनिटरिंग प्रक्रिया के अनुसार, उम्मीद है कि जिन स्थानों को मैच की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे सर्वोत्तम संभव पिच और आउटफील्ड पेश करेंगे।

## श्रेयस अय्यर व केएल राहुल भारत के मध्यक्रम की किस्मत का आधार बनकर उभरे

**मुंबई**। दाएं हाथ के दो बल्लेबाज, चोटों से उबरने की दो यात्राएं और एक भूमिका जिसे वे मौजूदा पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में निभा रहे हैं - भारत के मध्यक्रम की बल्लेबाजी की किस्मत का आधार बनकर उभरे हैं।

इन नौ मैचों में प्रशंसकों को एहसास हुआ होगा कि श्रेयस अय्यर और केएल राहुल ने



मेजबान टीम की अजेय लय में कितना महत्व जोड़ा है, जिससे घरेलू धरती पर ट्रॉफी हासिल करने की भारत की दस साल पुरानी खोज को और पंख मिल गए हैं। अगर रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली शीर्ष क्रम में रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं, तो अय्यर और राहुल इस बल्लेबाजी क्रम के फौलादी आदमी हैं, जिन्होंने दिखाया है कि वे किसी भी स्थिति में जरूरत पड़ने पर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। 2023 में अय्यर और राहुल की मौजूदगी इंग्लैंड में 2019 विश्व कप के दौरान जो हुआ उसके बिल्कुल विपरीत है। 2015-19 चक्र में अनसेटल्ड वह शब्द था, जिसका उपयोग मध्य-क्रम म्यूजिकल चेयर का वर्णन करने के लिए किया गया था। अंबाती रायुडू चौथे नंबर पर आने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में अचानक खराब फॉर्म के कारण विजय शंकर को टीम में जगह मिली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच तक, राहुल मध्यक्रम में थे, जब तक कि टूर्नामेंट के अंत में शिखर धवन की अंगूठे की चोट के कारण उन्हें शुरुआती स्थान पर नहीं ले जाया गया। भारत ने फिर से शंकर, एमएस धोनी और ऋषभ पंत के साथ रूसी रूलेट खेलना शुरू किया, जिसमें दिनेश कार्तिक भी शामिल हो गए, क्योंकि मध्य क्रम की गड़बड़ी का मतलब था कि दो बार के चैंपियन को पुराने दुश्मन न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा। यदि 2019 स्पष्टता की कमी और अस्थिर मध्यक्रम से चिह्नित था, तो 2023 में वह सब कुछ है, जिसकी जरूरत थी। टूर्नामेंट के बाद राहुल और अय्यर भारत के लिए मध्यक्रम के मुख्य आधार बनकर उभरे, इससे पहले कि चोटों के कारण भारत को 2019 में वापस लाने का खतरा पैदा हो गया था। इस विश्व कप से पहले राहुल दाहिनी जांघ में चोट के कारण घायल हो गए थे, जिससे उनकी जांघ फट गई थी।

## टॉस के समय अंतिम एकादश की घोषणा करूंगा : कमिंस

**कोलकाता**। ईडन गार्डन में कल होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने बुधवार को कहा कि हम मैच वाले दिन टॉस के समय अपनी एकादश की घोषणा करेंगे। पांच बार के विश्वकप चैंपियन ने इस साल के टूर्नामेंट में लगातार सात मैच जीते हैं।

कमिंस ने आज यहां एक अतिरिक्त ऑलराउंडर या फिर अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाने के सवाल पर कहा कि हम अपनी एकादश की घोषणा टॉस के समय करेंगे। ऐसा माना जा रहा है ऑस्ट्रेलिया मार्नस लाबुशेन और मार्कस स्टोइनिस दोनों को एकदश में शामिल कर सकता है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका से निपटने वाली एकादश के बारे में अपना मन बना लिया है, उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि अपनी अंतिम टीम में एक अतिरिक्त ऑलराउंडर या एक अतिरिक्त बल्लेबाज को शामिल किया जाए या नहीं।

मैक्सवेल की चोट पर कमिंस ने कहा, ग्लेन मैक्सवेल बिल्कुल ठीक हैं। उन्हें कल थोड़ा दर्द महसूस हुआ था, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि वह पूरी तरह से ठीक होने के बाद ही मैदान पर उतरें, इसलिए उनका स्कैन कराया गया जिसमें वह पूरी तरह से फिट नजर आए हैं। वह पूरी तरह ठीक हैं। कल दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए ग्लेन मैक्सवेल का फिट होना बड़ी चुनौती है। मैक्सवेल अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गये थे। अगर मैक्सवेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते है तो मार्कस स्टोइनिस को बाहर बैठना पड़ेगा।

उन्होंने कहा, पहले दो मैचों में दो कठिन टीमों का मुकाबला करना था। और गेंदबाजी के मामले में, मुझे लगता है कि हम सभी चरणों में बेहतर से बेहतर होते गए हैं। तो हां, ऐसा लगता है कि हम वास्तव में अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, हमने पिछले महीने में काफी क्रिकेट खेला है और ऐसा लगता है कि हर कोई अपनी भूमिका जानता है और अब असर होना शुरू हो गया है। उन्होंने पिच विवाद को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि आईसीसी का एक अलग स्वतंत्र पिच क्यूरेटर है जो इसका प्रबंधन करता है। जहां तक बात है पिच की तो मुझे कोई समस्या नजर नहीं आई। हम भारतीय पिचों पर इतने मैच खेल चुके हैं।

## डी कॉक के खिलाफ 2015 की मैकुलम रणनीति का उपयोग करें : मैकडरमॉट

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज क्रेग मैकडरमॉट गुरुवार को ईडन गार्डन्स में 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के खिलाफ ब्रेंडन मैकुलम को हराने के लिए 2015 विश्व कप फाइनल में लागू की गई रणनीति का उपयोग कर सकते हैं। डी कॉक, जो विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास ले लेंगे,



प्रोटियाज़ के लिए जबरदस्त फॉर्म में हैं, उन्होंने नौ पारियों में 65.66 के औसत और 109.24 के स्ट्राइक-रेट से 591 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक भी शामिल हैं। क्विंटन डी कॉक के पास काफी ऊंचा बैट लिफ्ट भी है और यह कुछ ऐसा है जिसे वे उन पहली कुछ गेंदों में करने के बारे में सोच सकते हैं। यदि आप इसे सही से नहीं समझ पाते हैं, तो आपको चार या कवर के माध्यम से मैदान से बाहर भेज दिया जाएगा। लेकिन अगर यह निकला (यह एक विकेट ले सकता है)। एसईएन रेडियो पर मैकडरमॉट ने कहा, निश्चित रूप से, डी कॉक इस विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में हैं, वह बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। यदि हम उन सलामी बल्लेबाजों में से एक को जल्दी आउट कर देते हैं, तो हम मुकाबले में हैं। मैकडरमॉट ऑस्ट्रेलियाई टीम के गेंदबाजी कोच थे और उन्होंने एमसीजी में 2015 विश्व कप फाइनल में मिशेल स्टार्क द्वारा ब्रेंडन मैकुलम को आउट करने में बड़ी भूमिका निभाई थी, जिसे जीतकर टीम ने अंततः अपना पांचवां विश्व कप खिताब जीता था। यह कुछ ऐसा था जिसके बारे में मैंने फाइनल से तीन या चार सप्ताह पहले मिशेल से बात की थी। मैकुलम जिस तरह से खेल रहे थे, वह पहली गेंद से ही जोरदार प्रदर्शन कर रहे थे।

## सार संक्षेप

### भारत बनाम न्यूजीलैंड मैच के दौरान रणबीर कपूर ने रोहित शर्मा की तारीफ की

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत बनाम न्यूजीलैंड मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और भारतीय टीम की जमकर तारीफ की। अपनी फिल्म एनिमल का प्रमोशन कर रहे रणबीर ने रोहित शर्मा के बारे में बात करते हुए कहा, मैं एक व्यक्ति के रूप में रोहित शर्मा के बारे में बात करना चाहूंगा। आप जानते हैं, जब भी मैं इंटरव्यू के दौरान उन्हें सुनता हूं, उनकी रील देखता हूं या टीम के साथ उनकी तस्वीरें देखता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है कि वह बहुत पसंद करने योग्य व्यक्ति हैं। एक लीडर होने के नाते और ऐसा व्यक्ति होना जो अपने साथियों के साथ इतना मित्रतापूर्ण हो, उन्हें यह महसूस कराए कि हम सब एक साथ हैं, उसे एक महान कप्तान बनाता है। और मुझे लगता है कि हम इसे रोहित शर्मा में बहुत स्पष्ट रूप से देखते हैं। उन्हें सलाम! इसके बाद एक्टर ने भारतीय क्रिकेट टीम के बारे में बात करते हुए कहा, चाहे वह जसप्रित बुमरा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज हों, हमारे पास रवींद्र जडेजा भी हैं, हमारे पास कुलदीप यादव भी हैं, मुझे नहीं लगता कि हमने कभी इस तरह की गेंदबाजी लाइनअप देखी है। आगे कहा, मुझे लगता है कि गेंदबाजी लाइनअप ने इस बार भारतीय क्रिकेट टीम में वास्तव में अंतर पैदा किया है, यह बेहतर क्वालिटी है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 मोबाइल पर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर फ्री में स्ट्रीम हो रहा है और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव प्रसारित है।

### सिनर ने एटीपी फाइनल्स में जोकोविच को हराया

ट्यूरिन। इटली के जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराया मंगलवार को यहां खेले गये मुकाबले में सिनर ने जोकोविच की 19 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए उसे तीन सेटों में 7-5, 6-7 (5), 7-6 (2) से हराया। सिनर 121 दिनों में जोकोविच को हराने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने तीन घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले जोकोविच के जीत की लय को तोड़ा। यह मौजूदा नंबर वन पर उनके करियर की दूसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मियामी के सेमीफाइनल में नंबर वन रैंक वाले अलकराज को हराया था।

## हमें अपनी भारतीय टीम के कौशल और दृढ़ संकल्प पर पूरा भरोसा है : हरमनप्रीत कौर

**मेलबर्न**। भारत की महिला कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार दोपहर को वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबले के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को शुभकामनाएं दीं और टीम के कौशल पर पूरा भरोसा जताया। मौजूदा टूर्नामेंट के दो बार के चैंपियन और मेजबान भारत ने प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम के रूप में सेमीफाइनल चरण में प्रवेश करने के लिए लगातार नौ जीत हासिल की है। उनका मुकाबला न्यूजीलैंड से है, जो पिछले दो एकदिवसीय विश्व कप में उपविजेता रहा है और नॉकआउट में अपने वजन से बढ़कर प्रदर्शन करने के लिए जाना जाता है। भारत ने इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला है। यदि आप देखें, तो उनकी सभी जीतें लगभग एकतरफा रही हैं और घरेलू परिस्थितियों में ऐसी उपलब्धि देखना बहुत असाधारण है। जब आप घरेलू परिस्थितियों में खेल रहे होते हैं तो बहुत अलग दबाव होता है और इसका पूरा श्रेय टीम को जाता है, प्रत्येक व्यक्ति अच्छा प्रदर्शन करता है। जंक्शन ओवल में पत्रकारों से हरमनप्रीत ने कहा, जब भी कोई अवसर आया है, उन्होंने इसे दोनों हाथों से लपका है। मैं सचमुच चाहती हूं कि विराट कोहली इस बड़े मौके पर अपना 50वां शतक बनाएं, यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। मुझे अपनी भारतीय टीम के कौशल और दृढ़ संकल्प पर पूरा भरोसा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं।

हरमनप्रीत मौजूदा महिला बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेल रही हैं और एक पावर-पैक घरेलू



सीज़न से पहले भारत वापस आएंगी, जहां उनका सामना मुंबई में इंग्लैंड (केवल टेस्ट और टी20) और ऑस्ट्रेलिया (सभी प्रारूप) से होगा। उनका मानना है कि डब्ल्यूबीबीएल में खेलना अगले महीने से शुरू होने वाले घरेलू आयोजनों के लिए तैयारी करने का एक शानदार तरीका है। अब सोच यह है कि आप आगे क्या कर सकते हैं और आप यहां से (राष्ट्रीय टीम के लिए) क्या ला सकते हैं। मेरे लिए, यह खुद को अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए तैयार करने और दूसरों पर नज़र रखने और उनका प्रदर्शन कैसा चल रहा है, इस पर नज़र रखने के लिए एक शानदार टूर्नामेंट है। अगले कुछ महीने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण हैं और मैं टीम के लिए जहां भी संभव हो अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूंगी। भारत 14-17 दिसंबर तक डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट मैच खेलेगा, इसके बाद 21-24 दिसंबर तक वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगा।

मेजबान टीम लगभग नौ वर्षों के बाद टेस्ट घरेलू मैदान पर होगी, जब उन्होंने 2014 में मैसूर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। हरमनप्रीत ने घर पर टेस्ट खेलने की संभावना के बारे में उत्साह व्यक्त किया और चाहती हैं कि उनकी टीम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करे।

यह मेरा पहला टेस्ट होगा जहां मैं अपने घरेलू दर्शकों के सामने (लंबे समय में) खेलूंगी और वास्तव में इसके लिए उत्सुक हूं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे क्योंकि हमने बहुत अधिक टेस्ट नहीं खेले हैं और हमारे पास उतना अनुभव भी नहीं है। लेकिन फिर भी, हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे और इन पलों का आनंद लेंगे। उन्होंने कई विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लैनिंग को श्रद्धांजलि देकर अपनी बात समाप्त की, जिन्होंने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। वह जिस तरह की खिलाड़ी है, यह चौंकाने वाला था; मुझे अब भी लगता है कि उसके पास ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कई साल थे। लेकिन यह उसका निजी फैसला है और उसने बहुत कुछ हासिल किया है जिसे हासिल करना हम जैसे खिलाड़ियों का सपना होता है। उन्होंने टीम को कई आईसीसी खिताब दिलाए और मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

## 2024 शीतकालीन युवा ओलंपिक टिकट नि:शुल्क उपलब्ध : आईओसी

INTERNATIONAL OLYMPIC COMMITTEE

**सियोल**। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में 2024 शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों (वाईओजी) के लिए गैंगनेउंग में उद्घाटन समारोह को छोड़कर सभी स्पधाओं के लिए टिकट नि:शुल्क मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुसार 19 जनवरी से एक फरवरी 2024 तक चलने वाले शीतकालीन युवा ओलंपिक के लिए टिकट बीते शनिवार से आधिकारिक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सामान्य बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। समिति ने बताया कि उद्घाटन समारोह 19 जनवरी को गैंगनेउंग ओवल और प्योंगचांग डोम में एक साथ किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि गैंगनेउंग में उद्घाटन समारोह के टिकटों की कीमत 30 हजार से एक लाख वॉन (22 से 74 अमेरिकी डॉलर) है जबकि प्योंगचांग डोम में प्रवेश नि:शुल्क होगा। हालांकि समारोह के दिन जाने वाले लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या बॉक्स के जरिए टिकट का अनुरोध करना होगा। प्योंगचांग ने 2018 में ओलंपिक शीतकालीन खेलों में आयोजनों की मेजबानी की थी और गैंगनेउंग, प्योंगचांग, जियोंगसियन और होएंगसेओंग पर होने खेल आयोजनों के टिकट मुफ्त उपलब्ध होंगे। गैंगवॉन 2024 में करीब 80 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के लगभग 1,900 एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है।

## सुडोकू 6377 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 8 | 5 | 6 | 4 |
| 6 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 1 | 3 | 9 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 3 | 4 | 6 |


| SENSEX | BSE | 65675.93 ▲ 742.06 | 19675. 45 ▲ 231.90 | MCX | Gold | 60374 ▲309 | silver | 72523 ▲ 930 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## फिर चमके सोना-चांदी के भाव, 60 हजार के पार पहुंचा सोना

**नई दिल्ली।** सोने—चांदी की वायदा कीमतों में तेजी देखी जा रही है। आज दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव बढ़कर 60 हजार रुपये को पार कर गए हैं। चांदी के वायदा भाव भी 71 हजार रुपये के ऊपर कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने—चांदी के वायदा कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की आज शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट आज 101 रुपये की तेजी के साथ 60,166 रुपये के भाव पर खुला।



## सैन फ्रांसिस्को में अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि से मिले पीयूष गोयल, अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं। सोमवार को पीयूष गोयल ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताइ से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात इंडो पैसिफिक इकॉनोमिक फ्रेमवर्क से इतर हुई। दोनों नेताओं की यह मुलाकात 30 मिनट चली और इस दौरान व्यापार के मुद्दे पर बात हुई।

पीयूष गोयल इंडो पैसिफिक इकॉनोमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रोसपेरिटी की बैठक में शामिल होने अमेरिका गए हुए हैं। आईपीईएफ का गठन अमेरिका ने साल 2022 में किया था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, ब्रूनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम जैसे देश शामिल हैं। आईपीईएफ का गठन सदस्य देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने, विकास को गति देने और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के उद्देश्य से हुआ था। आईपीईएफ में व्यापार, सप्लाई चेन, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था पर फोकस किया जाता है।

**अमेरिकी समकक्ष से मुलाकात करेंगे पीयूष गोयल**

गोयल 13 से 16 नवंबर तक अमेरिका दौरे पर रहेंगे। सोमवार को वह सैन फ्रांसिस्को पहुंचे, जहां वह एशिया पैसिफिक इकॉनोमिक कॉपरेशन की बैठक में भी हिस्सा लेंगे।

# अब 5 साल तक के लिए लाइसेंस ले सकेंगे खाद्य कारोबारी



***नई दिल्ली।*** *भारतीय खाद्य संरक्षा व मानक प्राधिकरण ने खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस के मसले पर राहत देने का फैसला लिया है। इस फैसले के तहत एफएसएसएआई ने खाद्य कारोबारी द्वारा लिए जाने वाले नये लाइसेंस की अवधि बढ़ा दी है। जिससे इस कारोबार में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा। खाद्य कारोबारी लाइसेंस का नवीनीकरण भी एक से लेकर 5 साल के करा सकेंगे। यही नियम पंजीयन पर भी लागू होगा।*

**अब ज्यादा समय के लिए मिलेगा नया खाद्य लाइसेंस**- खाद्य कारोबारी यानी फूड बिजनेस ऑपरेटर को कारोबार करने के लिए एफएसएसएआई से लाइसेंस लेना होता है। इस समय नया लाइसेंस एक साल के लिए मिलता है। इसके बाद इसका नवीनीकरण कराना होता है। नवीनीकरण कराने में समय भी लगता है और संबंधित अधिकारियों पर काम बोझ भी बढ़ता है। ऐसे में एफएसएसएआई ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए अधिक समय के लिए नया लाइसेंस देने का फैसला किया है।

इस संबंध में एफएसएसएआई ने एक आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया कि एफबीओ अब एक से पांच साल के लिए नये लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। पहले नये लाइसेंस की वैद्यता की अवधि एक साल तक ही सीमित दी। अब इसमें एफबीओ को 1 से लेकर 5 साल तक की अवधि के लिए लाइसेंस लेने का विकल्प दिया गया है। हालांकि इसके लिए निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। पंजीयन की 1 से 5 साल तक वैद्यता का विकल्प पहले से ही मौजूद है।

**नवीनीकरण की वैद्यता पहले से ही एक से पांच साल तक**- एफएसएसआई ने इस साल जनवरी महीने में भी कारोबारी सुगमता को बढ़ाने के लिए लाइसेंस व पंजीयन के नियमों में बदलाव किए थे।

इनके तहत पंजीयन के लिए वैद्यता के मामले में एक से पांच साल का विकल्प दिया गया था। लाइसेंस के लिए यह एक साल तक ही सीमित थी। लेकिन लाइसेंस के नवीनीकरण के मामले में वैद्यता में एक से पांच साल का विकल्प दिया गया था। 12 लाख रुपये कम सालाना कारोबार करने वाले एफबीओ को पंजीयन कराना होता है। इससे अधिक कारोबार वालों को लाइसेंस लेना होता है।

# एपल-गूगल और अमेजन के खिलाफ पांच हजार करोड़ रुपये के कर की जांच, आयकर ने मांगा जवाब

***नई दिल्ली।*** *कर भुगतान नहीं करने के मामले में आयकर विभाग एपल, गूगल और अमेजन की भारतीय शाखाओं की जांच कर रहा है। मामला 5,000 करोड़ रुपए से ज्यादा के संभावित कर से जुड़ा है। 2021 में शुरू हुई एक जांच के तहत अधिकारियों ने इन कंपनियों से उनकी ट्रांसफर प्राइसिंग प्रैक्टिस के संबंध में जवाब मांगा है।*




इस दौरान विभाग ने कंपनियों की ओर से पेश किए गए जवाब को भी खारिज कर दिया है आयकर विभाग विज्ञापन, मार्केटिंग, प्रमोशन खर्च, रॉयल्टी भुगतान, ट्रेडिंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट व मार्केटिंग सपोर्ट सेवाओं से संबंधित लेनदेन पर तीनों टेक दिग्गजों की जांच कर रहा है। एपल की भारतीय यूनिट ओरिजिनल उपकरणों की खरीदारी और उन्हें घरेलू बाजार में बेचने को लेकर जांच के दायरे में है। हालांकि, एपल ने कहा कि यह कर के दायरे से बाहर है। एपल का भारत में 2022-23 के दौरान कारोबार 48 फीसदी बढ़कर करीब 50,000 करोड़ रुपये पहुंच गया।

**100 करोड़ रुपये से ज्यादा देनदारी अमेजन पर**- जांच के मुताबिक, अमेजन के ग्राहक डिलीवरी शुल्क का 50त्न विज्ञापन, मार्केटिंग और प्रमोशन खर्च का हिस्सा माना गया। इससे कर देनदारी 100 करोड़ से ज्यादा हो गई। गूगल इंडिया के लिए यह मुद्दा कुछ ऐसे लेनदेन का है, जिनकी जानकारी फॉर्म 3 सीईबी में नहीं दी गई है। इसे अंतरराष्ट्रीय कर के रूप में माना जाता है, जिससे गूगल पर देनदारी बनती है।


**यह है ट्रांसफर प्राइसिंग**- जब एक बहुराष्ट्रीय समूह के बीच ट्रांसफर उत्पादों या सेवाओं का मूल्य निर्धारित किया जाता है तो उसे ट्रांसफर प्राइसिंग कहा जाता है। यह ऐसा तरीका है, जिसका इस्तेमाल उन कीमतों को निर्धारित करने में किया जाता है जिन पर समूह की अलग-अलग इकाइयां एक-दूसरे से लेनदेन करती हैं।

**रेजरपे: भरने पड़ सकते हैं 30 करोड़ डॉलर**

डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म रेजरपे ने अपनी मूल कंपनी को एक क्रॉस-कंट्री विलय के माध्यम से भारत में स्थानांतरित करने की योजना बनाई है। इस वजह से रेजरपे को 25 से 30 करोड़ डॉलर तक कर भुगतान करना पड़ सकता है। यह विलय अमेरिका में पंजीकृत कंपनी और उसकी भारतीय शाखा के बीच होगा। रेजरपे और उसके निवेशकों ने विलय का कम मूल्यांकन आंका है, जबकि 2021 में इसका मूल्यांकन 7.5 अरब डॉलर से ज्यादा था।

# ग्लोबल मार्केट में तेजी के बीच सेंसेक्स 742 अंक चढ़ा, निफ्टी 232 अंक मजबूत

***मुंबई।*** *लोकल शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 742 की बड़ी बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच अमेरिका में महंगाई के अनुकूल आंकड़ों के साथ घरेलू बाजारों में उछाल आया। अमेरिका में मुद्रास्फीति को लेकर रिपोर्ट उत्साहजनक होने से केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में और वृद्धि नहीं करने की संभावना बढ़ी है।*



तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 742.06 अंक यानी 1.14 प्रतिशत उछलकर 65,675.93 अंक पर बंद हुआ कारोबार के दौरान, यह एक समय 813.78 अंक तक चढ़ गया था। नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 231.90 अंक यानी 1.19 प्रतिशत बढ़कर 19,675.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, विप्रो, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और पावर ग्रिड शामिल हैं एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त में रहे थे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.83 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,244.44 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। शेयर बाजार मंगलवार को बलि प्रतिपदा के मौके पर बंद रहे थे। इससे पहले, बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 325.58 अंक और निफ्टी 82 अंक नीचे आया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में चार माह के निचले स्तर 4.87 प्रतिशत पर आ गयी। मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम में नरमी से महंगाई कम हुई है। वहीं थोक मुद्रास्फीति में लगातार सातवें महीने गिरावट आई और यह शून्य से 0.52 प्रतिशत नीचे रही।

# अक्टूबर में निर्यात 6.21 प्रतिशत बढ़कर 33.57 अरब डॉलर हुआ, आयात में भी इजाफा

***नई दिल्ली।*** *सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार देश का निर्यात इस साल अक्तूबर में 6.21 प्रतिशत बढ़कर 33.57 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 31.6 अरब डॉलर रहा था।*



आयात भी अक्तूबर महीने में बढ़कर 65.03 अरब डॉलर हो गया, जो अक्तूबर 2022 में 57.91 अरब डॉलर था। देश का व्यापार घाटा अक्तूबर में 31.46 अरब डॉलर रहा।
अप्रैल से अक्तूबर के बीच निर्यात 244.89 अरब डॉलर रहा चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्तूबर अवधि में निर्यात सात प्रतिशत घटकर 244.89 अरब डॉलर रहा। सात महीने की अवधि के दौरान आयात 8.95 प्रतिशत घटकर 391.96 अरब डॉलर रह गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि अक्टूबर में व्यापार के आंकड़े सकारात्मक बदलाव को दर्शाते हैं।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 61800 चांदी रिफाइन - 72800

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 61800 चांदी रिफाइन - 72800


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.14 |
| एक यूरो | 90. 37 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103 . 64 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 26 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 110 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -76 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 150 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत : वित्त मंत्री

***नई दिल्ली।*** *वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को उम्मीद जताई है कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। सीतारमण ने नई दिल्ली में हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि दर इस वर्ष के दौरान सात प्रतिशत से कुछ कम रहने का अनुमान है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सही रास्ते पर है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही है।*

उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत को प्रभावित करने वाले समकालीन संघर्षों के कारण आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और आर्थिक अशांति के बीच, चाहे वे अपेक्षाकृत दूर यूक्रेन में हो या अपेक्षाकृत निकट इस्राइल या यमन में, और दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में व्याप्त तनाव के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था एक उज्ज्वल स्थान पर खड़ी है। वित्त मंत्री ने कहा, आईएमएफ के आम तौर पर रूढ़िवादी अनुमानों के अनुसार भी भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के लिए तैयार है, क्योंकि इसकी जीडीपी पांच ट्रिलियन डॉलर के स्तर को पार कर गई है। 2047 तक भारत एक विकसित अर्थव्यवस्था बनना चाहता है। भारत की ब्लू इकोनॉमी के बारे में उन्होंने कहा कि यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग चार प्रतिशत है और यहां बड़े पैमाने पर अवसर मौजूद हैं।



वित्त मंत्री ने कहा कि भारत के तटों पर 9 राज्य और 4 केंद्र शासित प्रदेश स्थित हैं, इसकी तटरेखा के साथ 12 प्रमुख व 200+ गैर-प्रमुख बंदरगाह स्थित हैं। भारत के पास अंतरराष्ट्रीय और घरेलू व्यापार के लिए नौगम्य जलमार्गों का एक विशाल नेटवर्क है। अंकटाड के अनुसार, भारत 2020 में विकासशील देशों के बीच महासागर आधारित वस्तुओं और सेवाओं का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक था। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि हिंद-प्रशांत निस्संदेह दुनिया का सबसे आर्थिक रूप से गतिशील क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि इसमें वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत और वैश्विक व्यापारिक व्यापार का करीब 50 प्रतिशत शामिल है। मंत्री ने कहा कि दूसरी ओर हिंद-प्रशांत भी एक भू-राजनीतिक रूप से विवादित क्षेत्र है, जो बड़ी ताकतों में प्रतिस्पर्धा से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत अपनी आर्थिक वृद्धि को तेज कर रहा है और अपनी विशाल जनता का उत्थान कर रहा है, उन्हें गरीबी से समृद्धि की ओर ले जा रहा है, वह अपनी व्यापक राष्ट्रीय ताकत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना कद बढ़ा रहा है। सीतारमण ने कहा, ''आज भारतीय चाहे देश में हों या विदेश में सिर ऊंचा करके खड़े होते हैं, चलते हैं, बात करते हैं और काम करते हैं... दुनिया भारत की उपलब्धियों तथा सफलताओं की सराहना करती है और कई संकट के बीच उसकी जुझारू क्षमता की सराहना की जाती है'' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय निर्यात के मामले में भारत की वैश्विक रैंकिंग 2014 में 44वें स्थान से बढ़कर 2023 में 22वें स्थान पर पहुंच गई है। सीतारमण ने कहा कि इसी तरह विश्व बैंक की लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारतीय बंदरगाहों का टर्न-अराउंड टाइम (एक जहाज के किसी स्थान पर जाने और वहां से वापस आने का समय) अब केवल 0.9 दिन है, जो सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, रूस और दक्षिण अफ्रीका जैसे स्थापित समुद्री केंद्रों के बंदरगाहों से कम है।

# श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 व 111 गेहूं बीज से मिल रही किसानों को बेहतर उत्पादकता

***मुंबई।*** *मध्य प्रदेश के किसानों ने बताया कि डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की युनिट श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की ओर से पेश किए गए श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 और 111 गेहूं बीज से उनकी उत्पादकता बढ़ी है। श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने किसानों की फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए लिए आधुनिक एवं अनुसंधान-उन्मुख प्रोडक्ट्स विकसित किए हैं।*

कई वर्षों से श्रीराम सुपर 111 और श्रीराम सुपर 1- एसआर-14 गेहूं बीज मध्य प्रदेश के किसानों में बेहद लोकप्रिय हैं। श्रीराम फर्टिलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा इन किस्मों को तैयार किया गया है। श्रीराम सुपर 111 और 1-एसआर-14 गेहूं बीज इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनका दाना बड़ा, कठोर और चमकदार है, साथ ही इनकी गेहूं से बनी चपाती बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है। और सबसे खास बात यह है कि बदलती प्रकृति से उभर रही नई-नई चुनौतियों में भी इन किस्मों के परिणाम श्रेष्ठ हैं। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं। रेवा के एक अनुभवी किसान पुरषोत्तम सिंह जी ने अपने खेत में श्रीराम सुपर 1- श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 और 111 गेहूं बीज से मिल रही किसानों को बेहतर उत्पादकता -14 गेहूं बीज की बुवाई की थी और वे इसके बेहतर परिणाम से काफी प्रभावित हुए हैं। उनका कहना है कि इसमें कल्लों की संख्या अधिक और बालियों की लम्बाई काफी ज़्यादा है, साथ ही साथ उन्हें प्रति बाली दानों की संख्या 60-65 प्राप्त हुई। वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 1-एसआर-14 लगाने की सलाह देते हैं। साथ ही साथ श्रीराम द्वारा बाज़ार में दी जा रही किस्म श्रीराम सुपर 111 से किसान बहुत खुश हैं व उत्तम परिणाम पा रहे हैं।

# वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के लिए अनमोल इंडिया लिमिटेड ने शानदार वित्तीय परिणामों की घोषणा की

***लुधियाना।*** *सप्लाई चेन मैनेजमेंट इंडस्ट्री, कमोडिटी ट्रेडिंग और कोयला आयात में लीडिंग प्लेयर्स में से एक, अनमोल इंडिया लिमिटेड (बीएसई- 542437, एनएसइ- अनमोल) ने 30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अन ऑडिटेड फाइनेंशियल परिणामों की घोषणा की है।*

30 सितंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए, ऑपरेशनल रेवेन्यू 63.95 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 130.64 करोड़ रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 214.19 करोड़ रुपये हुआ, यह मुख्य रूप से वॉल्यूम में वृद्धि, नई वस्तुओं के व्यापार के प्रभाव, अनमोल ऐप के नए वर्जन के इंप्लीमेंटेशन द्वारा टेक्नोलॉजी के अपग्रेडेशन और पहले गठित स्ट्रेटिजिक कमेटी की रणनीतियों के परिपालन पर आधारित है। एबिटा 98.79 प्रतिशत बढ़ गया,जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 4.97 करोड़ रुपये से फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 9.88 करोड़ रुपये पहुंचा। एबिटा मार्जिन फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 3.76 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 80 बीपीएस द्वारा बढ़कर 4.56त्न हो गया। कंपनी का शुद्ध लाभ 70.05 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 1.97 करोड़ रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 3.35 करोड़ रुपये पहुंचा। शुद्ध लाभ मार्जिन फाइनेंशियल ईयर 23 की दूसरी तिमाही में 1.49 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही में 6 बीपीएस द्वारा 1.55 प्रतिशत हो गया। फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही के परफॉर्मेंस पर कमेंट करते हुए, मैनेजमेंट ने कहा कि, हमारे फाइनेंशियल ईयर 24 की दूसरी तिमाही के परिणाम हमारे समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण के प्रमाण के रूप में खड़े हैं। भविष्य को देखते हुए, अनमोल इंडिया लिमिटेड टेक्नोलॉजी-ड्रिवन सॉल्यूशंस के माध्यम से अपने व्यापार संचालन को और बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक यात्रा शुरू कर रहा है। हमारे अनमोल कोल मोबाइल ऐप, जिसमें हाल ही में महत्वपूर्ण अपडेट हुए हैं, को हमारे यूजर्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। प्राइस डिस्कवरी,बिडिंग और डीप लिंक जैसी सुविधाओं के शुरू होने से क्लाइंट जुड़ाव में काफी सुधार हुआ है। हम इस सफलता को आगे बढ़ाने और अपने सप्लाई चेन मैनेजमेंट सिस्टम में टेक्नोलॉजी को और एकीकृत करने के अपने दृष्टिकोण को लेकर दृढ़ हैं। हमारा लक्ष्य एक सीमलेस और अधिक कुशल प्रणाली बनाना है जो प्रौद्योगिकी का उसकी पूरी क्षमता से उपयोग करे और अंततः हमारे ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करे। यह दृष्टिकोण कमोडिटी ट्रेड इंडस्ट्री में इनोवेशन के मामले में सबसे आगे रहने की हमारी प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।


देशबन्धु

## ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# अखिलेश की सभा में भगदड़, कलश लिए बच्चियां घायल

## महिलाओं-बच्चों को पैसे देकर बुलाने का लगा आरोप



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले के बारीगढ़ में अखिलेश यादव की सभा में देर शाम भगदड़ मचाने और उसमें महिलाओं बच्चों के दबने का मामला सामने आया है। यहां अखिलेश के स्वागत में कलश लिए नाबालिग बच्चियां और महिलाएं इस भगदड़ में दबकर हुई चोटिल और घायल हो गई हैं। उनका आरोप है कि पैसों और मिठाई का लालच देकर उन्हें यहां बुलाया गया और कुछ भी नहीं दिया गया। ऊपर से यह हादसा हो गया सो अलग।

जानकारी के मुताबिक जिले की चंदला विधानसभा क्षेत्र के जुझारनगर/बारीगढ़ में मंगलवार देर शाम अखिलेश यादव की चुनावी सभा और रोड शो देर शाम शुरू हुआ। इसमें अखिलेश यादव चंदला विधानसभा के प्रत्याशी पुष्पेंद्र अहिरवार के पक्ष में यह सभा और रोड शो कर रहे थे। इसी दौरान जैसे ही अखिलेश यादव का रथ सभा और कलश स्थल के पास पहुंचा तो महिलाओं के साथ नाबालिग और छोटी बच्चियां सिर पर कलश लिए खड़ी थीं।

अखिलेश रथ से उठकर उसके गेट तक आए, जिससे उनसे मिलने और देखने वालों में होड़ लग गई और गेट की तरफ भागे। इससे भगदड़ मच गई और कलश दोनों हाथों से पकड़े महिलाएं और बच्चे खुद को संभाल न सके और इस भगदड़ में कलश लिए नीचे गिर गईं। इस दौरान उन्हें भीड़ अपने पैरों से कुचलती रही।

**पूर्व पंचायत अध्यक्ष ने आरोप नकारा**

उत्तर प्रदेश महोबा जिले की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अंशु शिवहरे की मानें तो सपा हाईकमान ने उन्हें इस विधानसभा कि कमान दी हुई है और आज वे यहां सैकड़ों महिलाओं के साथ अखिलेश यादव का रोड शो सभा और स्वागत कर रही थीं। वहीं कैमरे पर उनके पति ने बच्चों और महिलाओं के कलश लेने की बात को स्वीकारी, पर पैसे और भगदड़ के मामले को वे सिरे से नकारते नजर आए।

**कुछ देर बच्चों की सांसें रुक गई**

हादसे में घायल मत्थी बाई का कहना है कि हम लोग अखिलेश के स्वागत में कलश लिए खड़े थे वहां से जनता गिरी और लोग हमारे ऊपर चढ़ बैठे। इसमें हम और हमारे बच्चे दब गए। हमें और बच्चों को अंदरूनी चोटें आई हैं। कुछ देर तक तो बच्चों की सांस नहीं निकलीं, जिससे हम घबरा गए थे।

### बच्ची भगदड़ में दब गई

हादसे में घायल बारीगढ़ की ही रहने वाली कक्षा 4 में पढ़ने वाली सोहनी ठाकुर वह रोती रही। कुछ देर बाद वह सामान्य हुई और फिर अपने साथ हुई घटना को बताया। वह बताती है कि वह और उसके साथ की छोटी बड़ी बच्चियां अखिलेश यादव के स्वागत में कलश लिए खड़ी हुईं थीं। इसी दौरान भीड़ उन पर गिरी और वे दबकर घायल हो गईं। इससे उसके चेहरे और हाथ पैर में चोटें आई हुईं हैं।

वहीं कक्षा पांच में पढ़ने वाली अनीता बताती है कि भगदड़ मच गई तो लोगों ने कुचल दिया और हमारे ऊपर पैर रखकर निकल रहे थे हमें दबा दिया था। घायल महिला बोली कि भीड़ जान लेने पर उतारू थी।

एक कलश के पीछे हम दोपहर 3 बजे से कलश लिए खड़े हैं, हमें कलश लेने के लिए बुलाया था, बोले थे पैसे देंगे। लड़की को ऊपर से कुचल दिया, अगर मर जाती तो कौन वापिस दिलाता। बोले थे 100-100 रुपये मिलेंगे, मिठाई के डिब्बे मिलेंगे, बर्तन मिलेंगे और कुछ नहीं मिला।

# पारा लुढ़ककर 14.2 डिग्री पर आया



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में मौसम का मिजाज करवटे बदल रहा है। रात में गुलाबी ठंड तो दिन में गर्मी लोगों को सता रही है। फिलहाल दिन में अभी भी लोगों के घरों में पंखे चालू किये जा रहे हैं। बुधवार सुबह शहर का न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस मापा गया जो सामान्य से 01 डिग्री कम था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दो-तीन दिनों तक स्थिर रहने के बाद पारा और नीचे जाएगा। हाल-फिलहाल आसमान पर बादलों का डेरा है। बादलों के पूरी तरह छंटते ही पारा गोता लगाएगा।

दिवाली बाद से एक बार फिर तापमान में कमी आनी शुरू हो गई है। इन दिनों बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया बना हुआ है, इसके असर से अगले दो दिन बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार अभी हवाओं की गति उत्तर-पश्चिमी बनी हुई है। और बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर के चलते आसमान पर छाए बादलों के कारण तापमान में तेज गिरावट नहीं आ रही है। आसमान से बादलों की परत हटते के साथ ही हवाओं की गति पूरी तरह से उत्तरी हवाओं के आने के क्रम के साथ ही ठंड गति पकड़ेगी। कल शाम को शहर का अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 01 डिग्री अधिक रहा। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है।

# बालाघाट में अलर्ट- जवानों ने नक्सली क्षेत्र में आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से की सर्चिंग

**बालाघाट, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन सक्रिय है। बाहर से भी भारी तादाद में पुलिस बल बुलाया गया है। इसके साथ ही बालाघाट में 17 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन अमला और पुलिस अमला सजगता से काम कर रहे हैं।

बीते वर्षों में बालाघाट पुलिस ने कुख्यात और बड़े इनामी नक्सलियों को मार गिराने में बड़ी सफलता हासिल की थी। इससे नक्सली अब तक चुपचाप बैठे हैं। बालाघाट पुलिस ने चुनाव में नक्सलियों को लेकर कई लेयर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस का सर्चिंग अभियान जारी है, चुनाव के एक सप्ताह पहले से पुलिस ने नक्सली क्षेत्र में एंटी सेबोटाइज चेकिंग को बढ़ा दिया है। संवेदनशील क्षेत्र में सतत भ्रमण कर निगरानी रखी जा रही है। एसपी समीर सौरभ ने बताया कि बालाघाट जिला नक्सल प्रभावित जिला होने से एक दर्जा से अधिक बॉम्ब डिटेक्शन एवं डिस्पोजल स्कॉड की टीम दुर्गम सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सघन चेकिंग कर रही है। इसमें नक्सल प्रभावित पितकोना, जैतपुरी, चौरिया, मुक्की, भैंसानघाट, खुर्सीपार, सोनगुड्डा, सुंदरवाही दुल्हापुर सहित अन्य क्षेत्र में मतदान केंद्रों, सड़क, पुल-पुलिया और संदिग्ध स्थानों में स्नीफर डॉग, डिटेक्टर एवं अन्य आधुनिक उपकरण की सहायता से एंटी सेबोटाज चेकिंग कराई जा रही है। केन्द्रीय सुरक्षा बल एवं हॉकफोर्स द्वारा रोड ओपनिंग पार्टी, एरिया डोमिनेशन, जंगल सर्चिंग कर सभी नक्सल पोलिंग बूथों को पृथक से सुरक्षित किया गया है।

इसमें हॉकफोर्स और सीआरपीएफ की 30 प्लस 15 मिलकर कुल 45 टुकड़ी नक्सल प्रभावित रोड पर एंटी माईंस व्हीकल को निरंतर चलाया जा रहा है।

# पुलिस वाले से मारपीट कर बदमाशों ने सर्विस रिवॉल्वर छीनी

## कुछ ही घंटों में आरोपी गिरफ्तार, रिवॉल्वर बरामद



**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर जिले के अमरकंटक थाने में पदस्थ एएसआई ईश्वर यादव पर आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया है। अमरकंटक-राजेन्द्र ग्राम मुख्य मार्ग पर ग्राम नोनघटी के पास 8 से 10 बदमाशों ने मोटर सायकिल रोककर एएसआई को मार पीट कर घायल कर दिया। और उनकी सर्विस रिवॉल्वर लूट कर भाग निकले। सूचना मिलते ही थाना अमरकंटक की टीम मौके पर पहुंची। और तत्काल एएसआई यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेन्द्र ग्राम में भर्ती कराया।

यहां पर वह करीब पांच घंटे बेहोश रहे। मंगलवार देर रात उन्हें जिला अस्पताल अनूपपुर रेफर कर दिया गया। वारदात कें बाद पुलिस हरकत में आयी और अरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। होश में आने के बाद एएसआई यादव ने बताया कि वह फ्लैग मार्च ड्यूटी में थे। यहां से अपनी मोटर सायकिल से कटनी जा रहे थे। कंट्रोल रूप अनूपपुर से सूचना पर उन्हें कटनी से अमरकंटक पुलिस बल लाना था। उनके पास एक शासकीय पिस्टल और पांच कारतूस थे। रात करीब 8 बजे जैसे ही ग्राम नोनघटी पहुंचे तभी अमरकंटक-राजेन्द्रग्राम मुख्य मार्ग पर करीब 8-10 लड़के आने जाने वाले बाइक सवारों को परेशान कर रहे थे। लड़कों ने उन्हें भी रोका, उन्होंने पीछे हटकर उप निरीक्षक बीएम गौलिया थाना अमरकंटक को सूचित किया।

इतने में बदमाश उनके पास आये और मारपीट करने लगे। जिससे उन्हें सीने और पसली में आंतरिक गंभीर चोट आयी है। बदमाश इतनी देर में उनकी सर्विस रिवॉल्वर छीन कर भाग गये।

**एडीजीपी मौके पर पहुंचे-** घटना के बाद अमरकंटक फ्लैग से लौटते हुये शहडोल जोन के एडीजीपी डीसी सागर और पुलिस अधीक्षक अनूपपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेन्द्रग्राम पहुंचे। सुबह होने से पहले ही अमरकंटक पुलिस ने ग्राम नोनघटी में परतम सिंह गोड, सुल्तान सिंह, हीरा रतन सिंह, चमरू सिंह धुर्वे, बबलू उर्फ यशपाल सिंह मरावी, भूरा सिंह धुर्वे, प्रताप सिंह मरावी, रवन सिंह टेकाम, हेमराज सिंह मरावी, आनंद सिंह धुर्वे को गिरफ्तार का सर्विस रिवॉल्वर बरामद कर ली है।

# कुरकुरे बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी जिले में कुरकुरे बनाने वाली फैक्ट्री में मंगलवार देर शाम आग लग गई, जिसकी चपेट में आई मशीनरी सहित रॉ-मटेरियल जलकर राख हो गया। आग इतनी भीषण थी कि 16 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पानी डाल चुकी हैं।

बावजूद इसके आग शांत होने का नाम नहीं ले रही है। नगर निगम कमिश्नर विनोद कुमार शुक्ल ने बताया कि आग की सूचना पर यहां पहुंचे हैं, जहां अब तक नगर निगम की पांच फायर ब्रिगेड की गाड़ी 12 राउंड लगाकर पानी डाल चुकी हैं, वही आग भीषण है। इसलिए जिले की अन्य तीन नगर परिषद सहित पड़ोसी जिले जबलपुर के सिहोरा से फायर ब्रिगेड मंगवाई हुई है। हमारी कोशिश है जल्द आग पर काबू पा लिया जाए। उल्लेखनीय है कि नितिन ट्रेडर्स की पूरी फैक्ट्री करीब 30 हजार वर्ग फीट में फैली हुई है, जिसमें नाइस ब्रांड के कुरकुरे बनाने से लेकर पैक करने वाली मशीन सहित रॉ-मैटेरियल रखा हुआ था। जो फिलहाल आग की जद में आकर राख हो चुका है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए संचालक के भाई अजीत परियानी ने बताया कि आग करीब साढ़े सात बजे लगी, जिसके बाद से ही राहत बचाव कार्य जिला प्रशासन के माध्यम से जारी है। आग लगने से करीब 6 से 7 करोड़ का नुकसान हुआ है, ये आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। फिलहाल, जिला प्रशासन पानी से आग बुझाने का कार्य लगातार जारी रखे हुए है।

# गोटेगांव में तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई

## दो की मौत, एक घायल जबलपुर रेफर




**जबलपुर/नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव थाना क्षेत्र में बाइक के पेड़ से टकराने के कारण हुए हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार देर रात रामनिवारी गांव के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। इस वजह से बाइक सवार रंजीत ठाकुर (28) और मन्नू ठाकुर (24) की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। आशिक झारिया नाम का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए जबलपुर भेजा गया है। दोनों मृतकों का बुधवार सुबह गोटेगांव में पोस्टमार्टम करवाया गया और शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।








**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 88

मीडियम ब्रॉयलर - रु.106

छोटा ब्रॉयलर - रु. 116

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 120

मुर्गा मीडियम - रु. 110

मुर्गा बड़ा - रु. 92

मुर्गा जम्बो - रु. 82

मो.-9039925000, 9425800409






# विनम्र अपील

## दिल की बात.....



मेरे छिंदवाड़ा के प्रिय भाइयों, बहनों और युवा साथियों,
आप सभी का सादर अभिवादन।

आज में आपसे अपने दिल की बात करूंगा क्योंकि दिल की बात उन्हीं से की जाती है, जो दिल में बसते है। मेरे दिल में बसने वाले छिंदवाड़ा वासियों के लिए मैंने अपना आज तक का पूरा जीवन समर्पित किया है और मुझे भी आपका भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिला है। मैं इस देश का ऐसा अकेला सौभाग्यशाली जनसेवक हूँ जिसे तीन पीढ़ियों ने लगातार अपना प्यार और आशीर्वाद दिया, जिसके बल पर में 42 वर्षों से लगातार अपनी कर्मभूमि छिंदवाड़ा और आपकी सेवा करते आ रहा हूँ। मेरे छिंदवाड़ा के साथियों में आपकी सेवा करते हुये अभी थका नहीं हूँ और न ही कभी थकूंगा ऐसा विश्वास मुझे है। मैं छिंदवाड़ा की इस महा विकास यात्रा का सारथी हूँ।

आपके विश्वास से 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने पर मुझे अपने छिंदवाड़ा के साथ-साथ मध्यप्रदेश की सेवा का अवसर मिला था. परंतु संविधान का अनादर कर सौदेबाजी से बनी भाजपा सरकार ने हमारे छिन्दवाड़ा से जो छल किया उसे आपने ना केवल देखा है बल्कि भोगा भी है। आज अधूरा मेडिकल कॉलेज, बदहाल यूनिवर्सिटी, बेबस हार्टिकल्चर कॉलेज और अपना अस्तित्व तताशता एग्रीकल्चर कॉलेज हमारे छिंदवाड़ा पर गहरे जख्मों की तरह हैं। जिले में हरित क्रांति लाने वाली सिंचाई परियोजनायें, पेयजल परियोजनायें, नये शिक्षण संस्थान, सुगम यातायात के साधन और नगर सौन्दर्यीकरण की योजनाओं से लेकर अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं, रोजगार मूलक योजनायें, उद्यमिता योजनायें, किसानों की कर्जमाफी, किसानों की फसल पर बोनस, विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की योजना आदि से हमें जो अधिक मजबूती प्रदान करने वाली योजनाओं से मिलने वाली सहायता सब की सब रोक दी गई। इस तरह छिन्दवाड़ा के विकास और भविष्य पर ताला लगाने का काम भाजपा की सरकार ने किया है, ये पूरी सच्चाई आपके सामने है।

साथियों, आपका सांसद, आपका मंत्री और आपका मुख्यमंत्री रहते मुझसे जो बन सका वो सब मैंने हमेशा आगे बढ़कर किया है और यह सब आपकी प्रेरणा से नकुल भी निरंतर आपकी सेवा कर रहा है।

आपकी जागरूकता और आपके स्वाभिमान के फलस्वरूप आज सम्पूर्ण देश में छिन्दवाड़ा मॉडल के विकास की चर्चा बड़े गर्व से होती है। छिंदवाड़ा मॉडल हम सबके लिए सम्मान का विषय है और अब हमें अवसरवादियों के हर षड्यंत्र को विफल करते हुये छिन्दवाड़ा मॉडल को और आगे बढ़ाना है, हम सब ऐसा छिन्दवाड़ा मॉडल बनाएंगे जो आने वाली पीढ़ी अपने दिल की बात और अपने सुनहरे सपनों को साकार कर सके। मेरी इस महा विकास यात्रा में ''खुशहाल छिंदवाड़ा - खुशहाल मध्यप्रदेश'' मेरा संकल्प है जो हम सब मिलकर पूरा करेंगे।

साथियों, हमारा मध्यप्रदेश नई सोच और नई दिशा के साथ आगे बढ़ना चाहता है। 18 वर्षों से सत्ता में काबिज भाजपा सरकार ने घोटाले और भ्रष्टाचार, बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़, सरकारी नौकरियों में सौदेबाजी, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, आदिवासियों, अनुसूचित जातियों और किसानों पर अत्याचार कर प्रदेश को गंभीर स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है, हमें इस तस्वीर को बदलना होगा। आपकी ताकत से हमने कोरोना महामारी को हराया था, अब हम सब इस विकास विरोधी भाजपा को भी हरायेंगे।

मैंने खुशहाल मध्यप्रदेश के संकल्प को पूरा करने के लिये वचन-पत्र जारी किया है, जो आमजनों की खुशहाली के लिए है, जिसे हम कांग्रेस की सरकार बनने पर पूरा करना प्रारम्भ कर देंगे।

मैंने आपके सामने अपनी दिल की बात खुलकर रखी है, मेरी आपसे विनम्र अपील है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में आपका प्यार और विश्वास एक निर्णायक मत के रूप में कांग्रेस के प्रत्याशियों को मिले जो अपने छिन्दवाड़ा व अपने मध्यप्रदेश की नई दिशा तय करने में महत्वपूर्ण योगदान के रूप में होगा। आपका कांग्रेस प्रत्याशी को दिया गया मत और समर्थन जो मुझे सीधे मिलेगा।

**आपके हर सुख-दुख में साथ....**

**आपका अपना कमलनाथ**

**(कमलनाथ)**

**मतदान का दिनांक - 17 नवम्बर, 2023 (शुक्रवार)**

**मतदान का समय - प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे**

**कांग्रेस आएगी, खुशहाली लाएगी**